सुप्रभात

रांची, सोमवार

12.12.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 149



12 जैकलीन फर्नांडीस ने बन-ठन कर कराया फोटोशूट

## न्यूज डायरी

### फीफा कप : अर्जेंटीना-क्रोएशिया फ्रांस-मोरक्को में अब भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** चैंपियन फ्रांस, दो बार की विजेता अर्जेंटीना के साथ-साथ क्रोएशिया और मोरक्को की टीम फीफा वर्ल्ड कप के अंतिम-4 में पहुंच चुकी है। इस राउंड में भी उलटफेर का दौर जारी रहा। ब्राजील, इंग्लैंड , पुर्तगाल जैसी दिग्गज टीमें क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गयीं। अब 14 को पहले सेमीफाइनल में अर्जेंटीना और क्रोएशिया तथा 15 को दूसरे सेफा में फ्रांस और मोरक्को की भिड़ंत होगी। शनिवार की रात इंग्लैंड को हरा कर फ्रांस अंतिम चार में पहुंचा।

### सीएम हेमंत की आज गुमला में जोहार यात्रा

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को हवाई मार्ग से 12 बजे पुगू हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे । इसके बाद वहां पर आयोजित खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। सभा समाप्ति के बाद सोरेन गुमला परिसदन पहुंचेंगे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से 3 :50 बजे लोहरदगा के लिए प्रस्थान करेंगे। अगले दिन 13 दिसंबर को वे गुमला और लोहरदगा जिला की संयुक्त समीक्षा करेंगे। खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### नक्सलियों का मंसूबा फेल फिर 12 आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोन्टो थाना क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान रविवार को रंगाहातु गांव के कोचाबाधा जंगल से सुरक्षाबलों ने पांच- पांच किलो का 12 आइइडी बम बरामद किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से बम लगाया गया था, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों की सक्रियता से नक्सलियों का मंसूबा एक बार फिर से विफल हो गया। शनिवार को भी दस आइइडी बम बरामद किया था।

### दुमका में 10 दिवसीय सरस मेला शुरू

**दुमका।** मंत्री आलमगीर आलम ने रविवार को दुमका के गांधी मैदान में 10 दिवसीय राज्यस्तरीय सरस मेला का उद्घाटन किया। मेले में महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्रियों के 150 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। देश के कई दूसरे राज्य के भी स्टॉलों को इस सरस मेले में जगह दी गयी है।

### गोमियां के एक प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**बोकारो।** गोमियां प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के करी खुर्द के मजदूर की मुंबई में शनिवार देर शाम को मुम्बई में मौत हो गयी। उसकी पहचान सोमर महतो के पुत्र जगरनाथ महतो (45) की में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सकते में है तो वहीं गांव वाले भी शोक में हैं।

### ओबीसी आरक्षण पर सुनवाई 13 जनवरी को

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 13 जनवरी को होगी। इस दौरान झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को इस मामले में कोर्ट के नोटिस पर जवाब भी देना है। यह सुनवाई गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा दाखिल अवमाननावाद के मामले में होगी।

### गिरिडीह में मां-बेटी की संदिग्ध हालत में मौत

**गिरिडीह।** एक ही कमरे में महिला और उसकी छह माह की बेटी की लाश मिली है। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत टेंगरा खुर्द पंचायत के लकरगड़ा टोला की है। मृतका स्थानीय प्रकाश महतो की पत्नी अंजनी देवी (22) और बेटी नैना कुमारी(6 माह) थी। घटना की सूचना पर निमियाघाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गयी है। घटना को लेकर कई अटकलें चल रही हैं।

---

राजधानी रांची पहुंची हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी, अनावरण कर सीएम हेमंत सोरेन बोले

# ऐसे प्रदर्शन से हॉकी के प्रति बनेगा माहौल

### राउरकेला में 13 जनवरी से पुरुष हॉकी विश्व कप प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रविवार को रांची में मेंस हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हॉकी इंडिया और खिलाड़ियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। आगमी 13 जनवरी, 2023 से ओड़िशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में विश्व कप का आयोजन हो रहा है। सीएम ने कहा कि देश के कई राज्यों में ट्रॉफी को प्रदर्शन के लिए रखे जाने से हॉकी के प्रति माहौल बनेगा।

**रांची पहुंची मेंस हॉकी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी :** मेंस हॉकी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जमशेदपुर के बाद रविवार को



झारखंड की राजधानी रांची पहुंच गयी है। यहां सीएम हेमंत सोरेन ने इस ट्रॉफी का अनावरण किया। सीएम ने कहा कि हॉकी में झारखंड काफी धनी है। झारखंड ने कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दिये हैं। सभी ने अपनी प्रतिभा के दम पर झारखंड ही नहीं देश का मान उंचा किया है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस ट्रॉफी को देश के कई राज्यों के कई शहरों में ले जाया जा रहा है। **(शेष पेज 11 पर)**

### झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं : सीपी

विधायक सीपी सिंह ने इस मौके पर कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं। भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर ट्रॉफी टूर का आयोजन हुआ है, जो गर्व की बात है। भोला नाथ सिंह ने भी हॉकी इंडिया के प्रयास को सराहनीय बताया। अंसुता लकड़ा ने कहा बहुत गर्व की बात हैं की झारखंड में वर्ल्ड कप आया है। यह युवाओं को प्रेरणा देगा।सुमराय टेटे ने कहा यह ट्रॉफी पहली बार झारखंड आया हैं, लोगों को जागरूक करने के लिए ट्रॉफी टूर किया जा रहा है, इससे लोगों को प्रेरणा मिलेगी।

### बिरसा मुंडा वर्ल्डवाइड हॉकी स्टेडियम में होगा मैच

राउरकेला में प्रतियोगिता का आयोजन बिरसा मुंडा स्टेडियम में होगा। विश्व के पहले इस इको फ्रेंडली स्टेडियम का नाम झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर बिरसा मुंडा वर्ल्डवाइड हॉकी स्टेडियम रखा गया है। 15 एकड़ में बना यह दुनिया का पहला इको फ्रेंडली और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम है। 27 हजार दर्शकों की क्षमता वाला यह भारत का सबसे बड़ा हॉकी का स्टेडियम होगा। ओडिशा सरकार ने पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाने का जिम्मा दिया था। 12 महीने में काम पूरा करना था, जो लगभग हो चुका है। 300 करोड़ से हॉकी के इस मैदान को हर मौसम के अनुकूल बनाया गया है। 20,393 दर्शकों की क्षमता वाला बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम कई मामलों में खास है। यहां हर सीट की बनावट ऐसी है कि दर्शक दुनिया के किसी भी स्टेडियम के मुकाबले पिच के ज्यादा करीब होंगे। स्टेडियम में प्रैक्टिस पिच और चेंजिंग रूम को जोड़ने के लिए एक टनल है। फिटनेस सेंटर, रिकवरी केंद्र और पिच के पास हाइड्रोथेरेपी पूल बनाया गया है।

---

# इडी कार्रवाई से सरकार को कोई खतरा नहीं : आलम

## सिर्फ कामकाज प्रभावित होता है, पूरे पांच साल चलेगी सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इडी की कार्रवाई के बावजूद सरकार को कोई खतरा नहीं है। हेमंत सरकार अपना पांच का कार्यकाल पूरा करेगी। हां यह जरूर है कि इन सबसे मेंटल डिप्रेशन होता है और विकास का काम प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने से विपक्ष घबरा गया है। इस कारण ऐसी साजिश की जा रही है। वह रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मंत्री श्री आलम ने हाल के दिनों में लगातार हो रही इडी की कार्रवाई पर कहा कि झारखंड सरकार ने सोच लिया है कि जब तक केंद्र में ऐसी सरकार रहेगी, हमें इसी माहौल में काम करते रहना होगा।



एक पैर कभी बाहर रहेगा, कभी अंदर। उन्होंने कहा कि इन सब से सरकार को कोई खतरा नहीं है। हां, मेंटल डिप्रेशन होता है। काम की क्षमता प्रभावित होता है लेकिन जनता ने जो हमें आशीर्वाद दिया है उनके लिए हमें काम करना है।

**कभी टेंडर मैनेज नहीं किया :** आलमगीर आलम ने जोर देकर कहा कि उनपर जो टेंडर मैनेज करने के लिए फोन पर बातचीत करने का आरोप लगाया जाता है, वह सरासर बेबुनियाद और गलत है। अपने 20 साल के राजनीतिक जीवन में आज तक किसी को टेंडर संबंधित कार्य को लेकर फोन नहीं किया। भाजपा द्वारा उनसे इस्तीफा मांगे जाने के सवाल पर कहा कि श्री आलन ने कहा, मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है। हमने कोई गलत काम नहीं किया। अगर कोई आरोप लगा देता है, तो उससे यह साबित नहीं हो जाता कि हमने गलती की है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे ऊपर लगे आरोप साबित हो जाते हैं तब उस वक्त तय करेंगे कि हमें क्या करना है। इस मौके पर मंत्री बादल पत्रलेख, दुमका विधायक बसंत सोरेन, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी अंबर लकड़ा, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा एवं उपाध्यक्ष सुधीर मंडल उपस्थित थे।

---

# 15 फरवरी से होंगी बोर्ड की परीक्षाएं, जनवरी में प्रैक्टिकल

## सीबीएसइ बोर्ड शीघ्र 10वीं और 12वीं परीक्षा का डेटशीट जारी करेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी। बोर्ड ने परीक्षा शुरू होने की तारीख तो बतायी है लेकिन अभी आधिकारिक तौर पर परीक्षाओं की डेटशीट जारी नहीं की है। बोर्ड का कहना है कि जल्द ही दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए विषयवार डेटशीट जारी की जायेगी। इसके साथ ही सीबीएसई बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनवरी माह से 10वीं एवं 12वीं के प्रैक्टिकल शुरू कर दिये जायेंगे। बोर्ड ने प्रैक्टिकल को लेकर एक आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस के मुताबिक प्रैक्टिकल, 1 जनवरी 2023 से शुरू होंगे। प्रैक्टिकल की अधिक जानकारी के लिए छात्र सीबीएसई की वेबसाइट पर जा सकते हैं। बोर्ड ने अपने नोटिस में कहा है कि वार्षिक प्रैक्टिकल परीक्षाएं, इंटरनल असेसमेंट, प्रोजेक्ट असेसमेंट 1 जनवरी 2023 से शुरू होने हैं।

**आइसीएसइ बोर्ड :** वहीं आइसीएसइ बोर्ड कक्षा 10 की परीक्षाएं 27 फरवरी से और कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी।

**इस बार सबकुछ सामान्य :** इस बार बोर्ड परीक्षाएं कोरोना काल से पहले की ही तरह सामान्य तौर पर आयोजित की जायेंगी। **(शेष पेज 11 पर)**

### सीबीएसइ बोर्ड का दिशा निर्देश

सीबीएसइ बोर्ड ने छात्रों के साथ साथ देश भर में फैले अपने स्कूलों को भी दिशानिर्देश जारी किये हैं। बोर्ड द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक छात्रों को प्रैक्टिकल के शेड्यूल के मुताबिक स्कूलों में उपस्थित होना होगा। सीबीएसई बोर्ड के मुताबिक प्रैक्टिकल में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को प्रैक्टिकल देने का दूसरा अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। ऐसे में यह जरूरी है कि छात्र तय तिथि पर प्रैक्टिकल्स में शामिल हो। सभी छात्रों को उनके स्कूलों द्वारा प्रैक्टिकल की तारीख और प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जायेगी। कोरोना महामारी के कारण बीते वर्ष दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं दो अलग-अलग सत्रों में आयोजित की गयी थी, हालांकि इस वर्ष ऐसा नहीं है।

---

# सुक्खू ने हिमाचल के सीएम पद की ली शपथ

## मुकेश डिप्टी सीएम, समारोह में शामिल हुए राहुल-प्रियंका

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल के नये मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को शपथ ले ली। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल और प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे। दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

मुकेश अग्निहोत्री का यह पहला मौका है जब हिमाचल में डिप्टी सीएम बनाये गये है। मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल के पहले उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। मुकेश अग्निहोत्री ऊना जिले की हरोली विधानसभा सीट से लगातार 5वीं बार चुनाव जीते हैं। वो 2003, 2007, 2012 और 2017 में भी विधायक चुने गये थे। 2012 में वीरभद्र सिंह की सरकार में मुकेश अग्निहोत्री कैबिनेट मंत्री थे। **राहुल और प्रियंका ने प्रतिभा सिंह को लगाया गले :** शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कई दिलचस्प तस्वीरें देखने को मिलीं। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह जैसे ही शपथ ग्रहण समारोह में पहुंची तो पहले राहुल गांधी और फिर प्रियंका गांधी ने उन्हें गले लगा लिया। **(शेष पेज 11 पर)**

### शॉर्टकट अपनानेवाले नेता देश के बड़े दुश्मन : मोदी

**नागपुर।** प्रधानमंत्री मोदी ने यहां एक समारोह में कहा, मैं आपको शार्टकट पॉलिटिक्स के खिलाफ आगाह करना चाहता हूं। शॉर्टकट अपनाने वाले नेता देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। जो लोग झूठे वादे करके सत्ता हासिल करना चाहते हैं, वे सरकार नहीं बना सकते। मैं उनसे विकास के महत्व को समझने का आग्रह करता हूं। पीएम रविवार को नागपुर में 75,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

इस मौके पर पीएम ने महाराष्ट्र के लोगों को बधाई दी और कहा कि समृद्धि महामार्ग से मुंबई और नागपुर के बीच की दूरी तो कम होगी ही साथ ही ये महाराष्ट्र के 24 जिलों को आधुनिक कनेक्टिविटी से जोड़ रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बात चाहे हेल्थकेयर की हो, या फिर वेल्थ क्रिएशन की, चोहे बात किसान को सशक्त करने की हो या जल संरक्षण की हो। आज पहली बार देश में ऐसी सरकार है जिसने इंफ्रास्ट्रक्चर को एक मानवीय स्वरुप दिया है। मोदी ने कहा कि पिछले 8 सालों में हमने सोच और अप्रोच दोनों बदली है।

---

# पूजा सिंघल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 3 नवम्बर 2022 को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के बाद पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगायी है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अभय एस ओका की खंडपीठ में जमानत पर सुनवाई होनी है। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने पूजा सिंघल को जमानत देने से इनकार करते हुए 3 नवम्बर को



याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त एक आइएएस अधिकारी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है। मालूम हो कि ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था। पूजा सिंघल की ओर से दाखिल याचिका में बीमारी का हवाला दिया गया था।

**अमित अग्रवाल की जमानत पर भी होगी सुनवाई :** मनी लांड्रिग मामले में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल भी जमानत के लिये सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सोमवार को सुचीबद्ध मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंद्रेश की खंडपीठ करेगे। 1 दिसम्बर को झारखंड हाइकोर्ट ने अमित अग्रवाल की याचिका खारिज कर दिया था। वही राजीव कुमार कैश कांड की जांच सीबीआइ को देते हुए 15 दिनों के अंदर पीइ दर्ज करने का आदेश दिया है। अमित अग्रवाल ने हाइकोर्ट में याचिका दायर कर राजीव कैश कांड में इडी द्वारा उसे गिरफ्तार करने की कार्रवाई को चुनौती दी थी।

---

# 26 साल से फरार ठेकेदार गिरफ्तार, जल्द होगा आरोप तय

## 1996 में दर्ज हुई थी प्राथमिकी, घटिया भवन बनाने का मामला

### एसीबी कोर्ट ने खारिज की जमानत अर्जी

**उदय चौहान**

**रांची।** घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर सरकारी भवन बनानेवाला ठेकेदार सुरेंद्र कुमार पाठक को एसीबी की टीम ने 26 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ठेकेदार प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही 1996 से फरार चल रहा था। मामले के अनुसंधान पदाधिकारी ने 1997 में ही जांच पूरी करते हुए आरोपी सुरेंद्र कुमार पाठक को फरार बताते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बाद में,अदालत ने भी भगोड़ा घोषित कर दिया था। साथ ही,



मामले के अन्य दो आरोपियों की फाइल अलग करते हुए सुनवाई जारी रखी गई थी। हालांकि 1997 से ही फरार आरोपी की फाइल हर निर्धारित तारीख को खुलती और अगली तारीख उपस्थिति पर बैठाया जाता रहा। 25 साल बाद सुनवाई का स्तर में बदलाव आया है। आरोपी को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर दी गई है। एसीबी के विशेष लोक अभियोजक एके गुप्ता ने जानकारी दी कि मामले में जल्द ही आरोपी के खिलाफ आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होगी। इसके बाद मामले में गवाहों को प्रस्तुत किया जायेगा। अदालत ने उसकी जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है।

### क्या है मामला

ठेकेदार एसके पाठक ने पावर स्टेशन के लिए कमिश्नर कंपाउंड रांची के निकट भवन का निर्माण किया, जो 30 नवंबर 1988 को रांची क्षेत्रीय विद्युत बोर्ड, रांची को सौंप दिया गया। लेकिन, बहुत ही कम समय के भीतर इमारत की हालत खराब हो गयी। जांच में पाया गया कि घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद निगरानी थाने में 1996 में ठेकेदार एवं इंजीनियर के खिलाफ प्राथमिकी, निगरानी थाना कांड संख्या 13/1996 दर्ज की गई। आईओ ने आरोप को सही पाते हुए आरोपी के खिलाफ 22 नवंबर 1997 में चार्जशीट दाखिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को वर्तमान मामले में रिमांड पर ले लिया गया है।

---

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 से, हंगामे के आसार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह सत्र 19 से 23 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार अपना दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी। राज्यपाल रमेश बैस ने इस सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे पहले मंत्रिपरिषद की बैठक में मानसून सत्र के सत्रावसान के प्रस्ताव को मंजूरी देकर राजभवन भेजा गया था। दरअसल मानसून सत्र का सत्रावसान नहीं किया गया था, इसलिए 5 सितंबर और 11 नवंबर को दो विस्तारित सत्र बुलाये गये थे। ग्रामीण एसपी नौशाद

### ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा


आलम ने सदन की कार्यवाही को ले कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक विधानसभा के दो सत्रों के बीच छह माह से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। 11 नवंबर को आहूत एक दिवसीय विस्तारित सत्र के बाद सरकार के सामने तत्काल सत्र आहूत करने की बाध्यता नहीं थी, हालांकि, सरकार ने शीतकालीन सत्र बुलाया है। इस सत्र में चालू वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जाना है। **(शेष पेज 11 पर)**

रांची जिले में 45 हजार स्मार्ट मीटर लगने का काम शुरू

# जनवरी से प्री-प्रेड में बदले जायेंगे पूर्व में लगाये गये 1000 स्मार्ट बिजली मीटर

## शहरी क्षेत्र में लगाये जाने हैं कुल 3.50 लाख स्मार्ट मीटर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए 1000 स्मार्ट मीटर जनवरी से प्री-प्रेड में तब्दील हो जाएंगे। जेबीवीएनएल की आईटी सेल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मीटर के प्री-पेड हो जाने के बाद उसका बिलिंग भी शुरू हो जाएगा।

बताते चलें कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए मीटर टेस्टिंग पारा मीटर में पास हो गए हैं। वहीं, दूसरी ओर जिले के अन्य क्षेत्रों में 45 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो चुका है। मीटर की खेप रांची पहुंच चुकी है। शुरूआती टेस्टिंग के बाद मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है।

प्रथम चरण में वैसे कंज्यूमरों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो या तो नया कनेक्शन के लिए आवेदन किया है या फिर जिसने स्मार्ट मीटर को लेकर बुकिंग करायी है। इसके बाद सभी कंज्यूमरों के पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

मालूम हो कि रांची में 18 अक्टूबर से राजभवन सब-स्टेशन के अंतर्गत अपर बाजार सब-डिवीजन में एक हजार मीटर लगाने का काम शुरू हुआ था।

### ऐसे काम करेगा प्री-पेड स्मार्ट मीटर

मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ता सीधे सेंट्रल कंट्रोलिंग सिस्टम के तहत जुड़ जाएंगे। किसी भी कीमत पर कोई भी उपभोक्ता मीटर की छेड़छाड़ या मीटर बाइपास करके बिजली चोरी नहीं कर पाएगा। स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद उपभोक्ता प्री-पेड की सुविधा से जुड़ जाएंगे। इसके बाद मोबाइल फोन री-चार्ज करने की तर्ज पर अपना बिजली इस्तेमाल कर पाएंगे। अधिक दिनों तक या अधिक बकाया बिजली उपभोक्ता नहीं रख पाएंगे। सेंट्रल कंट्रोलिंग सिस्टम के तहत सारे उपभोक्ताओं के बिजली खपत एवं बकाये पर पैनी नजर रखी जाएगी। अधिक बकाया होने पर तुरंत बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। सारा सिस्टम सर्वर, नेट सिस्टम के तहत संचालित होगा। अगर किसी उपभोक्ता के घर बिजली कट होती है या लो वोल्टेज की समस्या होती तो उसे किसी को फोन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्मार्ट मीटर खुद ही इस समस्या को बिजली निगम कंट्रोलिंग सिस्टम तक पहुंचा देगा। बिजली कट होते ही स्मार्ट मीटर कंट्रोम रूम को सिग्नल भेज देगा। इसके बाद निगम की टीम इसे दुरुस्त करने में जुट जाएगा। बिजली उपभोक्ता अपने प्रतिदिन बिजली खपत पर नजर रख सकेंगे। इसके बाद उपभोक्ता अपना मासिक बिल और बिजली खपत की प्लानिंग कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री से सहियाओं का मानदेय बढ़ाने का किया आग्रह

# केंद्र सरकार से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना ने मांगा एक और एम्स

## राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से वाराणसी में की मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वाराणसी में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में कार्यरत 42 हजार सहियाओं के मानदेय में भी बढ़ोतरी करने का आग्रह किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रोत्साहन राशि बढ़ोतरी के लिए अनुशंसा की गई थी, लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हो पायी है।

उन्होंने मुलाकात के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया कि आंध्र प्रदेश में प्रतिमाह 10 हजार, केरल में 5 हजार प्रतिमाह मानदेय के रुप में सहियाओं को दिया जा रहा है, जबकि झारखंड में 2 हजार से 3 हजार प्रति माह मानदेय दिया जाता है। यह मानदेय आज के परिवेश में बहुत कम है।

### बढ़ते मरीजों के कारण एक और एम्स मांगा



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से झारखंड के लिए एक और एम्स की मांग की है। उन्होंने अवगत कराया है कि रांची का रिम्स ही एकमात्र संस्थान है, जिसमें सामान्य बीमारी एवं उच्चतर जोखिम आधारित बीमारियों के इलाज के लिए राज्य के मरीजों को निर्भर होना पड़ता है। कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां के रोगियों का उपचार समय पर संभव नहीं हो पाता है। साथ ही राज्य के मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण रिम्स में समुचित इलाज में कठिनाई होती है। वहीं कोल्हान प्रमंडल में जमशेदपुर का एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मरीजों का एकमात्र सहारा है। यहां इलाज के लिए निकटवर्ती राज्य उड़ीसा, पश्चिम बंगाल से भी लोग आते हैं। ऐसे में झारखंड में एक और एम्स की जरूरत है।

# नयी शिक्षा नीति : चार साल की होगी स्नातक की पढ़ाई

यूजीसी ने तैयार किया स्नातक का नया ड्राफ्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग स्नातक प्रोग्राम के लिए नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। यह ड्राफ्ट नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बनाया गया है। नये ड्राफ्ट में यह तय किया गया है कि स्नातक ऑनर्स के लिए चार साल की पढ़ाई करनी होगी। चौथे साल विद्यार्थियों को रिसर्च प्रोजेक्ट करना होगा। इससे पहले स्नातक की पढ़ाई तीन व स्नातकोत्तर की पढ़ाई दो साल की होती आ रही है।

### 2020 में बनी है भारत में नई शिक्षा नीति

बताते चलें कि साल 2020 में भारत में नई शिक्षा नीति बनायी गयी है। इस शिक्षा नीति में स्नातक की पढ़ाई चार साल व स्नातकोत्तर की पढ़ाई एक साल की होगा। इसे 2022 से लागू किया गया है। नई शिक्षा नीति को लेकर विश्वविद्यलयों में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था। नई पाठ्यक्रम बनाये गये है, जिसे नये रूप में लागू किया जायेगा।

दो साल विलंब से चल रही योजनाओं को पूर्ण करने पर जोर

# पथ निर्माण : राज्य के नॉन परफॉरमिंग ठेकेदारों की तैयार करें सूची : सुनील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने राज्य के नॉन परफॉरमिंग ठेकेदारों की सूची तैयार करने का निर्देश सभी कार्यपालक अभियंताओं को दिया है। सचिव ने पथ निर्माण से जुड़े कार्य में लगे सारे संवेदकों का लिस्ट बनाने को कहा है और इनमें जिनका कार्य समय पर नहीं हो रहा है उसकी एक अलग से सूची तैयार करने को कहा है। ऐसे संवेदकों से अलग से बात करके सड़क योजनाओं में प्रगति लाने के लिए प्रेरित करने को कहा है। इसके बाद भी अगर संवेदक काम पूर्ण करने में रूची नहीं दिखायेंगे तो उनपर कार्रवाई की जायेगी।

विभागीय सचिव ने यह भी कहा है कि राज्य में जितनी भी विलंबित योजनाओं को विशेष ध्यान देते हुए उन्हें पूर्ण कराया जाये। दो वर्षों से अधिक विलंब से चल रही योजनाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कराके क्लोज करने को कहा है। सचिव ने हाल में समीक्षा की थी जिसमें यह बात सामने आयी कि कई योजनाएं विलंब से चल रही हैं।

पथ निर्माण सचिव ने सड़क योजनाओं की स्वीकृति के तुरंत बाद आवश्यक भू-अर्जन, यूटिलिटी शिफ्टिंग, वनभूमि अपयोजन इत्यादि के कार्य भी करने को कहा है। कई संवेदकों की तरफ से भी यह बात सामने आयी कि वे काम करना चाहते हैं लेकिन आवश्यक जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण काम लटकता है। इसके अलावा बिजली पोल, पेयजल पाइप, दुरसंचार की तारें इत्यादि हटाने में भी देरी होती है। इसलिए भी योजनाओं में विलंब होता है। सचिव श्री कुमार ने इसे गंभीरता से लिया और सभी कार्यपालक अभियंताओं को इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिया है।

# प्रेम कुमार ने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस असंगठित कामगार एवं कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष प्रेम कुमार ने जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश कमिटी के सूची से असंतुष्ट होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर उन्होंने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की बात कही है। प्रेम कुमार ने पार्टी अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि चूंकि झारखंड प्रदेश आदिवासी, पिछड़ा इलाका है, जिसमें दलित, आदिवासी, पिछड़ी जातियों एवं अल्पसंख्यकों की सर्वाधिक आबादी है। बावजूद भी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में दलित सहित इन वर्गों के कार्यकर्ताओं को उपरोक्त पदों पर जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। इन परिस्थियों में झारखंड प्रदेश कांग्रेस का मजबूत होना असंभव जान पड़ता है। इस स्थिति में मैं दुःखी मन से पार्टी के सभी पदों से त्यागपत्र देता हूं।

सीएम हेमंत सोरेन से मिला राजद का प्रतिनिधिमंडल

# सीएम ने राजद को सरकार में वाजिब भागीदारी देने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से रविवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारियों ने भेंट की। सीएम से मुलकात के बाद सब गदगद नजर आए। मुलकात करनेवालों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान सहित अन्य नेता शामिल थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक राजद की बातों को सुना और आश्वस्त किया कि होने वाले महागठबंधन की बैठक में राजद की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव रहेंगे। उनके नहीं रहने पर प्रधान महासचिव बैठक में रहेंगे। राजद को भी पर्याप्त सम्मान मिलेगा, इसमें कोई कमी नहीं होगी।

सीएम से मिलने के बाद संजय सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मजबूती के साथ गठबंधन को लेकर चलेंगे। हमारा गठबंधन चुनाव के पूर्व से है। कहीं न कहीं समन्वय की कमी दिख रही थी, अब कोई दिक्कत नहीं होगी। गठबंधन के साथियों को साथ लेकर चलना और मजबूत रखना, हम सब की जवाबदेही है। राजद के नेताओं, कार्यकताओं के भी सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि महागठबंधन के सभी कार्यक्रम में तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अब राजद भी प्रभावी तरीके से दिखेगा। सीएम के प्रोग्राम में भी प्रदेश के सभी पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष तथा नेता, कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ उपस्थित रहेंगे।

# खतियानी आभार यात्रा महज एक राजनीतिक षड्यंत्र : आशा लकड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ आशा लकड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी आभार यात्रा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अभी 1932 का खतियान लागू नहीं हुआ है। ऐसे में,किस खुशी में खयिनी यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी झारखंडियों को बेवकूफ बनाना बंद करें। उन्होंने कहा कि एक ओर सीएम जनजातीय भाषा को अहमियत दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गढ़वा में भोजपुरी कलाकारों को बुलाकर लोगों का दिल बहलाने गये थे लेकिन वहां की जनता ने इसका जमकर विरोध कर दिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप 1932 लागू कर सकते थे। लेकिन, ऐसा नहीं किया गया। अब आदिवासी और स्थानीय लोगों की भावनाओं से खेला जा रहा है। इस राजनीतिक षड्यंत्र का जवाब जनता अवश्य देगी। भाषा लोगों की पहचान है। झारखंड को भाषा के आधार पर मत बांटना बंद हो। यदि 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति झारखंड में लागू कर सकते हैं तो इस विधेयक को विधानसभा में आनन-फानन में पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजने की जरूरत क्यों पड़ी।

# अनुपस्थित अवधि का वेतन लेनेवाले सीओ की रोकी जायेगी दो वेतनवृद्धि

संचालन पदाधिकारी की रिपोर्ट से कार्मिक असहमत, वेतन काटने का जारी किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने तत्कालीन अंचल अधिकारी कांडी गढ़वा मो. असलम की असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दिया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी पर गलत तरीके से वेतन निकासी का आरोप सहित 8 नवंबर 2018 से 13 दिसंबर 2018 तक कर्तव्य से अनुपस्थित रहने का आरोप है। मामला सामने आने पर तत्कालीन उपायुक्त गढ़वा ने 12 अप्रैल 2019 को प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। रिपोर्ट में यह बात आयी कि इतनी अवधि का अवकाश सक्षम प्राधिकार से ही स्वीकृत किया जा सकता है एवं स्वीकृति के बाद निर्गत वेतन पूर्जा के आधार पर ही वेतन निकासी की जा सकती थी।

बावजूद इसके मो.असलम द्वारा अपने पद का दुरूपयोग एवं वित्तीय अनुसाशनस हीनता बरतते हुए उक्त अनुपस्थिति अवधि का वेतन की निकासी बिना सक्षम स्तर से स्वीकृति के ही स्वयं कर लिया। जांच में भी यह बात आयी कि उक्त अवधि के अनुपस्थित रहने पर इन्होंने अपना प्रभार सुपूर्द किया था। अवकाश के बाद प्रभार ग्रहण करने संबंधी आदेश द्वारा यह स्पष्ट निर्देश था कि प्रभार ग्रहण की तिथि तक का अवकाश सक्षम स्तर से स्वीकृत होने के बाद ही अवकाश अवधि का वेतन जारी होगा। परंतु मो.असलम ने उक्त अवधि का अवकाश की स्वीकृति के लिए आवेदन सक्षम स्तर पर प्रेषित नहीं किया गया। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वंय होने के कारण वित्तीय नियमों के विपरित इस अवधि के वेतन की निकासी भी कर ली। सरकार ने इसे उच्चाधिकारियों के आदेश की भी अवहेलना माना है। जांच संचालन पदाधिकारी ने पूरे मामले जांच की ओर सीओ के बचाव बयान का हवाला देते हुए दोनों आरोपों को प्रमाणित नहीं माना। बावजूद इसके कार्मिक विभाग ने रिपोर्ट पर असहमति जताते हुए लघु दंड देने का फैसला लिया।

# बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कैलेंडर का विमोचन 8 को

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 जनवरी 2023 को मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2023 का लोकार्पण/विमोचन किया जाएगा। मिथिला पंचांग झारखंड एवं बिहार के सभी वर्ग में बहुत ही लोकप्रिय पंचांग है। मिथिलावासी बाबा विद्यापति पंचांग के अनुसार ही पर्व त्योहार मानते हैं। बैठक में जयंत झा, निर्भयकांत झा शास्त्री, दयानंद कुंवर, शिवराम मिश्रा, संतोष मिश्रा, मुकेश झा शास्त्री, श्याम किशोर चौबे, डॉ पंकज राय, पवन कुमार झा, गौरी शंकर झा, रोहित कुमार चौरसिया, जयशंकर दुबे, बन्ना मुंडा, विमल कच्छप, दीपक जैसवाल, नीलेश वत्स, खुरखुर झा आदि ने मौजूद थे।

# सोशल मीडिया के जरिये संगठन में अनुशासनहीनता बर्दास्त नहीं : ब्रजेन्द्र सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/धनबाद।** झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि संगठन में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति की पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कड़ी नजर है। पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि हमारे कुछ कांग्रेस के साथियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा शीर्ष नेताओं एवं पार्टी के विरुद्ध सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया के माध्यम से पार्टी के विरोध में एवं अपने नेताओं के विरोध में लगातार बयानबाजी कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कर रहे हैं। यह बिल्कुल ही पार्टी विरोधी कृत्य एवं कांग्रेस पार्टी को छवि को धूमिल करने का संदिग्ध प्रयास है। उन्होंने कहा है कि पार्टी में रहकर किसी को भी किसी प्रकार की बात या शिकायत हो तो वे अपनी बात एवं शिकायत पार्टी फोरम रख सकते हैं।



श्री सिंह ने कहा है कि पार्टी एवं पार्टी के शीर्ष नेताओं के विरोध में सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं अखबारों में बयानबाजी पार्टी संविधान के विरुद्ध है। पार्टी में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे प्रदेश में अनुशासन समिति की नजर है और भविष्य में किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई शिकायत हो तो वे अपनी बात पार्टी फोरम में रख सकते हैं। इसके बावजूद कोई भी नेता पार्टी विरोधी बयान देता है या फिर सोशल मीडिया में पार्टी विरोधी विषयों को प्रसारित करता है, तो वैसे नेता, कार्यकर्ता या फिर कोई बड़ा नेता ही क्यों न हो, उसके विरूद्ध प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ऑनलाइन बैठक आयोजित

# 10 साल तक सेवा देनेवाले कर्मियों को नियुक्ति में प्राथमिकता दे ऊर्जा निगम, नहीं तो होगा जोरदार आंदोलन : अजय राय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ऑनलाइन बैठक केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में रविवार को हुई। जिसमें मुख्य रूप से महामंत्री अमित शुक्ला कोषाध्यक्ष विजय सिंह समेत राज्य के अलग अलग एरिया बोर्ड, ट्रांसमिशन जोन के हजारों सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में ऊर्जा निगम की ओर से 2017 से शुरू की गई एजेंसी प्रथा को समाप्त कर पूर्व की मानव दिवस प्रथा को लागू करने। निगम में दस साल तक सेवा देनेवाले कर्मियों को उसी पद पर नियुक्त करने। इसके अलावा वर्ष 2016 एवं 2018 की भांति फिर से उसी तर्ज पर नई नियुक्ति में मानव दिवस कर्मियों को कार्य अनुभव एवं उम्र में शिथिलता रखते हुए नई नियुक्ति में प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

बैठक में अजय राय ने कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2016-2018 की बहाली में जिस तरह निगम अधिकतम 5 साल उम्र और अनुभव पर प्राथमिकता दी थी। जिसमे सैकड़ों मानव दिवस कर्मी नियमित हुए थे ठीक उसी प्रकार हाई कोर्ट के आदेश के तहत उन मानव दिवस कर्मियों को नियमित करे जो 10 साल तक अपनी सेवा निगम और एजेंसियों में काम करते हुए दिया है। उन्होंने कहा कि निगम हमारी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर कार्रवाई नही करती है तो झारखंड उर्जा विकास श्रमिक संघ इन मुद्दों को लेकर राज्य के सभी एरिया बोर्ड और ट्रांसमिशन जोन से आंदोलन की शुरूआत करेगी और अपनी मांगे मनवाने के लिए रांची स्थित ऊर्जा निगम मुख्यालय का घेराव करेगी।

बैठक में कुणाल सिंह, उदय यादव, विक्रम सिंह, नीलकमल गौतम, बालगोविंद महतो, संतोष शर्मा, दिनेश कुमार, चंदन तिवारी, राजेश मेहता, सोनू कुमार, आनंद प्रमाणिक, अकरम हुसैन, गोपाल पांडे, दीपक साहू, सुनील कुमार, पंकज साहू, मनीष कुमार, दुर्गा उरांव, कंचन विश्वकर्मा, शैलेंद्र मेहता, शैलेश शुक्ला, धीरेंद्र पांडे, प्रमोद कुमार, प्रवीण कुमार, अरविंद मेहता, आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

# सरकारी स्कूलों का कल से होगा निरीक्षण, जिलावार दल गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण सोमवार से होगा। इसके लिए जिलावार दलों का गठन कर दिया गया है। उन्हें समीक्षा के बिंदुओं से अवगत करा दिया गया है। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने आदेश जारी कर दिया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों एवं मध्या? भोजन योजना का संचालन किया जा रहा है। ये दोनों योजनाएं केंद्र प्रयोजित है, जिनकी सतत निरीक्षण/पर्यवेक्षण किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए पदाधिकारी/कर्मियों का दल गठित किया गया है। दल के सामने अंकित जिला का भ्रमण दिसंबर-22 में किये जाने के लिए आवंटित किया गया है।

### इस पर होगी समीक्षा

- -आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास की स्थिति।
- -चयनित विद्यालयों में वोकेशनल लैब और पाठ्यचर्या की स्थिति।
- -नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के संचालन की स्थिति।
- -कक्षा 1 से 8 के पोशाक वितरण की स्थिति।
- -विद्यालय विकास अनुदान के व्यय की स्थिति।
- -मध्या? भोजन योजना की स्थिति।

आदेश में कहा गया है कि संबंधित पदाधिकारी/कर्मी जिला भ्रमण के क्रम में आवंटित जिला के यथासंभव विद्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण/अनुश्रवण/ समीक्षा करेंगे। निरीक्षण/अनुश्रवण/समीक्षा कार्य 12 दिसंबर से 20 दिसंबर, 2022 के बीच किया जाना है। भ्रमण की समीक्षा 22 दिसंबर, 2022 को की जायेगी। किसी भी जिले में कम से कम दो दिनों का भ्रमण किया जायेगा। भ्रमण के लिए शुक्रवार एवं शनिवार को प्राथमिकता दी जा सकती है। प्रत्येक दल द्वारा प्रतिमाह दो जिलों का भ्रमण किया जाना है। भ्रमण के बाद दल द्वारा विस्तृत अनुश्रवण/ निरीक्षण प्रतिवेदन फाईल के माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् के निदेशक के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

स्पीड न्यूज

## झरहा, कचरा और खड़गाड़ा ने जीता कर्नल फुटबॉल टूर्नामेंट



हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद प्रखंड कपूर्री ठाकुर मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट क्वार्टर फाइनल में जाने के लिए सभी टीमें के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल रहा है ।11 दिसंबर को खेले गए पहले मैच में झरहा ने बिलासपुर को 1-0 से हरा कर टूनार्मेंट में दूसरा जीत हासिल किया। वहीं दूसरे मुकाबले में पतरा कलां और खड़गाडा के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिला । दोनों टीमों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया और इस मैच को 4-0 के बड़े अंतर से जीतने में कामयाब हुई। तीसरा मैच कचरा और जपला के बीच खेला गया जिसमें कचरा ने दमदार खेल दिखाते हुए जपला को चारों खाने चित करते हुए 5-0 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल की। आज मैच के दौरान महुअरी पंचायत के मुखिया पति विमलेश पासवान मुख्य अतिथि के रूप में सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर उपस्थित कर्नल ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर पॉइंट अर्जित करने की अपील की । उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जो टीम ज्यादा स्कोर करेगी वह क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी । मैच के दौरान क्लब के अध्यक्ष मानिकचंद सिंह सचिव पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, सुधीर कुमार सिंह, पूर्व फुटबॉलर विजय कुमार सिंह, लालकेश्वर पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप पासवान, विनोद पासवान, तकि रिजवी,शेखर कुमार व हजारों दर्शक उपस्थित थे। 12 दिसंबर को देवरी कलां बनाम जपला पतरा खुर्द बनाम कुकही तथा रानी देवा बनाम लंगरकोट के बीच मैच खेला जाएगा।

## बिछड़े नाबालिग को परिजनों से मिलाया



**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस ने एक बार फिर से मानवता का मिसाल कायम किया। मानसिक रूप से कमजोर नाबालिक को परिजनों से मिलाया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के भूषण राम का पुत्र प्रिंस कुमार (16) पिछले चार दिनों से लापता था। इसका गुमसुदगी का रिपोर्ट भी कुटुंबा थाना में परिजनों ने दर्ज कराया था। प्रिंस मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। वह भटकते हुए बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में आ गया। पुलिस उसे थाना लेकर आई। चुकी प्रिंस स्पष्ट अपने बारे में कुछ बता भी नहीं पा रहा था जिसके चलते पुलिस भी काफी परेशान रही। अंततः बिश्रामपुर पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसके परिजनों का पता लगा लिया। कुटुंबा थाना को सूचित कर परिजनों को बिश्रामपुर बुलवाया.। विवार को प्रिंस के परिजन बिश्रामपुर थाना पहुंचे। जहां थाना प्रभारी शशि रंजन व एएसआई अनंत कुमार सिंह ने उसे सकुशल परिजनों को सौंप दिया। प्रिंस के परिजनों ने बिश्रामपुर पुलिस के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। कहा कि पुलिस के संवेदनशीलता से बिछड़ा बच्चा आज परिवार वालों से पुनः मिल पाया।

## दंपति ने 500 गरीबों को बांटा कंबल



**विश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा पंचायत मुख्यालय में एक समाजसेवी दंपति द्वारा 500 गरीब-असहाय,जरुरतमंद व वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण तोलरा निवासी विनय कुमार व उनकी पत्नी नूतन देवी ने किया। विनय कुमार पुलिस विभाग में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। जबकि उनकी पत्नी नूतन देवी वरीय समाजसेविका हैं। दंपति हमेशा सामाजिक सरोकार का कार्य करते आ रहे हैं। समाजसेविका नूतन देवी ने कहा कि गरीबो की सेवा से मन को शांति मिलती है। एएसआई विनय तिवारी ने कहा कि गरीबो की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## विश्रामपुर आरसीयू में कार्यशाला



विश्रामपुर (पलामू) । विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सभागार में डीटूएल कंपनी के द्वारा एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला डायरेक्ट टू लर्निंग प्रोग्राम पर आधारित था। जिसका मुख्य उद्देश्य अध्ययनरत छात्र छात्राओं को आधुनिक तकनीक के साथ पठन-पाठन पर जोर देना था। कार्यशाला मेंडायरेक्ट टू लर्निंग प्रोग्राम के सेल्स मैनेजर जय भारद्वाज ने बच्चों को कई टिप्स दिया। कार्यशाला में बतौर मुख्य आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार, प्रति कुलपति डॉ एस के शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ एन के अग्रवाल, आरसीआईटी, आरसीपीआई, टीसीपीसी, एससीबीएड सहित विभिन्न संस्थानों के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक आदि शामिल हुए। कार्यशाला में आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने डायरेक्ट टू लर्निंग प्रोग्राम कंपनी की सेल्स मैनेजर जय भारद्वाज को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किय। .कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर कवींद्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा नियंत्रक डॉ एनके अग्रवाल ने किया गया। मौके पर राजन रंजन प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## एमवीआई ने किया दर्जनों वाहन जब्त

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना गेटके सामने एमवीआई रंजीत मरांडी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहनों को आवश्यक कागजात के नहीं होने के कारण जब्त कर लेस्लीगंज थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार जप्त किए गए वाहन से संबंधित कागजात की मांग चालकों से की गई, परिवहन के संबंधित आवश्यक कागजात नहीं दिखाने पर एमवीआई ने कार्रवाई की। जब्त वाहनों में दस मोटरसाइकिल, आठ ऑटो रिक्शा समेत एक पिकअप भी शामिल है। एमवीआई रंजीत मरांडी ने वाहन चालक अपने वाहन संबंधित सभी कागजात लेकर चलें।

# शौर्य संचलन में की गयी पुष्प वर्षा

## विहिप और बजरंग दल ने की सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू के द्वारा शौर्य संचलन प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। शौर्य सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि 06 दिसंबर 1992 को भी गीता दिवस था, उसी दिन हिंदुओं के माथे पर बाबरी ढांचा नुमा लगे कलंक को धो डाला गया था।

इसीलिए सभी जिला केंद्रों पर शौर्य संचलन का आयोजन करके अयोध्या में हो रहे भव्य मंदिर निर्माण की प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। सभा से पूर्व ध्वजारोहण, ध्वज प्रणाम और बजरंग दल प्रार्थना, सभा के संचालन कर रहे जिला मंत्री दामोदर मिश्र के द्वारा किया गया। शौर्य सभा के बाद संगठन के द्वारा शहर में शौर्य संचलन किया गया। शौर्य संचलन में काफी संख्या में बजरंगियों ने भाग लिया। शौर्य संचलन साहित्य समाज चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय से निकलकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः वहीं जाकर समाप्त हुआ। आम जनता संचलन मार्ग में जय घोष कर रही थी, शंख करतल ध्वनि बज रहा था और जगह जगह पर संचलन कर रहे बजरंगियों के उपर पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, पलामू जिला संगठन मंत्री नवीन पांडे, विश्व हिंदू परिषद पलामू के विभाग अध्यक्ष शिव प्रकाश, विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार दास, मेदिनीनगर के महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, श्री राम सेना के पंकज कुमार जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी मनोज सिंह, विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला संरक्षक रामनरेश स्वर्णकार, परशुराम सेना के नवीन तिवारी, लल्लू पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, बजरंग दल के नगर संयोजक विवेक चौबे, रंजन कुमार, संजय प्रजापति, धीरज कुमार गुप्ता , पाटन विहिप अध्यक्ष रामब्रत सिंह, मंत्री मनीष सिंह, पाटन बजरंग दल संयोजक मयंक कुमार सिंह, नवा बाजार से हिमांशु पांडे, लेस्लीगंज विहिप अध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, चैनपुर प्रखंड से आनंद चौरसिया, प्रेम कुमार गुप्ता, नहर से सौरभ कुमार कर्ण, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, शुभय राज, संतु कुमार , पवन कुमार, राहुल कुमार, अमलेश पासवान समेत हजारों लोग शामिल थे।

# बच्चों को ज्ञान रूपी शृंगार से निखारने की जरूरत : देव

### टाउन हॉल में संत मरयिम स्कूल का शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में संत मरियम स्कूल के वर्ग नर्सरी से चार तक के बच्चों के लिए शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया । सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव , प्राचार्य आदर्श कुमार , शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वागत अभिभाषण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने उपस्थित अभिभावकों छात्रों शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इन्हें ज्ञान रूपी श्रृंगार से हम और निखार सकते हैं । इस प्रकार के संगोष्ठी से विद्यालय परिवार और अभिभावक छात्रों के समुचित विकास की समीक्षा कर पाते हैं । हम सभी को यह प्रयास करना है कि हम लगातार ऐसे समीक्षा बैठक करके विद्यार्थियों के उत्कृष्ट विकास की संभावनाओं को बल दे सके क्योंकि किसी भी राष्ट्र का विकास छात्रों के विकास से ही संभव है । मौके पर स्कूल के प्राचार्य आदर्श कुमार ने कहा कि स्कूल परिवार लगातार बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है। हम इन नौनिहालों को बेहतर ज्ञान के सागर में सराबोर करते हुए उन्हें सफल व्यक्तित्व के निर्माण की पहली कड़ी को मजबूत बनाते हैं । नित्य प्रतिदिन संत मरियम परिवार विद्यार्थियों के विकास के मामले में अनेक कीर्तिमान स्थापित करते आ रहा है । वर्तमान सत्र समाप्ति की ओर है हम सभी अपने बेहतरीन शिक्षकों के टीम के साथ आगामी सत्र हेतु नए छात्रों के स्वागत हेतु तत्पर हैं । बच्चों के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। संगोष्ठी कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा कई मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के उत्कृष्टता की प्रशंसा की । मौके पर स्कूल के शिक्षक, अभिभावक समेत काफी संख्या में बच्चे शामिल थे।

## पलामू जिले के कलाकारों ने चंडीगढ़ में किया नाट्य मंचन



मेदिनीनगर। कला और संस्कृति को समर्पित पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में अपनी नाट्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंडीगढ़ में हरियाणा व पंजाब के अरविंदो सोसाइटी के द्वारा महर्षि अरविंदो के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमीस्ट्रेशन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर पलामू के कलाकारों द्वारा मंचित नाटक की सभी ने तारीफ की। नाटक की रचना महर्षि अरबिंदो ने जेल में की थी । मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में महर्षि अरविंदो द्वारा रचित नाटक हरिमोहन का सपना का मंचन किया।

# शिक्षकों की समस्या को ले लगे दरबार : संघ

### झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा



**मेदिनीनगर।** माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में रविवार को व्यास सिंह की अध्यक्षता में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त शिक्षकों के सेवा संपुष्टि व विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की सेवा संपुष्टि, मासिक वेतन, शिक्षकों व शिक्षिकाओं के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारियों का व्यवहार, विभिन्न शिक्षकों के वेतन एरियर का भुगतान, आदेशपाल व लिपिक का एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ, माह में एक बार प्रखंडवार शिक्षकों के समस्या के लिए शिक्षक दरबार लगाने आदि विषयों पर शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये। समस्या के समाधान के लिए संघर्ष कर आंदोलन करने की प्रतिबद्धता दुहराईं गयी।

शिक्षकों के निर्देशन व देखरेख में प्रतिदिन के कार्यों के संपादन करने के लिए कार्यकारी कमिटी का गठन कर शिक्षकों को दायित्व प्रदान किया गया। जिनमें सदगुरू प्रताप हरि उवि चैनपुर के शिक्षक वृज बिहारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिक्की के शिक्षक नरेंद्र कुमार, राजकीयकृत उच्च विद्यालय नरसिंहपुर की शिक्षिका स्मिता कुमारी, उत्क्रमित उवि नौडीहा पाटन के शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, राजकीयकृत उच्च विद्यालय किशुनपुर के शिक्षक भीम राम, राजकीय उवि रजवाडीह के शिक्षक नरेश कुमार दिनकर, सतबरवा उत्क्रमित उच्च विद्यालय रेवारातू के शिक्षक प्रमोद सिंह का नाम शामिल है। कमिटी में चयनित शिक्षकों को संगठन के तरफ से अधिकार होगा कि दिन प्रतिदिन के कार्यों को संपादित करने व जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अपना पक्ष रखने का भी अधिकार होगा। बैठक का संचालन जिला सचिव ने किया। बैठक में व्यास सिंह, सतीश दूबे, अभिषेक कुमार दूबे, सुमित शंकर, अविनाश तिवारी, कृष्ण मुरारी, वृज बिहारी, अजय कुमार, योगेंद्र राम, युगेश्वर राम, नरेश कुमार दिनकर, भीम राम, बसंत कुमार सोनी, आशुतोष मिश्रा, मनीष तिवारी, जितेंद्र सिंह, चंद्रशेखर कुमार, ब्रजेश कुमार नागौर, दीपक कुमार रवि, रविंद्र पाठक, मुन्ना लाल यादव, विनोद कुमार यादव, अनुपम तिवारी, आनंद माधव पांडेय, विवेक कुमार शुक्ला, इमामुद्दीन समसुल हक, फिरोज आलम, सुनिल यादव, अजीत कुमार, अमित रजक, नरेंद्र कुमार राय, यश आर्या, अजीत कुमार सिंह, मुकुंद, तीर्थराज गौतमन, ऐनुल हक, दिलीप शर्मा, श्रीलाल महतो, रविश कुमार सिंह, मनीष कुमार दूबे, संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रीती कुमारी, सीमा यादव, आदिती कुमारी, ज्योति कुमारी समेत कई शिक्षक शामिल थे।

## महुडंड पंचायत में अभी भी नहीं हैं मोबाइल नेटवर्क : मीना देवी



हुसैनाबाद पलामू। प्रखंड क्षेत्र के अतिसुदुरवर्ती व आदिवासी इलाका महुडंड पंचायत में आज भी मोबाईल नेटवर्क की सुविधा नही हैं,जिससे पंचयात के लोगों ने मुखिया के साथ बैठक कर इस लड़ाई को लड़ने पर विचार विमर्श किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महूदण्ड उच्च विद्यालय के प्रांगण में मुखिया मिना देवी की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने एक बैठक की। जिसमें इस जंगल के तराइयों में बसे इस पंचायत में आज नेटवर्किंग की सुविधा नही रहने पर चिंता व्यक्त किया गया। मुखिया ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में नेटवर्क सुविधा की लड़ाई लड़ रहे हैं। मौके पर मुखिया पति शिवशंकर यादव ने कहा कि यह पंचायत सरकार के एक्शन प्लान में हैं और अभी तक नेटवर्क नही रहने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल में ऑन लाईन पठन पाठन करने वाले बच्चों समेत सभी को परेशानी होती हैं । मौके पर उप मुखिया बली यादव,ओमप्रकाश रवि, गुड्डू पाल, रामस्वरूप यादव, , रामाधार गुरु जी, पनमेश्वर यादव शिक्षक, अर्जुन यादव, किसान मित्र उमेश यादव, स्वयंसेवक जितेन्द्र यादव, रामाशीष यादव,धनंजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

# लातेहार ने मनिका को हराकर फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

### खेल से युवाओं में बढ़ता है मनोबल : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। विधायक आमंत्रण प्रखंड प्रखंडस्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला मनिका और लातेहार टीम के बीच खेला गया। जिसमें लातेहार की टीम एक गोल से मनिका को हराकर फुटबॉल टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। फाईनल मैच समारोह के मुख्य अतिथि पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया । मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक पुष्पा देवी के कहा कि खेल से बच्चों में शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है । इस तरह का खेल हर क्षेत्र में होना चाहिए जिससे बच्चों का मनोबल बढ़े और संघर्ष करने का मौका मिले। वहीं पुर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों में विकास के साथ साथ आत्म मनोबल बढता है। मौके पर सिरमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश दुबे ,पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, चन्द्र देव सिंह, पड़वा भाजपा मंडल महा सचिव राकेश पाण्डेय ,आनंद सिंह, धीरेंद्र सिंह, विशेष पासवान, किशुनपुर पंचायत समिति उमीदवार सह भाजपा किशुनपुर मंडल के मिडिया प्रभारी चन्दन दुबे , सगुना मुखिया प्रतिनिधि रंजीत सिंह, जंघासी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, मैच के संयोजक उमेश सिंह, निरंजन पासवान, सुमित दूबे, समाज सेवी गौश आलम सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग और दर्शक उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अशोक तिवारी ने किया।

एक नजर में

## कठौतिया माइंस ने चकला माइंस को 7 विकेट से हराकर कप पर जमाया कब्जा



**पंडवा पलामू ।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में कठौतिया माइंस की टीम ने लातेहार चकला माइंस टीम को सात विकेट से पराजित कप पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद एवं थाना प्रभारी नकुल साह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार कठौतिया टीम के खिलाड़ी राहुल झा व बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार विशाल कश्यप को दिया गया। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा खेल से लोगों में सकारात्मक सोच का विकास होता है। जिस तरह खेलते समय सिर्फ मैच को जितने की सोच के साथ मैदान में उतरता है उसी तरह हम सभी लोगों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने इस आयोजन के लिए माइंस प्रबंधन को बधाई दिया। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में इलाके खेल का बेहतर माहौल बनेगा। माइंस प्रबंधन ने खेल का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। कठौतिया माइंस के युनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि हिन्डालको केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि अपने कर्मियों के साथ साथ कार्य क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों के बेहतरी कैसे हो इस पर हमेशा संवेदनशील हो कर काम करती है। यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि कंपनी हमेशा चाहती है कि कंपनी व स्थानीय लोगों बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर काम करें। समारोह की अध्यक्षता एचआर हेड अरुप बनर्जी ने किया। कामेंट्री अनुज सिंह,विनय सिंह व एएसआई समाल अहमद ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर चकला माइंस हेड राजीव कुमार, कठौतिया माइंस प्रबंधक राजु सिंह, अश्विनी कुमार, जयंत शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, डा टी गफ्फार, गौतम सिन्हा, संजय साहू, राकेश सिंह, संजय साहू,संतन चक्रवर्ती, प्रवीण सिंह,कंदर्प मिश्रा,पीआरपी द्विवेदी,अजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## जन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा युवा जागृति केन्द्र : राजन सिन्हा



चैनपुर पलामू। प्रखंड के सेमरा पंचायत में आज युवा जागृति केन्द्र की सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेमरा पंचायत के स्थानीय युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सेमरा पंचायत समिति का गठन किया गया जिसमें विक्की राजा को अध्यक्ष, राजकुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, शंकर कुमार को सचिव, विकास भुइयां को उप सचिव, बजरंगी गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सुरेश भुइयां को उप कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि पलामू में अच्छे स्वास्थ्य सुविधा एवं उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था का घोर अभाव है और जनप्रतिनिधि जनता के हाल से बेखबर हैं। युवा बेरोजगारी के कारण महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं लेकिन ना तो सरकार के पास और ना ही जनप्रतिनिधियों के पास इस विषय पर सोचने का समय है। युवा जागृति केंद्र जन समस्याओं के लिए हर संघर्ष करेगा। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा , प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह , प्रखंड सचिव हरिशंकर यादव ने कहा कि केन्द्र के सिद्धांतों से प्रभावित होकर केवल युवा ही नहीं बुजुर्ग भी संगठन से जुड़े रहे हैं। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार पासवान, सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार यादव, संतोष कुमार पांडे, बजरंगी गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रामू भुइयां,प्रदीप यादव, दशरथ राम ऋषि, आकाश ऋषि, शंकर ऋषि, दयानंद ऋषि, धर्मेंद्र ठाकुर, संतोष, सुरेश भुइयां,राहुल कुमार, रंजन कुमार, विकास यादव, रामप्रवेश कुमार, धर्मा भुइयां,बाबूलाल, रोहन कुमार पासवान, राजन राम, राकेश कुमार, शिव कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, मिथिलेश कुमार, विष्णु देव मांझी, बसंत कुमार राम, रमेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंडित रामावल्लभ तिवारी के कार्यों को आनेवाला पीढ़ी करेगा याद : प्रमुख



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** जेबीटी हॉस्पिटल के प्रांगण में पेंशनर समाज एवं पल्स टू विद्यालय परिवार द्वारा स्व पंडित रामावल्लभ तिवारी की चौथी पुण्यतिथि मनायी गई। अतिथियों द्वारा स्वर्गीय पंडित रामावल्लभ तिवारी की चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष सह पेंशनर समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने की तथा संचालन अजीत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान ने स्वर्गीय रामावल्लभ तिवारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व तिवारी अपने जीवन में ऐसा ऐतिहासिक कार्य किये थे। स्व तिवारी इस प्रखंड में हाई स्कूल का स्थापना कर हम सभी के बीच से चले गए हैं जो आने वाला पीढ़ी इन्हें याद करेगा। पेंशनर समाज व 20सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय तिवारी 1955 में लेस्लीगंज में हाई स्कूल का स्थापना कर यहां के लोगों को शिक्षा रूपी वरदान दिया है। जो कभी नहीं भुला जा सकता है। स्वर्गीय तिवारी के पढ़ाये कई विद्यार्थी आईएएस, आईपीएस, डीजीपी बने हैं। उनके पुन्य तिथि पर जेबीटी संस्था की ओर से मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने आए दर्जनों महिला पुरुष के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम को जिला परिषद पूर्वी सदस्य विजय राम, जिला परिषद पश्चिमी के सदस्य आशा देवी, विधायक प्रतिनिधि बजरंगी प्रसाद, राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह , सहायक शिक्षक विजय कुमार सिंह ,कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष तारकेश्वर पासवान, वरीय नेता कमेश यादव ,शिक्षाविद सत्येंद्र कुमार सिंह, चंद्रबली चौबे ,मुकेश नारायण दीक्षित ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन वरुण तिवारी ने किया । मौके पर सुशील तिवारी, सतीश तिवारी ,संस्था अध्यक्ष मनोज प्रसाद ,पवन कुमार रवि, मोहम्मद अयूब ,शशि कुमार, दीपक सोनी ,मनीष सोनी आदि उपस्थित थे।

## रैयतों की है मांगें जायज : पूर्व विधायक



हरिहरगंज पलामू। एनएच 98 फोरलेन के विस्थापित रैयतों के धरना के छठे दिन पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता पहुंचे । इस दौरान धरना को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की रैयतों की मुख्य मांगों में ढाब, सेमरबार तथा कौवाखोह में अंडरपास का निर्माण करने ,विस्थापित रैयत का जो मुआवजा जमीन और भवन का मुआवजा दिया जा रहा है। उसको पुनर्मूल्यांकन कर बढ़ाने तथा जिनका ऑनलाइन खतियान 3 डी में नाम छूट गया है उसमें नाम चढ़ाकर वास्तविक रैयतों को मुआवजा देने आदि की मांग शामिल है । उन्होंने रैयतों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि वे उनके आंदोलन के साथ हैं । मालूम हो कि अपनी मांगों को लेकर फोरलेन निर्माण के प्रभावित रैयतों के द्वारा बीते 5 दिसंबर से ढाब बस स्टैंड के समीप धरना दिया जा रहा है । इस अवसर पर मुखिया जितेंद्र पासवान, विजय मेहता, अखिलेश गुप्ता, राणा पासवान, दीनानाथ साव, श्यामलाल यादव, परशुराम मेहता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ओरमांझी: गैरमजरूआ भूमि बचाने के लिए संगठित हुए ग्रामीण

## गैरमजरूआ भूमि का बनवा लिया फर्जी बंडा पर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



जमीन बचाने के लिए पहुंचे ग्रामीण।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के मधुकमा लोहराजरा में गैरमजुरूआ भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। रविवार को भूमि बचाने को लेकर धूमकुड़ी भवन मधुकमा में ग्रामप्रधान रंजीत मुंडा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा व मुखिया सीमा तिर्की व जनप्रनिधि सहित ग्रामीण की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि किसी को भी जमीन पर अवैध कब्जा होने नही दिया जाएगा। बताया गया कि मधुकमा मौजा के 63 खाते के प्लाट संख्या 186 व 188 में कूल 7.60 एकड़ भूमि है। उक्त भूमि पर ही कई सरकारी योजना धुमकुड़िया भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहराजरा, अखरा का निर्माण हुआ है। दो वर्ष पूर्व इसी जमीन पर फुटबॉल मैदान निर्माण करने के लिए मनरेगा योजना के तहत समतली करण कार्य भी शुरू किया गया था।

> कई सरकारी योजना का निर्माण हुआ। उस समय किसी ने जमीन पर दावा नही किया। अब जमीन पर अवैध कब्जा करने के कुछ लोग प्रयास कर रहें।
> **कमिश्नर मुंडा, जिप सदस्य।**

> ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि जमीन पर सिर्फ सरकारी योजना व बच्चों का खेल मैदान बनेगा। किसी का अवैध कब्जा होने नही दिया जाएगा।
> **सीमा तिर्की, मुखिया।**

समतली करण कार्य पूरा नही होने पर ग्रामीणों द्वारा खुद चंदा कर समतली करण कार्य शुरू किया गया है, लेकिन गांव के ही कुछ लोगों द्वारा फर्जी कागज के माध्यम अधिकार जमाया जा रहा है। इससे पूर्व नौ दिसंबर को ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यलय में इसकी शिकायत भी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त जमीन के साथ फोरेस्ट भूमि का भी फर्जी रूप से बंडा पर्चा बनवा लिया गया है। जिसकी जांच व कार्रवाई की मांग करते हुए ग्रामीणों ने कहा है कि किसी भी हाल में जमीन पर अवैध कब्जा होने नही दिया जाएगा। मौके पर 22 पड़हा अध्यक्ष बाबूलाल महली, धर्मनाथ महतो, कमलेष करमाली, राहूल करमाली, बानेश्वर करमाली, बिनोद महतो, रवि उरांव, उमेश उरांव, इंद्रदेव सिंह, राजू उरांव, सुरेश महली, प्रदीप करमाली सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### इटकी सीएनआई चर्च में मना कटनी पर्व

**इटकी।** इटकी के सीएनआई चर्च में रविवार को कटनी पर्व मनाया गया। ईसाई धर्मावलंबियों ने परमेश्वर के आशीष स्वरूप एक वर्ष की खेती की अच्छी पैदावार, आमदनी का प्रभु यीशु के धन्यवाद कर कटनी पर्व का आराधना किया। मौके पर मुख्य पादरी रेव्ह आदित्य प्रताप भुइंया के नेतृत्व में धन्यवाद सभा आयोजित की गयी व अपने परिश्रम के दसवां हिस्सा कलीसियाई समाज के लिए प्रभु यीशु के चरणों में समर्पित किया। नौकरी पेशा करने वाले कलीसियाई समाज के लोगों ने भी सहयोग राशि दान किया। कार्यक्रम में सहायक पादरी रेव्ह प्रभु सहाय हस्सा, अनूप टोप्पो शामिल थे।

### धार्मिक व सामाजिक आस्था मरांगबुरु की पूजा आज

**सोनाहातू।** क्षेत्र के लोगों का विश्वास एवं सामाजिक आस्था मारांगबुरु की पूजा सोमवार को किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर पूजा की अगुवाई करने वाले आदिवासी नवयुवकों का सोनाहातू पंचायत के विभिन्न गांव और टोली में बैठक किया गया। आसपास के पाहन ओर सांस्कृतिक दल उपस्थित होंगे। मरांग बुरु पूजा की पूरी तैयारी कर ली गई है।

### ठाकुरगांव: युवती लापता, सनहा दर्ज

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के भांटबोड़ेया गांव निवासी गजु साहु की पुत्री ज्योति कुमारी दो दिनों से घर से लापता है। मामले को लेकर परिजनों ने थाना में सनहा दर्ज कर अपनी पुत्री को खोजने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार ज्योति कुमारी शुक्रवार की सुबह से घर से लापता है। परिजनों द्वारा सभी संभावित जगहों में खोजबीन किया गया लेकिन कोई पता नही चल पाया है। लापता युवती मानसिक रूप से कमजोर भी है।

### रातू: फन कैशल पार्क में रक्तदान शिविर आयोजित

**रातू।** कनेक्टिंग होप्स व अन्नदानं धुर्वा के सौजन्य से रविवार को फन कैशल पार्क में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान पार्क निदेशक नितेश नाथ शाहदेव समेत स्थानीय युवाओं ने 36 यूनिट रक्तदान किया। स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से एकत्रित रक्त को रिम्स भेज दिया गया। प्रबंधन इसे जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजन कुमार, राधा सिंह, प्रभात कुमार राजन, प्रकाश, रवि कुमार व नवीन सिंह आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### असलम के इंतकाल पर सुपुर्द-ए-खाक में शामिल हुये विधायक

**राहे।** राहे गांव के 64 वर्षीय असलम अंसारी का इंतकाल रविवार सुबह को हो गया।असलम अंसारी राजनीतिक और सामाजिक रूप में काफी लोकप्रिय थे। माकपा ओर माले से अपनी राजनीतिक जीवन प्रांरभ किये। जदयू ओर आजसू में शामिल हुये। आजसू में काफी लंबे समय तक बुद्धिजीवी मंच के सक्रिय भूमिका में रहे। इनके निधन पर पूरा क्षेत्र गमसीन हुआ है। राहे गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। विधायक सुदेश महतो और तमाड़ विधायक सुपुर्द ए खाक में शामिल हुए।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**पिपरवार।** खलारी ट्रांसपोर्टिंग मार्ग में बीओसी लायंस क्लब चेक पोस्ट के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया । इस दुर्घटना में बाइक सवार 18 वर्षीय राहुल ठाकुर पिता राजेंद्र ठाकुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल बसंत उरांव को डकरा रीजनल हॉस्पिटल ले जाया गया । यह घटना रविवार दोपहर 1.30 की है। दुर्घटना के संबंध में घटना में घायल 18 वर्षीय बसंत ने कहा कि रविवार दोपहर बीओसी आवासीय कॉलोनी से मैं और राहुल दोनों दोस्त डकरा जाने को लेकर बीओसी कॉलोनी से बाइक लेकर निकले थे।

# तिलता में सरना धर्मावलंबियों के विरोध के बाद बजरा जीएल कब्रिस्तान में वृद्धा का हुआ अंतिम संस्कार

## 10 की सुबह घर में हुयी थी मौत, 34 घंटे तक पड़ा रहा शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता निवासी बंधना उरांव और उसके परिजनों को ईसाई धर्म अपनाना महंगा पड़ा। 70 वर्षीया बहन लिलो उरांव को गांव के श्मशान में दो गज जमीं भी मय्यसर नहीं हो पायी। 34 घंटे तक मृतका का शव घर में ही पड़ा रहा। सरना धर्मावलंबियों का विरोध के बाद रविवार की शाम करीब 6 बजे वृद्धा के शव को बजरा स्थित एजी चर्च कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इससे पूर्व सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। लेकिन लोगों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

### परिजनों की शर्त नामंजूर

परिजनों ने सरना में पुनर्वापसी की स्थिति में ही लिलो के शव को आदिवासी मसना में दफनाने की इजाजत दिये जाने की शर्त को मानने से इंकार कर दिया। इसके उपरांत चर्च प्रबंधन ने अपने कब्रिस्तान में लिलो के शव को दफन दिये जाने की सहमति दी। मौके पर बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग मौजूद थे। बताते चलें कि बंधना उरांव के परिवार में पत्नी समेत दो पुत्र और तीन पुत्री हैं। यह परिवार चार साल पहले सरना त्याग इसाई धर्म अपना लिया है। इसके सरना धर्म को त्यागने और इसाई धर्म अपनाने से ग्रामीण और परिवार के लोगों में रोष है। इसे लेकर ही उन्होंने उसके अंतिम संस्कार को खलल पैदा किया।

### ग्रामीणों ने कब्र खोदने से रोका

बीमार लिलो का निधन शनिवार की सुबह 8 बजे हो गया था। भतीजा संदीप टोप्पो परिवार के युवकों को लेकर श्मशान गया। इतने में गांव के लोग वहां आये और शव को यहां दफनाने से मना कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यह परिवार ईसाई धर्म अपना चुका है, इसलिये मृतका का दफन भी ईसाई कब्रिस्तान में और गांव से बाहर किया जाये।

# बुंडू: जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी हेमंत सरकार: विकास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू झमुमोनीत राज्य सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी। पिछ्ला 2 वर्ष का कोविड काल सबके लिए हतोत्साहित करने वाला था, परन्तु अब सब कुछ पटरी पर है। तमाड़ विस क्षेत्र के हर गांव के बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा।उक्त बातें स्थानीय झामुमो विधायक विकास कुमार मुंडा ने पथ निर्माण विभाग के 19 करोड़ 72 लाख 6 हजार के प्राक्कलित राशि से रांची टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग के तुंजु मोड़ से एडकेया .सुटीलौंग.विचाहातु पथ के पुल एवं पुनः निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहीं।श्री मुंडा ने कहा कि योजना के पहले चरण में कांची एवं रायसा नदी पर विभिन्न गांवों में लिफ्ट इर्रिगेशन योजनाएं बनेगी बरसाती नदियों के पानी का प्रबंधन होगा और खेत सिंचित होगी।उन्होंने कहा कि संवेदक यह सुनिश्चित करे कि पथ का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो एवं समय सीमा पर निर्माण कार्य पूरा हो। मौके पर जिप सदस्य भवानी देवी, प्रमुख राजकुमार बिंझिया, झामुमो नेता कलेश्वर मुंडा, मेथा पाल, शिवनाथ मुंडाएमनोज मंडलएऋषिकेश महतोएहर्षवर्धन शर्माए रामसिंह महतो, परीक्षित महतो प्रो लोहरा महतो, गिरीश मुंडा, कांची मुखिया नारायण उरांव, तुंजु मुखिया लालमोहन पाहन, पंस सदस्य सिंगराय दास सहित अन्य मौजूद थे।

# महादेव उरांव अध्यक्ष और संजय बने सचिव, उपाध्यक्ष बुधराम मुंडा

## आदिवासी छात्र संघ नगड़ी प्रखंड समिति का गठन




**रातू।** आदिवासी छात्र संघ की बैठक नगड़ी स्थित मेला टिकरा स्थल में हुयी। रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत और समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार आदि को लेकर चर्चा की गयी।इसके बाद प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से महादेव उरांव अध्यक्ष, बुधराम मुंडा उपाध्यक्ष, संजय उरांव सचिव, उपसचिव अनुज उरांव उप सचिव, महादेव बेक प्रवक्ता, शनि उरांव कोषाध्यक्ष चुने गये। वहींए संरक्षक मंडली में रामजू उरांव, मनीष प्रकाश उरांव व अमर उरांव शामिल हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष राजू उरांव, जिला प्रवक्ता मंगल उरांव, रातू प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा, बुढ़मू प्रखंड प्रभारी सुशील उरांव और मांडर कॉलेज अध्यक्ष लक्ष्मण उरांव मौजूद थे।

# मानवता शर्मसार: हंठुवा पुल किनारे मिला भ्रूण

## छानबीन में जुटी पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। रविवार की सुबह हंठुआ पुल के नीचे जमें पानी में भ्रूण मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो से साईं मंदिर जाने वाली सड़क के हंठुआ पुल के नीचे जमें पानी में बच्चे का भ्रूण मिलने के बाद लोगों की भीड़ लग गयी। इधर मछली पकड़ने वाले एक बच्चे ने पानी में पड़ा काला प्लास्टिक देखा था। जिसकी जानकारी आस पास के लोगों दी। वहीं मामले की जानकारी बेड़ो थाना पुलिस दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर एएसआई अक्षय सिंह व पुलिसकर्मी पुल के पास पहुंचे। वहीं पुलिस ने भ्रूण को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर आशंका व्यक्त की जा रही है कि लोक लाज के चलते वहां भ्रूण को फेंका गया है। आसपास के लोगों ने आशंका व्यक्त किया है कि शनिवार को शाम के बाद पुल में अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंका गया होगा। वहीं मछली पकड़ने वाले एक बालक ने प्लास्टिक में कोई काम की चीज मिलने की उम्मीद से उसे खोल दिया। बालक ने जैसे ही खोला तो उसके होश उड़ गए। प्लास्टिक में एक अजन्मे बच्चे की लाश थी। थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जाएगा। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# झामुमो के मिलन समारोह में दर्जनों ने थामा पार्टी का दामन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके/पिठोरिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखंड कमेटी का रविवार को राड़हा पिपरा जारा में मिलन समारोह का आयोजन यिका गया। इस मिलन समारोह में क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने बबलू उरांव के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने किया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में वरीय झामुमो नेता जनक नायक ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के प्रति अपनी आस्था जता रही है। जिसके कारण दूसरे पार्टी छोड़कर झामुमो की सदस्यता ले रहे हैं। झामुमो उनके मान सम्मान के लिए खड़ा रहेगी। वहीं इस मिलन समारोह में राड़हा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसके तहत सर्वसम्मति से अध्यक्ष बबलू उरांवए उपाध्यक्ष बेनी लोहराए श्याम उरांव, अनिल उरांव, सचिव सोमा उरांव, संगठन सचिव मुमताज अंसारी, अजय लोहरा, कार्तिक लोहरा, संयुक्त सचिव अनिल टोप्पो, किशोर मिंज, कोषाध्यक्ष विशेश्वर उरांव सहित 25 लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया। मौके पर इचापिड़ी मुखिया लाखो उरांवए सबीबुल रहमान, रजनीचन्द्र पहान, दिलचन्द लोहरा, साहरुख खलीफा चुने गए।

# गूंज को विकास महोत्सव के रूप में मनाने पर चर्चा

## राहे में आजसू का क्षेत्रीय सम्मेलन

**राहे।** प्रखंड के डोमनडीह स्कूल मैदान में आजसू पार्टी राहे प्रखंड स्तरीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख, सक्रिय दीदी, महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी, युवा आजसू के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेश्वर महतो ने किया। सम्मेलन में आजसू पार्टी प्रमुख सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामूहिकता और जनभागीदारी से हम क्षेत्र की हालात बदलेंगे। आज पढ़ाईए दवाई एवं न्याय ये तीनों चीजें आम लोगों से दूर होते जा रही है। इन मुलभुत जरुरतों में सुधार के लिए आजसू कटीबद्ध है एवं इस मसले पर व्यापक बदलाव के लिए पार्टी ने बृहद कार्ययोजना तैयार किया है। जिसका सुभारंभ सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से किया जायेगा जिसमें सिल्लीए प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का भी मोडल बनेगा। उन्होंने कहा 'पढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्ली' अभियान के तहत क्षेत्र के 6 उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की गई हैए जल्द ही सभी 28 उच्च विद्यालयों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की जाएगी। आगे अन्य विद्यालयों को भी इस तरह के शिक्षा पद्धति से जोड़ा जाएगा जिससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे भी प्राइवेट विद्यालयों के तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे।

# नगड़ी: सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत नगड़ी प्रखंड के नारो पंचायत में पिस्का से कुदलौंग गांव को जोड़ने वाले सड़क पर स्वर्ण रेखा नदी में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास रांची सांसद संजय सेठ और हटिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। पुल का निर्माण झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत किया जा रहा है। मौके पर सांसद संजय सेठ ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा इस कई गांवों को जोड़ने वाले सड़क पर स्वर्ण रेखा नदी के ऊपर एक मजबूत और स्थाई पुल निर्माण की मांग काफी समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। वहीं विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र के गांवों का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता से की जा रही है। पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता की निगरानी ग्रामीण भी करें।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर जिला परिषद सदस्य पुनम देवी समाजसेवी बजरंग महतोए सांसद प्रतिनिधि केदार महतोए विरेन्द्र महतो एविजय महतोएबिरसा किस्पोट्टा ए सहित अन्य ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होगा पुल

## 4.83 करोड़ की आयेगी लागत

## सांसद-विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि तारूप पंचायत के टिकराटोली और अंबाटोली के विकास में यह पुल मील का पत्थर साबित होगा। वर्षो से लंबित लोगों की मांग पूरी हुयी है। इसके बनते ही यहां सड़क का भी निर्माण कराया जायेगा। वह रविवार को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत स्वीकृत पुल के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। श्री जायसवाल ने विभागीय अभियंता व संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व सांसद संजय सेठ व विधायक ने नारियल फोड़ इसका शिलान्यास किया। इसके निर्माण में करीब 4़83 करोड़ की लागत आयेगी। बताते चलें कि पुल टिकराटोली और अंबाटोली को जोड़ेगी। इससे सांगा, मालसिरिंग, सियारटोली, सिरंगों व करकटा गांव के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा होगी। कार्यक्रम में आये लोग काफी उत्साहित नजर आये। उन्होंने राज्य सरकार व प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की, मुखिया अहिल्या उरांव, सरपंच सलगी उरांव, उप मुखिया बंधु महतो, संजय राय, पंकज राय, जेम्स खलखो, रूपेश महतो, देवेंद्र सिंह, कृष्णा भगत, चंद्रनाथ महतो, लाला उरांव, रीता भगत, रमेश साहू, राजीव रंजन मिश्र उर्फ चिंटू, रंजन साहू आदि सैकड़ों ग्रामीण।

## एक नजर में

### पीड़ित किसानों से मिलने पहुंचे आदित्य साहू

**ओरमांझी।** जंगली हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा जाएजा लिया गया है। रविवार को आदित्य साहू क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर पीड़ित किसानों से नुकसान की जानकरी ली। हाथियों की झुंड द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कई किसानों के खेत में लगे मटर, आलू, टमाटर, बीन आदि फसल नुकासान किया गया है। वहीं कई किसान के ड्रीप मशीन व काट कर रखे धान की फसल का भी नुकसान पहुंचाया गया है। आदित्य साहू ने विभाग से किसानों को जल्द मुआवजा देने को कहा है। वहीं सूचना है कि हाथियों का झुंड रोला मतातू गणेशपुर आगे बढ़ते हुए पालू पहुंचे और भेड़ा नदी स्थित डेरा डाले हुए हैं। मौके पर मुखिया सुफल महली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, अमरनाथ चौधरी, अलखनाथ महतो, राजधाम साहू, राजकिशोर साहू, सुरेंद्र महतो, बाबूराम महतो, कृष्णा महतो, कमलेश महतो, मदन महतो, मुकेश महतो, सपना महतो आदि उपस्थित थे।


### मंटू ब्रदर्स ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

बुंडू। बुंडू प्रखंड स्थित हेसापिडी.गांव में बुरू पर्व के अवसर पर फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें 8 टीमों के बीच मैच खेली गई। विजेता टीम मंटु ब्रदर्स एवं उपविजेता रूसीका फुटबॉल क्लब को संयुक्त रूप से पुरस्कार का वितरण जिला परिषद सदस्य परमेश्वर शांडिल एवं बुंडू प्रमुख राजकुमार बींझीया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में धनु नागएमनोज महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर मुखिया संदीप उरांव, किरण देवी, राधीका देवी, हरीहर महतो, संतोष महतो, बजरंग गोंझु, कमेटी अध्यक्ष लखिनारायण मुंड़ा, कुंदन गौंझु आदि मौजूद थे।

### 5100 लोगों के बीच कंबल का वितरण

**सोनाहातू।** मारुति मंगल परिवार के द्वारा प्रखंड के हेसाहातू गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कंबल वितरण कार्यक्रम में सोनाहातू ओर राहे प्रखंड के विभिन्न गांवों के 5100 जरूरतमंदों के बीच संस्था की ओर से कंबल दिया गया । इस दौरान संस्था के लोगों ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा में मारुति मंगल परिवार हमेशा उपलब्ध रहेगा। गांव के लोगों के सामाजिक एधार्मिकए आर्थिक कार्यक्रमों में हमेशा संस्था का सहयोग रहेगा। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, जिला समिति सदस्य भोला कोइरी, निरंजन गोप, मदन कुमार, आनंद जोगी, मुकुंद, सुरेश कोइरी, बलराम कोइरी, विपिन, कामेश्वर, जन्मेजय, अंबुज, हलदर मुंडा आदि उपस्थित थे।

### रातू: लूट के एक आरोपी को जेल, तीन फरार



**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 405֊22 के प्राथमिकी अभियुक्त 19 वर्षीय रोहित गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह मांडर के टांगर बसली बाजारटांड़ निवासी स्व विजय महतो का पुत्र है। कांड में शामिल अमित गोप, अजित उरांव व अजय उरांव फरार बताये जा रहे हैं। यह तीनों भी उसी गांव के रहने वाले हैं। इन पर 9 दिसंबर की रात करीब 8रू30 बजे इटकी रानी खटंगा के सुमित मिंज से ब्राम्बे.पाली रोड स्थित चिमनी भट्ठा के समीप हथियार का भय दिखाकर मोटर साइकिल लूटने की नीयत से मारपीट कर घायल करने व 52 सौ रुपये नकद लूट लेने का आरोप है। पुलिस के हत्थे चढ़े रोहित गोप के पास से चोरी में प्रयुक्त अपाची मोटर साइकिल जेएच01 सी जेड 3537 और एक मोबाइल जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान में थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक चमरा मिंजए पिंटू कुमारए हशनैन अंसारीए अंजन कुमार और सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे। श्री महथा ने बताया कि अपराधी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

### सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलेगा अभियान

**रातू।** प्रखंड के आमटांड़ में रविवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंघ स्थानीय इकाई की बैठक हुयी। इसमें दहेज प्रथाए बाल विवाहए नशापान आदि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने और शिक्षा के प्रचार.प्रसार व समाज के गरीब और असहाय जनों के बेटी की शादी में मदद के लिये कोष इक्कठा करने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव साहू, भरत काशी साहू, हरीनाथ साहू, हजारी साहू, संजय साहू, हीरा लाल साहू, पप्पू साहू, जगदीश साहू, अशोक प्रियदर्शी, गणेश साहू, कुंज बिहारी, मनोज कश्यप, मिथिलेश साहू, दीपेंद्र साहू, अमरदीप साहू, मुरारी गुप्ता, कलावती देवी, रेनू देवी व तारामणि देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। इसमें महिलाएं भी थी।

### मैकलुस्कीगंज: मेला व बाजार के विस्तार को लेकर बैठक

**मैक्लुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज के विकास नगर बुध बाजार परिसर में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरेन्द्र उरांव ने किया। बैठक में पुश पूर्णिमा के दिन लगने वाले पशु मेले व बाजार के आयोजन एवं विस्तार पर चर्चा किया गया। इसमें संरक्षक लपरा मुखिया पुतुल देवी, जगरनाथ महतो, भुनु चौधरी, अध्यक्ष जितेंद्र नाथ पांडेय, उपाध्यक्ष अनिल गंझू, सचिव प्रदीप यादव, सह सचिव आलोक यादव, गुलटन घटवार, प्रभु मुंडा, छोटु गिरी, बैजू मून्डा, कोषाध्यक्ष हरेन्द्र उरांव, उप कोषाध्यक्ष संतोष मुन्डा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेदिया विकास परिषद का सम्मेलन

**सिकिदिरी।** बेदिया विकास परिषद के सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को टाटी सुरसू में एक बैठक रामानंद बेदिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला के समाज के बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए। रामानंद बेदिया ने बताया की बेदिया समाज का मार्च में एक विशाल सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस सम्मेलन में समाज में शिक्षा को बढ़ावा, राजनीतिक भागीदारी कैसे हो। समाज के लिए धर्मशाला का निर्माण करनेएसमाजिक कुरीतियों को समाप्त करने, नशा मुक्ति आदि बिन्दु पर चर्चा होगी। मौके पर परिषद के अध्यक्ष शंकर बेदिया, एतवा बेदिया, राजेश बेदिया सावना बेदिया, श्यामसुंदर बेदिया, कंचन बेदिया, योगेन्द्र बेदिया, बसंत बेदिया, महाबीर बेदिया, बीरबल बेदिया, जीतराम बेदिया, सरजू बेदिया आदि मौजूद थे।

### चिकित्सा शिविर में 326 मरीजों का इलाज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के राजकीय कन्या मध्य पुरियो विद्यालय के प्रांगण में रविवार को वनवासी कल्याण केंद्र रांची महानगर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सह दवाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शिविर में 326 लोगों ने अलग.अलग बीमारियों का जांच कराकर दवाइयां लिया। इधर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता जगरनाथ भगत मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र हमेशा से झारखंड के सुदूरवर्ती गांवों में रहनेवाले गरीब और कमजोर लोगों की सेवा करता आ रहा है।

# सार्थक प्रयास

सरकार ने देश को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 11,000 करोड़ रुपये मूल्य का तिलहन मिशन शुरू करने की बात कही है। यह ऐसा कदम है जो बहुत पहले उठा लिया जाना चाहिए था। देश में सन 1990 के दशक से ही खाद्य तेल की कमी रही है जबकि यह व्यापक खपत वाला उत्पाद है। घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए यदाकदा प्रयास किए गए लेकिन उनमें कोई खास कामयाबी नहीं मिल सकी। ऐसा इसलिए हुआ कि मूल्य निर्धारण को लेकर सही नीतियां नहीं बनाई गईं। नीतियां अक्सर ऐसी बनीं जिन्होंने उपभोक्ताओं के हितों को ज्यादा तरजीह दी जबकि उत्पादकों के हितों की अनदेखी की गई। परिणामस्वरूप आपूर्ति की कमी में इजाफा जारी रहा और भारत खाद्य तेलों का आयात करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया। आज देश अपनी जरूरत का 70 फीसदी तेल आयात करता है। आयात के क्षेत्र की बात करें तो मूल्य के हिसाब से यह पेट्रोलियम उत्पादों के बाद दूसरा सबसे बड़ा आयात है। इस स्थिति को लंबे समय तक जारी नहीं रहने दिया जा सकता। इस आयात ने अब सभी पर असर डालना शुरू कर दिया है क्योंकि हाल के दिनों में मांग बढ़ने और आपूर्ति स्थिर रहने के कारण दुनिया भर में खाद्य तेल की कीमतों में इजाफा हुआ है।माना जा रहा है कि प्रस्तावित मिशन तिलहन उत्पादन में इजाफा लाएगा क्योंकि उत्पादकों को जरूरी कच्चा माल, तकनीक और जानकारी मुहैया कराई जाएगी। योजना के मुताबिक इसी खरीफ सत्र में किसानों को मूंगफली और सोयाबीन समेत विभिन्न तिलहनी फसलों की अधिक उत्पादन वाले और बीमारी तथा कीटाणुओं से बचाव की क्षमता रखने वाले बीजों के मिनी किट किसानों को उपलब्ध कराने की योजना है।


# पाक फौज की करतूत

पाकिस्तान की फौज को दुनिया की सबसे ज्यादा भ्रष्ट फौज माना जाता है। पाकिस्तान का हर महत्वाकांक्षी नौजवान फौज में भर्ती होना चाहता है, क्योंकि वहां मूंछों पर ताव देकर रहना और पैसा बनाना सबसे आसान होता है। पाकिस्तान के लोग फौजियों का जरूरत से ज्यादा सम्मान करते हैं या उनसे बहुत ज्यादा डरते हैं, कहा नहीं जा सकता।

इस वक्त जनरल कमर बाजवा पाकिस्तान के सेनापति हैं। उनकी कुल निजी संपत्ति लगभग 500 करोड़ रु. की आंकी जा रही है। इसका पता तो उनके खिलाफ प्रचार कर रही एक वेबसाइट ने दिया है। यह भी एक कारण बताया जा रहा है, उनके स्वेच्छा सेवानिवृत्त होने का! पाकिस्तान के कई फौजियों के जैसे आलीशान मकान मैंने लंदन, न्यूयार्क, फ्रेंकफर्ट और दुबई में देखे हैं, वैसा एक भी मकान किसी भारतीय सेनापति का विदेशों में कभी नहीं दिखा। पाकिस्तान में फौज ने भारत का ऐसा भयंकर डर पैदा कर रखा है कि पाकिस्तानी जनता उसे अपना सर्वेसर्वा बनाने पर मजबूर हो जाती है। वह किसी भी बड़े फौजी को अपना तानाशाह स्वीकार कर लेती है। वह जुल्फिकार अली भुट्टो, बेनजीर और नवाज शरीफ जैसे लोकप्रिय नेताओं को जब चाहे कान पकड़कर बाहर कर देती है। इमरान खान जैसे नेता का जीना भी हराम हो जाता है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान की फौज ने सत्ता के साथ पत्ता (नोट) को भी अपने काबू में ले लिया है। वह राजपूती दिखाते-दिखाते बनियागीरी भी करने लगी है। उसने लगभग डेढ़ लाख करोड़ रु. का कारोबार चला रखा है। उसमें बैंकिंग, मेडिकल सर्विसेज, खाद, बीज, तेल, पेट्रोल पंप, बिजली घर, एयरपोर्ट सर्विसेज आदि दुनिया भर के धंधे खोल रखे हैं। इन धंधों के संगठनों को कई नाम दे रखे हैं लेकिन उन्हें फौजी ही चलाते हैं।

# काशी- तमिल संगमम- राजऋषि पथ पर मोदी



**- संजय तिवारी**

> श्री अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर, श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर, श्रीसोमनाथ, श्री महाकाल उज्जैन, श्री केदार, श्री केदार गुफा, श्रीरामानुजाचार्य की प्रतिमा, श्री शंकराचार्य की प्रतिमा, श्री अम्बा देवी कॉरिडोर, बांग्लादेश में श्री शक्ति पीठ, अरब में भव्य मंदिर , प्रयागराज का तीर्थ क्षेत्र और संगम कुम्भ से लेकर सरदार पटेल और नेता जी सुभाष तक की प्रतिमाओं पाकर सनातन की ध्वजा विश्व को आलोकित और चमत्कृत कर रही है।

**काशी** में जो परसों हुआ वह सनातन संस्कृति के इतिहास का महानतम पृष्ठ है। प्राचीन सनातन शास्त्रों में वर्णित ऋषि अगस्त्य की यात्रा से लेकर भगवान आदि शंकराचार्य की समूची परंपरा बहुत सलीके से नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत हो रही है। नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के रूप में हम भारत के उस सनातन राज ऋषि को साक्षात देख रहे हैं जो एक-एक कर सनातन प्रतीकों की पुनर्स्थापना कर विश्व की इससे परिचित कराने में पूरी शक्ति से जुटा हुआ है। यह संयोग ही अद्भुत है। यह लिखना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह केवल एक आयोजन अथवा घटना भर नहीं है। इसके पीछे निश्चित रूप से दैव योग भी है जो 2014 से विश्व की बता रहा है कि सनातन संस्कृति में समय-समय पर ऐसे ऋषि योद्धा जन्म लेते हैं और सनातन की यात्रा को और भी प्रभावी बनाकर विश्व के समक्ष रखते हैं। यही यात्रा भारत को सदैव सांस्कृति रूप से अखंड और अक्षुण्य रखती है। आज का भारत उसी दिशा में यात्राशील है। इस यात्रा के महानायक या कहें कि इस संघर्ष के महायोद्धा निश्चित रूप से नरेंद्र मोदी ही हैं।

श्री अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर, श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर, श्रीसोमनाथ, श्री महाकाल उज्जैन, श्री केदार, श्री केदार गुफा, श्रीरामानुजाचार्य की प्रतिमा, श्री शंकराचार्य की प्रतिमा, श्री अम्बा देवी कॉरिडोर, बांग्लादेश में श्री शक्ति पीठ, अरब में भव्य मंदिर , प्रयागराज का तीर्थ क्षेत्र और संगम कुम्भ से लेकर सरदार पटेल और नेता जी सुभाष तक की प्रतिमाओं के अलावा ऐसे अनेक प्रकल्प और प्रवाहकल्प हैं जिनको लेकर, देखकर और पाकर सनातन की ध्वजा अत्यंत ऊर्ध्वगामी लहरों के साथ विश्व को आलोकित और चमत्कृत कर रही है।

नरेन्द्र मोदी के भीतर अवश्य एक ऐसा महान ऋषि है जिसे हम इस काल मे पूरी सक्रियता और तन्मयता से क्रिया भाव मे देख पा रहे हैं। काशी में तमिल संगमम तो मुझे लगता है एक शुरूआत जैसा है। देश मे भारत जोड़ो के नाम से आजकल एक और यात्रा चल रही है जिसको लोग देख रहे हैं। उस यात्रा से भारत कितना जुड़ पाया है यह तो समय बताएगा लेकिन मोदी की महान सनातन योजनाओं की कड़ी के रूप में काशी तमिल संगमम से जो यात्रा आरंभ हुई है वह निश्चय ही बहुत प्रभावकारी होगी , यह सुनिश्चित है। यह मैं पहले भी कई बार लिख चुका हूं और ऐसा मानता भी हूं कि नरेन्द्र मोदी को सामान्य रूप में डीकोड करना बहुत कठिन है क्योंकि उनकी कोई योजना अचानक नही होती । हर योजना के पीछे समग्र शोध, उसके परिणाम और प्रभाव निहित होते हैं। उनके कार्ययोजना में संबंधित संदर्भ के अति पारंगत और प्रभावी अवयव भी निर्दिष्ट रूप से सम्पूर्ण समर्पण के साथ क्रियाशील होते हैं।

नरेन्द्र मोदी की उत्तर भारत से दक्षिण भारत को जोड़ने के इस सांस्कृतिक, शैक्षिक अभियान में प्रो. जोशीपुरा पूरे प्राण प्रण से लगे हैं। इस अभियान में निश्चित रूप से और भी अनेक लोग होंगे । प्रो. जोशीपुरा जी की पत्नी डॉ. भावना जोशीपुरा राजकोट की प्रथम महिला मेयर रह चुकी हैं। ऐसी ही समर्पित टीम की शक्ति से मोदी के वे सपने साकार हो रहे हैं जो कल्पना से आकार देने के लिए प्रयोग के रूप में शुरू किए गए हैं। उनके काशी के ही परसों के संबोधन को देखिए, कैसे उसमें नए भारत और सनातन संस्कृति गूढ़ रहस्य उद्घाटित हो रहे हैं। वह बहुत स्पष्ट संदेश देते हैं- गंगा यमुना के संगम जितना ही पवित्र है काशी और तमिलनाडु का संगम। तमिल दिलों मे काशी के लिए अविनाशी प्रेम न अतीत में कभी मिटा न भविष्य में कभी मिटेगा। दक्षिण के विद्वानों के भारतीय दर्शन को समझे बिना हम भारत को नहीं जान सकते। तमिल भाषा और विरासत को बचाना देश के 130 करोड़ देशवासियों का कर्तव्य है। गंगा-यमुना जैसी अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य को समेटे हुए है काशी तमिल संगमम।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री हर हर महादेव, वणक्कम काशी, वणक्कम तमिलनाडु कहकर सभी अतिथियों का स्वागत करते हैं। फिर संबोधित करते हैं- हमारे देश में संगमों की बड़ी महिमा है। नदियों-धाराओं के संगम से लेकर विचारों और विचाधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाज व संस्कृतियों के हर संगम को हमने सेलिब्रेट किया है। ये सेलीब्रेशन वास्तव में भारत की विविधताओं और विशेषताओं का है। आज हमारे सामने एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हुए हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है तो दूसरी ओर भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। ये संगम भी गंगा-यमुना की तरह ही पवित्र है। ये गंगा-यमुना जैसी अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य को अपने में समेटे हुए है। संस्कृति और सभ्यता के टाइमलेस सेंटर हैं काशी और तमिलनाडु। हमारे यहां ऋषियों ने कहा है एको हं बहुस्याम, यानी एक ही चेतना अलग अलग रूपों में प्रकट होती है। काशी और तमिलनाडु की फिलॉसफी को हम इसी रूप में देख सकते हैं। दोनों क्षेत्र संस्कृत और तमिल जैसी विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं के केंद्र हैं। काशी में बाबा विश्वनाथ हैं तो तमिलनाडु में रामेश्वर का आशीर्वाद है। काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय और शक्तिमय है। एक स्वयं में काशी है तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। काशी और कांची दोनों का सप्तपुरियों में महत्वपूर्ण स्थान हैं। दोनों संगीत, साहित्य और कला का अद्भुत स्रोत हैं। काशी का तबला है और तमिलनाडु का तन्नुमाई। काशी में बनारसी साड़ी है तो तमिलनाडु का कांजीवरम सिल्क पूरी दुनिया में फेमस है। दोनों भारतीय अध्यात्म के सबसे महान आचार्यों की जन्मभूमि और कर्मभूमि है। काशी भक्त तुलसी की धरती है तो तमिलनाडु संत तिरुवल्लुवर की भक्तिभूमि है। जीवन के हर क्षेत्र में काशी और तमिलनाडु की एक ऊर्जा के दर्शन होते हैं।

हमें आजादी के बाद हजारों वर्षों की परंपरा और विरासत को मजबूत करना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से इसके लिए बहुत प्रयास नहीं किए गए। काशी तमिल संगमम आज इस संकल्प के लिए एक प्लेटफार्म बनेगा। हमें राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा देगा। विष्णुपुराण का एक श्लोक हमें बताता है कि भारत का स्वरूप क्या है। भारत वो है जो हिमलाय से लेकर हिन्द महासागर तक सभी विविधताओं को समेटे हुए है और उसकी हर संतान भारतीय है।

## खास बात

### कैसा संदेश?

**ऋतुपर्ण दवे**

इन दिनों देश में गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव के साथ दिल्ली महानगर पालिका चुनावों की पूरे देश में भले ही चर्चा हो रही हो लेकिन एक राज्य ऐसा भी है जहां विधानसभा चुनाव को पूरे वर्ष भर बाकी हैं लेकिन राजनीतिक सरगर्मियां कुछ ऐसी हैं कि पूछिये मत। चुनावी समर में भाजपा और कांग्रेस जोर आजमाइश में एक-दूसरे से पीछे नहीं है। राष्ट्रपति का दौरा, प्रधानमंत्री का महीने भर के अंतराल में दो बार दौरा, केन्द्रीय गृहमंत्री का दौरा और अब सरकार की गौरव यात्रा तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पहुंचने के मायने बेहद खास हैं। कहने की जरूरत नहीं कि बात मध्य प्रदेश की हो रही है। अगले वर्ष यानी 2023 में ठीक इन्हीं दिनों देश का दिल कहें या भारत का हृदय प्रदेश, मध्य प्रदेश चुनावी कोलाहल की उफान में डूबा हुआ होगा।

2018 के चुनाव में थोड़े से अंतराल से पिछड़ने के बाद बहुमत से पिछड़ी भाजपा को दोबारा सत्ता में आने खातिर जिस तरह से नाटकीय घटनाक्रम हुए जिसमें कांग्रेस विधायकों का थोक इस्तीफा, दलबदल और उप-चुनाव में पसीना बहाकर बहुमत हासिल करना पड़ा, वैसी नौबत ही न आए, सारी कवायद बस इतनी है। मतदाताओं को साधने की कवायद में भाजपा तेजी से सक्रिय है। किसी न किसी बहाने लोगों तक पहुंच रही है, उस मुकाबले कांग्रेस बहुत पीछे है। राहुल गांधी की पदयात्रा कांग्रेस को कितनी संजीवनी दे पाएगी यह वक्त बताएगा।

लेकिन जो दिखता है और लोग मानते भी हैं कि जिस आत्मविश्वास, उत्साह, इशारे और संगठानात्मक मजबूती के साथ शिवराज सिंह चौहान के तेवर बदले हुए हैं वो बताते हैं कि वो पांचवीं बार भी प्रदेश की कमान संभालने की जुगत में अभी से जुट गए हैं। तमाम सभाओं में आला अधिकारियों को फटकारना, निलंबित करना, अपराधियों विशेषकर बलात्कारियों या सूदखोरों के घर ढहा देने के फैसलों से भी एक नई हवा बनी है। कभी यह चर्चा होती थी कि वो दिल्ली को भाते नहीं है, वह भी नहीं कार्यकताओं को बड़ा संदेश गया।

# विचारों का सम्मान

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

झारखंड विधान सभा के 22 वी स्थापना दिवस के संध्या कवि सम्मेलन में भाग लिया।समय के साथ - साथ कवि सम्मेलनों में अनेक सकारात्मक बदलाव आए हैं। एक अच्छे व्यक्तित्व के बारे में जाने को मिला।

**– रविन्द्रनाथ महतो, स्पीकर**

## आपके ट्वीट

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से झारखण्ड की लाखों बेटियों के सपने हो रहे साकार...

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





देशवासियों के विकसित भारत के प्रण के आज सारथी बने सभी युवाओं को मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। कर्मयोगी भारत टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म का भरपूर लाभ उठाएं और राष्ट्र निर्माण में अधिकतम योगदान दें।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




# प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन रोकने की जरूरत



**मनोज शर्मा**

**जलवायु** परिवर्तन की समस्या के समाधान की दिशा में हालिया रिपोर्ट भी इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि मानव गतिविधियां, पूर्व औद्यौगिक स्तर से वर्तमान में 1.0 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का प्रमुख कारण रही हैं। यदि यह इसी दर से बढ़ती रही तो 2030 से 2052 के बीच यह 1.5 डिग्री हो जायेगी।

इसके चलते भूमि और महासागरों के औसत तापमान में बढ़ोतरी होगी। कई क्षेत्रों में भारी वर्षा होगी, भयंकर सूखे के हालात पैदा होंगे, समुद्री जलस्तर बढ़ेगा, इससे तटीय समुद्री द्वीप व निचले तटीय देश सर्वाधिक प्रभावित होंगे और डेल्टाई क्षेत्र डूबने के कगार पर पहुंच जायेंगे। जैव विविधता की हानि होगी, जमीन की उर्वरा शक्ति प्रभावित होगी, प्रजातियों की विलुप्ति की दर में और समुद्री जल में अम्लता की दर में तेजी से बढ़ोतरी होगी। आर्कटिक की बर्फ पिघलने की दर तेजी से बढ़ेगी और मत्स्य पालन में भारी नुकसान होने की आशंका बलवती होगी। कोरल व मूंगा की चट्टानें के नष्ट होने की दर में बढ़ोतरी होगी। साल 2100 तक 1.5 डिग्री तक ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए 100 से 1000 गीगाटन के बीच कार्बन 6डाईआक्साइड को घटाना होगा।

असल में यह रिपोर्ट कृषि अपशिष्ट, कोयला खनन, मीथेन पर एक नये विज्ञान को समझने की बेहद जरूरत का खुलासा करती है। इसे अभी तक लगभग एक-चौथाई वैश्विक तापमान के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद नीति निमार्ताओं ने बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि वैश्विक तापमान वृद्धि से लम्बे समय से बचने का एक तरीका नवीकरणीय ऊर्जा की ओर जाना है।

यह कटु सत्य है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के आधे से अधिक उत्सर्जन के लिए जिम्मेवार है। इसे यदि वैश्विक आबादी के स्तर पर देखें तो यह वैश्विक आबादी के एक महत्वपूर्ण अनुपात के साथ दुनिया के सबसे अधिक तेजी से विकासशील क्षेत्रों में से एक है। गौरतलब यह है कि इसी क्षेत्र में ऐसे बहुतेरे छोटे-छोटे द्वीप हैं, जिनका अस्तित्व आज समुद्री जल स्तर में बढ़ोतरी के चलते खतरे में है। आज जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव समूची दुनिया के लिए भीषण समस्या है। दरअसल जलवायु परिवर्तन आज एक ऐसी अनसुलझी पहेली है, जिससे हमारा देश ही नहीं, समूची दुनिया जूझ रही है। जलवायु परिवर्तन और इससे पारिस्थितिकी में आये बदलाव के चलते जो अप्रत्याशित घटनाएं सामने आ रही हैं, उसे देखते हुए इस बात की प्रबल संभावना है कि इस सदी के अंत तक धरती का काफी हद तक स्वरूप ही बदल जायेगा। इस विनाश के लिए जल, जंगल और जमीन का अति दोहन जिम्मेवार है। बढ़ते तापमान ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। वैश्विक तापमान में यदि इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो इस बात की चेतावनी तो दुनिया के शोध अध्ययन बहुत पहले ही दे चुके हैं कि आने वाले समय में विश्व में 2005 में दक्षिण अमेरिका में तबाही मचाने वाले आये कैटरीना नामक तूफान से भी भयानक तूफान आयेंगे। सूखा और बाढ़ जैसी घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी। तापमान में बढ़ोतरी की रफ्तार इसी गति से जारी रही तो धरती का एक-चौथाई हिस्सा रेगिस्तान में तबदील हो जायेगा। दुनिया में भयंकर सूखा पड़ेगा। इससे दुनिया के 150 करोड़ लोग सीधे प्रभावित होंगे। इसका सीधा असर खाद्यान्न, प्राकृतिक संसाधन, और पेयजल पर पड़ेगा। अधिसंख्य आबादी वाले इलाके खाद्यान्न की समस्या के चलते खाली हो जायेंगे और बहुसंख्य आबादी ठंडे प्रदेशों की ओर कूच करने को बाध्य होगी। अनउपजाऊ जमीन ढाई गुणा से भी अधिक बढ़ जायेगी। इससे बरसों से सूखे का सामना कर रहे देश के 630 जिलों में से 233 को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। तात्पर्य यह कि देश में पहले से सूखे के संकट में और इजाफा होगा। ऐसी स्थिति में जल संकट बढ़ेगा।

(लेखक रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### प्रतिबंध लगाना उचित


**गन** कल्चर पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी उपायों का वर्णन करने वाला था। सरकार ने बंदूक संस्कृति पर अंकुश लगाने के लिए हथियारों के लिए दिए गए लाइसेंस की समीक्षा करने का जो निर्णय किया है, वह सराहनीय कदम है। वहीं हिंसा तथा गन कल्चर से संबंधित गीतों तथा हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाना भी उचित है।

**–अजीत गुप्ता रांची**

### सराहनीय सुझाव

**माननीयों** द्वारा आपत्तिजनक बयानों पर अंकुश लगाने के लिए एक नये कानून के लिए संसद को सुप्रीम कोर्ट का सुझाव सराहनीय है। राजनेताओं द्वारा आपत्तिजनक बयानों का प्रयोग होता रहता है। हेट स्पीच का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, लोग फ्रीडम ऑफ स्पीच के अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करते हैं। सख्त कार्रवाई के साथ ही उचित कानून भी बनाया जाए। **–भृगु चोपड़ा, लोहरदगा**

# जाति के बंधन से विकास को गति देना कठिन होगा



**नागेन्द्र सिंह**

## समाज

**देश** के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बिहार राज्य के साथ एक दुर्भाग्य भी जुड़ता चला जा रहा है। जिस राज्य से महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से आजादी के अपने अभियान को शुरू किया था। जिस राज्य की धरती से 70 के दशक में भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ एक अभियान शुरू हुआ था, वही बिहार अब विकास के पायदान में सबसे पीछे रहने के लिए अभिशप्त है। बिहार की जनता ने अपने नेताओं को सर-माथे पर बैठाने से कभी गुरेज नहीं किया। बिहारी जनता ने जिस नेता को भी प्यार दिया, भरपूर दिया। जब कांग्रेस के साथ रही तो पटना से लेकर दिल्ली तक के तख्त पर बैठाने में अपना योगदान दिया। जब सामाजिक न्याय के नारे पर भरोसा कर लालू यादव को सत्ता थमाई तो पटना से लेकर दिल्ली तक लालू यादव का अलग ही जलवा हुआ करता था। लालू राज के बाद बारी आई नीतीश कुमार की और नीतीश कुमार ने भी एक दौर में न केवल समता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड बल्कि भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दल को भी अपनी मर्जी से चलाया।

1990 के बाद बिहार में एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन हुआ जिसे लाने वालों ने इसे सामाजिक न्याय का नाम दे दिया। यह दावा किया गया कि बिहार में सदियों से जो सामाजिक स्तर पर भेदभाव किया गया, उसे बदलने का अब सही वक्त आ गया है। 1990 में लालू यादव पहली बार जनता दल के नेता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद शुरू हो गया मंडल और कमंडल का दौर। इन दोनों ने देश के साथ-साथ बिहार की राजनीति को भी बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

बिहार जातीय हिंसा और तनाव के एक ऐसे गहरे कुंए में फंस गया जिसने बिहार को बर्बाद कर दिया। प्रतिभाओं का पलायन होने लगा और फिर इस लालू राज को जंगल राज बताते हुए लालू के सबसे करीबी रह चुके नीतीश कुमार ने 1994 के बाद से ही भाजपा के सहयोग से लालू विरोध का बिगुल बजा दिया। हालांकि उन्हें कामयाब होने में 11 साल लग गए। 2005 में उन्होंने लालू और उनकी पत्नी के राज का अंत कर बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

उनके 5 साल के पहले कार्यकाल में विकास की बयार बहुत तेजी से आगे बढ़ी लेकिन बाद में यह रफ्तार थम गई और ऐसा साफ-साफ नजर आने लगा पिछले 16 वर्षों से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं लेकिन कभी उन्हें दलित-महादलित का कार्ड खेलना पड़ता है तो कभी पिछड़ी जातियों का राग अलापना पड़ता है।

हर तरह से दलित, पिछड़े लोगों का विकास करना था लेकिन विडंबना देखिए कि 31 साल तक बिहार पर राज करने के बाद भी उन्हें देश के प्रधानमंत्री के सामने जाकर गुहार लगानी पड़ती है कि जनगणना में पिछड़ी जातियों की भी गणना करवा दीजिए ताकि उस आधार पर हम आरक्षण बढ़ाने की मांग कर भविष्य में कर सके।

बिहार और देश पर दशकों तक राज कर चुके कांग्रेस नेता, वर्तमान में देश और बिहार पर राज करने वाले भाजपा नेता, जाति-धर्म की राजनीति से अपने आपको ऊपर मानने वाले लेफ्ट के सभी घटक दलों के नेताओं के साथ-साथ ओवैसी की पार्टी के विधायक भी वोट बैंक के लिये शामिल थे।

(लेखक संवैधानिक विषयों के जानकार और काउंसलर हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## बड़कागांव पुलिस ने 12 टन अवैध कोयला जब्त किया

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के पलांडू ,चलंगदाग, फटरिया पानी में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर 12 टन अवैध कोयला के साथ-साथ मोटर, पाइप, कोयला काटने का सामान जप्त कर थाना लाया गया तथा बड़कागांव थाना कांड संख्या 302/22 के तहत चलगदाग निवासी रिझु गंझु ,सरजू गंझू,अंबाटोला निवासी राजेंद्र हेम्ब्रम, राजू हेम्ब्रम एवं बुंडू निवासी मदन साव पर मामला दर्ज किया गया।

## धर्मराज राम कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोनीत जताया आभार

**कुजू।** कांग्रेस सिमरिया विधानसभा प्रभारी कुजू निवासी धर्मराज राम को पार्टी ने झारखंड प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी सूची के अनुसार श्री राम को प्रदेश सचिव करने की जानकारी दी गई है। प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। अपने मनोनयन पर श्री राम ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक ममता देवी व अंबा प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, भीम कुमार, सीपी संतन, बलजीत सिंह बेदी आदि नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि पार्टी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी से काम कर उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इधर श्री राम के मनोनयन पर मोहम्मद अताउल्लाह, सुधीर सिंह, अकबर अंसारी, जयनाथ महतो, धनेश्वर मांझी, मोहम्मद असगर अली, मोहम्मद इलियास आदि ने बधाई दी है।

# विश्व हिंदू परिषद ने निकाली शौर्य यात्रा

## जय श्रीराम व जय बजरंग बली के उद्घोष से गूंजा बरही का इलाका

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत बरही विश्व हिंदू परिषद इकाई की शौर्य यात्रा संपन्न हुई। इसमें जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर और बजरंग दल प्रखंड संयोजक अरविंद कुमार, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन केशरी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी के नेतृत्व में राम भक्तों ने बरही नगर का भ्रमण किया।

यह शौर्य यात्रा प्रखंड परिसर बरही से निकलकर हजारीबाग रोड, गया रोड, तिलैया रोड, धनबाद रोड होते हुए बरही चौक में सभा की गई, तत्पश्चात प्रखंड परिसर में सभा की समाप्ति की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण चंद्रा का सशरीर उपस्थित हुए।



शौर्य यात्रा में शामिल पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व अन्य।

सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारी त्रिवेणी साहू ने कहा कि 492 साल की गुलामी के प्रतीक को सन 1992 ईस्वी में कारसेवकों ने अपने प्रहार से चूर चूर कर दिया। उस समय से हम सभी सनातनी 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत 3 दिसंबर गीता जयंती के दिन से लेकर 15 दिसंबर तक शौर्य दिवस का कार्यक्रम करना है, इसी निमित्त यह कार्यक्रम आज यहां संपन्न हुआ। आज सनातन संस्कृति कई प्रकार की आपदाओं से ग्रसित है, इन आपदाओं से निदान दिलाने के लिए आम सनातनी को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल से जुड़ने की आवश्यकता है। मिशनरियों से बचाव के लिए हम सभी सनातन परिवारों को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले एकजुट होना होगा और अपने मानबिंदु और पहचान चिन्ह दोनों को संरक्षित करने के लिए शस्त्र और शास्त्र शिक्षा का ज्ञान हासिल करना होगा। हमें आने वाले पिड़ियों को संस्कृत शिक्षा कूट-कूट कर भरनी होगी और उन्हें अपने धर्म और संस्कृति के प्रति पूर्णरूपेण जागरूक करना होगा, तभी हमारा समाज संरक्षित रह सकता है अन्यथा बहुसंख्यक कहे जाने वाला यह सनातन समाज अपने ही देश में कई राज्यों में अल्पसंख्यक हो गया है और इतिहास इस बात का साक्षी है कि जहां जहां हिंदू घटा है, वह क्षेत्र भारत से कटा। अब पूर्वोत्तर में भी अलग राज्य की मांग होनी शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति में भी यदि हम राजनीतिक दूरी पर चक्कर काटते रहे तो ना तो हमारा समाज बचेगा और ना ही हमारा धर्म और ना ही हमारा देश। इसलिए उन्होंने इस शौर्य यात्रा दिवस के अवसर पर सभी साथियों से अपील किया है कि आप सभी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़कर अपना अपने समाज राज्य और देश को संरक्षित करने में सहयोग करें। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, बेबी केसरी, त्रिवेणी साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, और तमाम सनातनी उपस्थित हुए।

## बरही में सड़क हादसा युवक की गयी जान

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 2 पंचमाधव में जरहिया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक कोरियाडीह निवासी 40 वर्षीय राजकुमार प्रसाद पिता बद्री महतो है। मृतक युवक कारियातपुर से बरही की ओर जा रहा था, इसी दरम्यान सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि फोर लेन निर्माण करा रही कंपनी के लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटना हो रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा के इंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव, चौकीदार महादेव यादव घटनास्थल पर पहुंचे। इंस्पेक्टर ललित कुमार ने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को जो भी सरकारी लाभ संभव हो पायेगा, निश्चित तौर दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन रामगढ़ शाखा का चुनाव संपन्न, एसआइ रघुनाथ सिंह निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष पद का चुनाव 11 दिसंबर को संपन्न हुआ। चुनाव में रामगढ़ थाना में पदास्थापित सब इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। चुनावी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ पुलिस लाइन रामगढ़ में संपन्न हुई।

चुनाव के दौरान 12:30 बजे तक नामांकन करने का समय दिया गया था। वहीं, 1: 00 बजे दिन तक नाम वापसी का समय दिया गया था। लेकिन चुनाव प्रक्रिया में उपस्थित करीब 200 से 250 पुलिस पदाधिकारियों में से किसी ने नामांकन नहीं किया। आपस में सर्वसम्मति से रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह को अध्यक्ष चुन लिया गया।



सब इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह व अन्य लोग।

पूरी चुनावी प्रक्रिया को हजारीबाग से आये चुनाव समिति पर्यवेक्षक मनोज कुमार सिंह ने अपने देख रेख में संपन्न करवाया। अध्यक्ष पद के मनोनयन के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही पुलिस एसोसिएशन झारखंड रामगढ़ के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर रघुनाथ सिंह को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष चुने जाने के बाद रघुनाथ सिंह ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसपर मैं पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों की हर समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत रहुंगा। साथ ही वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। मालूम हो कि पुलिस एसोसिएशन का यह चुनाव तीन साल के लिए होता है। वहीं , अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद पूर्व सचिव उमेश शर्मा ने अपने कार्यकाल का आय व्यय का हिसाब दिया । जिसे वहां उपस्थित पुलिस कर्मियों ने ध्वनिमत से पास किया। झारखंड पुलिस एसोसिएशन रामगढ़ शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष मंशू गोप का चाईबासा स्थानांतरण होने के बाद से अध्यक्ष पद खाली था। जिस कारण चुनाव करवाया गया। मौके पर यातायात प्रभारी सार्जेंट मेजर हरिनंदन सिंह, गोला अंचल पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार, मांडू थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, संतोष गुप्ता,प्रभात कुमार,मालती कुमारी,मनोज सिंह, उदय यादव आदि पुलिस पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# कुम्हार महासंघ हजारीबाग इकाई का सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ जिला इकाई की एक दीनी सम्मेलन संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता देवधारी राम प्रजापति और संचालन सुखदेव राम प्रजापति ने की।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि सह राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर लोकेश प्रजापति ने कहा कि संगठन से ही समाज को पहचान मिलता है। संगठित लोगो से मजबूत समाज का निर्माण हो सकता है। विशिष्ट अतिथि सह बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि जिले के प्रजापतियों को नई दिशा देने में सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने लोगों को शिक्षा के प्रति सजग करते हुए राजनीति क्षेत्र में आगे आने की सलाह दी। माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य सह प्रदेश सदस्यता प्रभारी ईश्वर चंद्र प्रजापति ने कहा कि आर्थिक समाजिक राजनीतिक उत्थान के लिए संगठन जरूरी है। माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य नीरज प्रजापति ने महिलाओं से आगे आने की अपील करते हुए बेटों के समान बेटियों को पढ़ाने पर बल दिया।





सम्मलेन में शामिल लोग।

कुम्हार महासंघ के वरीय सदस्य देवनारायण प्रजापति ने लोगों को आपसी द्वंद्व भूलकर एकता के सूत्र में बंधने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा प्रदेश सदस्य संजय पंडित, विक्रम महतो देवधारी प्रजापति, सुखदेव राम प्रजापति, कामिनी देवी सुमित्रा देवी समेत कई वक्ताओं ने संगठित समाज बनाने पर जोर दिया। सम्मेलन में विभिन्न प्रखंडों से आए हुए पंचायत प्रतिनिधियों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मेलन मे जिले के सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में महिला पुरुष प्रजापति बंधुओं ने भाग लिया।

सम्मेलन के उपरांत जिला कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति, उपाध्यक्ष रामदयाल पंडित, लीलाधर लीलाधर प्रजापति, महामंत्री गोपाल पंडित, रंजन कुमार, मंत्री अजय कुमार ,गजेंद्र प्रजापति, संगठन मंत्री शिव कुमार प्रजापति, कोषाधक्ष वीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी गणेश कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी तपेश्वर प्रजापति ,सह मीडिया प्रभारी राजेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य जगन्नाथ प्रजापति, महेंद्र प्रजापति महेश प्रजापति, उमेश प्रजापति, गुरुदयाल प्रजापति ,अर्जुन प्रजापति, संरक्षक सुखदेव राम प्रजापति, विष्णु राम प्रजापति, निर्मल प्रजापति देवधारी प्रजापति को बनाया गया।

# एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह के निधन पर शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह इंडियन माइंस वर्कर्स फेडरेशन के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के निधन पर फेडरेशन व एटक परिवार में शोक की लहर है। मालूम हो कि स्व. रामचंद्र सिंह पिछले कई महीनो से बीमार थे। इलाज के क्रम में दिल्ली एम्स में 10 दिसंबर को उनका निधन हो गया।

उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि रामचंद्र सिंह अपनी पूरी जिंद्गी कोयला मजदूरों के हक-अधिकार व जुल्म व शोषण के खिलाफ लड़ते रहें। वे पूर्व में राज्यसभा सदस्य व जेबीसीसीआई सदस्य आदि पदों पर रहते हुए मजदूरों की आवाज सदैव बलुंद की। उनका निधन फेडरेशन व एटक परिवार के लिए अभूतपूर्ण क्षति है। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, एटक महासचिव अमरजीत कौर, एटक सचिव विद्यासागर गिरी, फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा मोदी, कोल फेडरेशन के सयुंक्त महामंत्री हरिद्वार सिंह, सीजे जोसफ, विधायक ढुल्लू महतो, सीता सोरेन, यूसीडब्ल्यूयू अध्यक्ष शत्रुधन महतो, केंद्रीय सचिव अशोक यादव, नरेश मंडल, बिनोद बिहारी पासवान, सतीश कुमार सिन्हा, विकास कुमार, अनुज कुमार, अजय कुमार, अजय विश्वकर्मा, मनोज पांडेय, भगवान साव, चंद्रदेव कुमार, विस्वादत रय, ओमप्रकाश सिह, रामेश्वर साव, अरशद हुसैन, सन्याशी नायक, प्रदीप कुमार, रमेश सिह, योगेंद्र प्रसाद, सतीश केशरी आदि शामिल हैं।



रामचंद्र सिंह का फाइल फोटो।

खबर एक नजर में

## भाजपा नेता डॉ संजय सिंह ने पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडे के साथ राज्यपाल से की मुलाकात



**रामगढ़।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रो. यदुनाथ पांडेय एवं शिक्षाविद डॉ संजय प्रसाद सिंह रविवार को झारखंड के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस से राजभवन में मिले। इस क्रम में डॉ सिंह ने महामहिम राज्यपाल से आग्रह करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर और उनके विचारों से प्रभावित होकर मेरे द्वारा रचित द्वय हस्तलिखित पुस्तक क्रमश: अभिप्रेरणा के स्वर तथा खुशी और सफलता है । अभिप्रेरणा के स्वर में आजादी के 75 वर्षों के कालखण्ड में मेरे 75 कविताओं का संग्रह है । यद्यपि खुशी और सफलता नामक पुस्तक में शिक्षाप्रद, ज्ञानप्रद और प्रेरणादायी विषय वस्तु का उल्लेख है। डा. संजय सिंह ने महामहिम राज्यपाल से विनम्र निवेदन करते हुए कहा कि उक्त द्वय हस्तलिखित पुस्तकों का विमोचन आपके कर कमलों से लोकार्पण समारोह की सादर अपेक्षा है । तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल ने आश्वासन देते हुए कहा कि यथोचित समय को देखकर निर्धारित तिथि को यथोचित समय की स्वीकृति प्रदान कर सूचित कर दी जाएगी।

## पासवान समिति की बैठक हुई संपन्न

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरैया के बगीचा मैदान में पदमा प्रखंड पासवान समिति की एक बैठक हुई जिसमें 18 दिसंबर को पासवान महासम्मेलन कोडरमा में होने जा रहे सम्मेलन में भाग लेना हेतु चर्चा की गई । बैठक में पासवान समाज की समाज की कुर्तियां, एकजुटता की कमी , एवं शिक्षा पर बल दिया गया, तथा निर्णय लिया गया कि 18 दिसंबर को पदमा प्रखंड से भारी संख्या में लोग कोडरमा जाएंगे और सम्मेलन को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर पदमा प्रखंड पासवान समिति के अध्यक्ष सुरेश पासवान, बरही प्रखंड के दिलों पासवान, कार्तिक पासवान, रामकृपाल पासवान, पदमा पदमा प्रखंड के जगरनाथ पासवान, बिंदु पासवान आदि उपस्थित थे।

## पति के खिलाफ पुलिस से गुहार

**बासल (रामगढ़)।** भुरकुंडा निवासी अब्दुल क्युम की 26 वर्षीय पुत्री अरविया निगार ने भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इसमें कहा है कि लगभग चार वर्ष पूर्व चतरा जिला के देवारी निवासी शौकत अंसारी ने अपनी पूर्व की शादी को छुपाते हुए मुझसे विधिवत निकाह किया। शौकत ने बताया था कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। निकाह के बाद से वह लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित भी करता रहा। शादी के पूर्व दहेज के रूप में मेरे मायके वालो ने एक मोटर साइकिल भी दी थी। इसके बाद वह दहेज के लिए सदैव प्रताड़ित करता था। करीब माह पूर्व मुझे यह पता चला कि मेरे पति पूर्व में एक हिंदू युवती से शादी की है और उसके तीन बच्चे भी हैं।

## पतरातू में सड़क हादसा, एक व्यक्ति घायल

**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत वीणा टॉकीज के समीप रविवार को एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पतरातू पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके गंभीरावस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल के जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस के अनुसार वह व्यक्ति मध्य प्रदेश राज्य का निवासी अजीत कुमार सिंह है।

## डीएसइ ने की बड़कीपोना उउवि की प्रशंसा

**रजरप्पा।** चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड के कई विद्यालयों का रामगढ़ जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बड़कीपोना एवं बोंगई आदि विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने, स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने का सहित अन्य निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में बड़कीपोना उत्क्रमित उच्च विद्यालय में साफ सफाई देख प्रशंसा किया। मौके पर प्राचार्य रौशनलाल महतो, शिक्षक संतोष कुमार, अनीता दास, रशिमी बारला सहित सहायक शिक्षक सुरेन्द्र मुंडा, राधेश्याम कश्यप, आफरीदा फातमा, पुनम राम, प्रीति कुमारी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष विद्यासागर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## पिता की गुमशुदगी का कराया सन्हा दर्ज

**कुजू ।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत बोंगाबार कोयरी खेत टोला निवासी प्रहलाद गिरि ने अपने पिता नंदकिशोर गिरी 50 वर्ष की गुमशुदगी को लेकर कुजू ओपी में सनहा दर्ज कराया है। लापता नंदकिशोर गिरी का रंग गोरा, लंबाई लगभग 5 फीट 8 इंच, सफेद फुल पैंट व सफेद टीशर्ट पहने हैं। प्रहलाद गिरि न आवेदन देते हुए कुजू पुलिस से इस संबंध में पता लगाने का अनुरोध किया है।

## सौंदा डी में महायज्ञ को लेकर बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी आजाद नगर न्यू रामनवमी मैदान में आगामी 28 फरवरी से 2 मार्च तक होने वाले तीन दिवसीय महायज्ञ की तैयारियों को ले रविवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सत्येंद्र पांडेय व संचालन दीपक कुमार ने किया। बैठक में महायज्ञ की सफलता को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने भोजन व गर्म वस्त्र दिये

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। साथ ही कई लोगों के बीच गर्म वस्त्र का भी वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों गरीब-असहाय, जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चो के बीच भोजन का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि मंच का प्रयास होगा कि सभी जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया जाए।

## बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में 5वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**भदानीनगर (रामगढ़)।** हुरूमगढ़ा भुरकुंडा स्थित बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में शनिवार को 5वां वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीईईओ पतरातू प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आरके दास व जेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विद्यानंद तिवारी ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में खेल-कूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा ट्राफी, मेडल व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत भी किया गया।

## दोतल्ला पंचायत में हुई विशेष ग्रामसभा

भुरकुंडा (रामगढ़)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में रविवार को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) द्वितीय चरण का योजनाओं का चयन को ले ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की विशेष ग्रामसभा हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी व संचालन पंचायत सचिव नरेश हजाम ने किया। ग्रामसभा में प्रखंड समन्वयक रंजीत कुमार एवं मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा ग्रामसभा के बैठक के विषय में विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को जानकारी दी गई। साथ ही ओडीएफ प्लस की गतिविधियों को शत-प्रतिशत सफलता के लिए ग्रामीणों की सहभागिता की अपील की गई।

# हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू : चंद्रप्रकाश चौधरी

## आरएनसी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, बसरिया ने उरीमारी को 1-0 से हरा खिताब पर कब्जा जमाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित स्टेडियम ग्राउंड में तीन दिवसीय आरएनसी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का मेगा फाइनल मैच उरीमारी क्लब बनाम बसरिया के बीच में खेला गया। बसरिया ने शानदार खेल दिखाते हुए उरीमारी को 1-0 से करारी शिकस्त थमा दी एवं खिताब पर कब्जा जमाया।

मैच के मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद गिरिडीह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, रामगढ़ सदर जिला पार्षद धनेश्वर महतो, चितरपुर प्रमुख द्रोपदी देवी, पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा, पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, गोला पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी, एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सीडी सिंह, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष रविंद्र वर्मा एवं सचिव सुरेश राम मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि खेल से खिलाड़ी का संपूर्ण विकास होता है। अच्छा करने पर देश को गर्व होता है, जो उसकी ताकत बन जाती है। खेल को अगर देश के लिए खेला जाए तो खिलाड़ियों में आपसी विद्वेष नहीं बल्कि समानता बढ़ेगी। सांसद ने विजेता व उप विजेता टीमों को कप, ट्राफी, नकद राशि के साथ खिलाड़ियों को आदि कई तरह के पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने आगे कहा कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मौके पर खेल प्रेमी दर्शक दीर्घा में उपस्थित थे।



मंच पर बैठे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व अन्य अतिथि।

इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा बुके देकर एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौतम सिंह बम ने किया. मौके पर राकेश मुर्मू अध्यक्ष आयोजन समिति, चंद्रदेव टुडू उपाध्यक्ष, रामू हांसदा सचिव, मंगलदेव हांसदा सह सचिव, विगल मराण्डी कोषाध्यक्ष, महेन्द्र मुर्मू उप कोषाध्यक्ष सहित पूरन चंद महतो, प्रयाग मांझी, अनुराग भारद्वाज, हकीम अंसारी, अवधेश मुंडा, किशोर महतो, किसुन साव, सावन हांसदा, आकाश मराड़ी, अनिल टूड, वीरा लाल मरांडी, राम टुडू, सुनील टुडू, अशोक सिंह, विक्की सिंह, बढ़न करमाली आदि लोग मौजूद थे।

# लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें अवश्य सफल होंगे : रत्नेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड-पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के छात्र रवि गुप्ता ने दो सरकारी नौकरियों में सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता, संस्था व कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। शनिवार को संस्था प्रांगण में समारोह आयोजित कर कोचिंग के निदेशक रत्नेश कुमार ने सफल छात्र रवि को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मौके पर रत्नेश कुमार ने बताया कि क्रांति क्लब रिभर साईड भुरकुंडा निवासी कमल प्रसाद गुप्ता के पुत्र सह एस्पायर का छात्र रवि कुमार गुप्ता का आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में जूनियर असिस्टेंट सेक्सन पद एवं एसएससी द्वारा आयोजित सीएचएसएल (कम्बाइंड हाईअर सेकेंडरी लेवल) की परीक्षा में पोस्टल असिस्टेंट पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत जरूरी है। विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का एकमात्र उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो विद्यार्थी अवश्य सफल होंगे। वहीं रवि गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, विश्वास एवं कोचिंग के अनुभवी शिक्षकों का सही मार्गदर्शन को दिया है।

ज्ञात हो कि रवि कुमार के बड़े भाई विभूति देव भी एस्पायर कोचिंग में तैयारी कर एसआइ बने थे। रवि की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, चंदन गुप्ता, आकाश कुमार आदि ने बधाई दी है।





सफल छात्र रवि को उपहार देकर सम्मानित करते रत्नेश कुमार।

### जय श्री राम के नारों से गूंजा गुमला शहर, लहराये गये भगवा ध्वज, लाठी व तलवार लेकर हजारों कार्यकर्ता जुलूस में हुए शामिल

# शौर्य दिवस पर विहिप व बजरंग दल के द्वारा शौर्य पथ संचालन का आयोजन






जुलूस का नेतृत्व करते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी, भगवाध्वज के साथ जुलूस में शामिल लोग, तीर धनुष लेकर जुलूस में शामिल हुए लोग, वृद्ध व्यक्ति में भी जुलूस में शामिल होने की दिखी ललक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम जैसे गगन भेदी नारे व भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा गीत से रविवार को गुमला शहर गुंजता रहा। मौका था विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल गुमला के द्वारा शौर्य दिवस पर भव्य शौर्य पथ संचालन के आयोजन का। शहर के सभी मार्ग शौर्य संचालन के दौरान भगवा ध्वज से लहराता रहा। हजारों की संख्या में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता शौर्य पथ संचालन में भाग लिये। रविवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम पार्ट टू से शौर्य पथ संचालन का शुभारंभ हुआ जो स्टेडियम परिसर से आरंभ होकर जशपुर रोड, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड, घाटो बगीचा, सिसई रोड, मेन रोड होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई।

जुलूस के दौरान विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता जय श्री राम के नारे लगाते रहें। वहीं जुलूस के दौरान भगवा ध्वज लहराने से वातावरण भगवा मय हो गया। जुलूस का नेतृत्व विहिप व बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारी कर रहे थे। जुलूस के आगे वाहन के माध्यम से माइक से नारे लगाते हुए गीत भी बजाये जा रहे थे।

जुलूस में कार्यकर्ता लाठी व तलवार लिये चल रहे थे। वहीं जुलूस में सुरक्षा को लेकर स्वयं थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसडीपीओ म नीष चंद्र लाल सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे।

हालांकि जुलूस के दौरान आवागमन में लोगों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। जुलूस में उपाध्यक्ष पूनम सिंह, विहिप अध्यक्ष अजय कुमार राणा, विहिप के केशव चंद्र साय, बजरंग दल के सह संयोजक मुकेश सिंह, अनूप लाल, श्याम मंत्री, बजरंग सिंह, आनंद सिंह, गंगा सिंह, विनोद साहू, भिखेश्वर नागमणि, किशोरी प्रसाद, दामोदर कसेरा, मिशिर कुजूर, सत्यनारायण पटेल, भोला चौधरी, अरविंद मिश्रा, संजय सिंह, पूनम सिंह, संदीप प्रसाद, बबलू वर्मा, मनोज वर्मा, बालकेश्वर सिंह, मनीष कुमार, शिवदयाल साहु, मनोज चौधरी, सरजू प्रसाद सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जांच के क्रम में लीपापोती के मिले सबूत

## भ्रष्टाचार की जांच कराकर उपायुक्त से दोषियों पर कारवाई की मांग की



सत्यता की जांच करने पहुंचे भाजपा नेता लीपापोती होते देख रहे दंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में छाये भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के बाद भाजपा नेता रेस हो गये हैं। रविवार को भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल के कई गांवों का भ्रमण कर मामले की सत्यता की जांच की। इस दरमियान प्रतिनिधिमंडल टांगर शिकवार गांव में लाभुक समिति से मटेरियल में 45% राशि कमीशन कटौती के मामले की जांच की। जहां पर लाभुक समिति के सचिव अनिल लोहरा से मुलाकात कर पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि हां उसका राशि काट कर रख लिया गया है और नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद उक्त जांच टीम अरंगी में लगे हैंडवाश का भी जांच किया जहां पर पाया गया कि बिचौलियाओं के द्वारा पूर्व में लगाए गए टीना के डिब्बे को हटाकर वहां पर जैसे तैसे इटा का जुड़ाई करके अपने किए गए गड़बड़ी को छुपाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य तेंबू उरांव ने कहा कि भ्रष्टाचार का प्रकाष्ठा को घाघरा में पार कर दिया गया है। लेकिन इस मामले में जांच करने के बजाय उसे लीपापोती करने का टाइम दिया जा रहा है।

## सड़क निर्माण में संवेदक की लापरवाही से राहगीर परेशान

**संदीप कुमार गुप्ता**

**भंडरा।** ग्रामीणों को आवागमन के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत भंडरा कैरों भाया आकाशी तक की सड़क का निर्माण करोड़ो रुपये की लागत से ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है। ठेकेदार को इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एक वर्ष तक पूर्ण करने का समय दिया गया हैं।



सड़क का बदहाल हाल

**वैकल्पिक मार्ग का नहीं किया निर्माण :** इस सड़क मार्ग के निर्माण का कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ भी कर दिया है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान नियमों का पालन नहीं किया जा रहा हैं। सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार ने पुरानी सड़क को अंदर से खोद डाला है, पर ग्रामीणों के आवागमन के लिए दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया हैं। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके साथ ही ठेकेदार ने निर्माण स्थल पर संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाया हैं और ना ही रिफ्लेक्टर लगाया है। जिससे इस वाहन से आने जाने वाले ग्रामीणों व अन्य राहगीरों को इस बात का आभास हो सके कि सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ है।

**रेलवे स्टेशन जाने के लिए ग्रामीण का मुख्य मार्ग :** भंडरा से आकाशी तक सिंगल मार्ग हैं। इस मार्ग को खोद देने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होगी यह तय है, लेकिन इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था ठेकेदार को करनी चाहिए थी जो नहीं की गई है। यही नहीं रात में जब ग्रामीणजन इस मार्ग से आना जाना करेंगे तो संकेतक के अभाव में दुर्घटना का खतरा हमेशा बने रहेगा। जिससे ग्रामीणों की जान को खतरा भी हो सकता हैं। ग्राम आकाशी रेलवे स्टेशन जाने आने के लिए ग्रामीणजन इसी मार्ग का उपयोग करते है और रात्रि ट्रेन से उन्हें देर रात में वहां से लौटना पड़ता हैं। इसी मार्ग से आकाशी, बंडा, कुम्हारिया, अम्बेरा आदि गावो के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय आने जाने का उपयोग करते है । स्कूली बच्चों को भी इसी खराब मार्ग से होकर स्कूल तक जाना आना होता है। प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामीण इस मार्ग कर उपयोग करते है।

**जान माल की हो सकती है हानि :** ग्रामीणों का कहना हैं कि ग्रामीणों के आवागमन के लिए सरकार द्वारा सड़क का निर्माण तो करवाया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य के प्रारंभ में ही लापरवाही बरती जा रही हैं। यदि इसी प्रकार की लापरवाही भविष्य में भी बरती गई तो कई ग्रामीण घायल हो सकते है और जान माल का नुकसान भी हो सकता है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि ठेकेदार को निर्देशित किया जाए कि वह निर्धारित नियमों का पालन करते हुए सड़क निर्माण का कार्य करें और विधिवत संकेतक व डायवर्सन का निर्माण कर भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से ग्रामीणों को बचाने में सहयोग करें।

## शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन

### हजारों को संख्या में लोग, जगह जगह पर फूल वर्षा से किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में गीता जयंती के अवसर पर रविवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के ललित नारायण स्टेडियम से प्रारंभ होकर पूरे शहर का भ्रमण कर वापस स्टेडियम लौट कर कार्यक्रम का समापन हुआ।विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित शौर्य पथ संचालन में जिले भर के हजारों सनातनी समाज के लोग शामिल हुए।पथ संचालन स्टेडियम से निकलकर बरवा टोली,मिशन चौक,महावीर चौक, उपर बाजार,बड़ा तालाब,अमला टोली,पावरगंज चौक होते हुए रेलवे साइडिंग से मुड़कर बाबा मठ होते हुए वापस न्यू रोड के माध्यम से ललित नारायण स्टेडियम पहुंचकर बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात भंडारा के प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुआ। पथ संचालन के दौरान जय श्री राम के नारे से पूरा शहर जयकारे से गूंज उठा। जुलूस का जगह जगह पर फूलों को वर्षा से स्वागत भी किया गया। विदित हो कि 23 जनवरी 2020 को वीएचपी द्वारा आहूत सीएए, एनआरसी के समर्थन में निकाले गए रैली के बाद हुए दंगा के बाद पहली बार अमला टोली मार्ग से जुलूस निकाली गए।



स्टेडियम में मौजूद वीएचपी कार्यकर्ता

## निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में रविवार को लगातार 25 वें सप्ताह भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। स्वास्थ शिविर का शुभारंभ,डॉ कुमुद अग्रवाल एवं संजय चौधरी ने भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर किया।इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 20 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर समाजसेवी डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती लोहरदगा के लोगों के द्वारा सेवा के कार्य में हर वक्त अग्रसर रहना एवं अध्यक्ष दीपक सर्राफ के द्वारा लगातार प्रत्येक सप्ताह यह स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का सेवा करना काफी प्रशंसनीय है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**चैनपुर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में रविवार को भला गडरिया कान्वेंट चैनपुर गुड शेफर्ड संस्था के द्वारा बरवे उच्च विद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह बिस सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज ने उपस्थित महिलाओं को मानवाधिकार की जानकारी दी। बीडीओ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि मानवाधिकार मनुष्य के मूलभूत सुविधाओं का सार्वभौमिक अधिकार है। जिसमें मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि किसी भी दूसरे कारक के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता हैं। सभी व्यक्तियों को गरिमा और अधिकारों के मामले में जन्मजात स्वतंत्रता और समानता प्राप्त है। पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकने और उसके खिलाफ संघर्ष को नई ऊंचाई देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में कई लोग उपस्थित थे।

### योजना की राशि मांगने पर वेंडर ने कंप्यूटर ऑपरेटर से लेकर बीडीओ व कर्मियों के कमीशन का जोड़कर दिया हिसाब

# बीडीओ से लेकर अभियंता के नाम पर कमीशन वसूलता है फर्जी वेंडर

### घाघरा के फर्जी वेंडरों व बिचौलियों के आगे प्रशासन भी हुआ नतमस्तक, टांगर शिकवार गांव में तालाब के पास स्नान घाट निर्माण कराने वाले अनिल लोहरा ने लगाया है


## सिस्टम कमीशन से चलता है जहां जाना है जाओ: फर्जी भेंडर

आधा राशि मिलने के बाद जब तुलसी व अनिल कृष्णा के खाते में भुगतान हुए मैट्रियल के पूरा राशि मांगने के लिए कृष्णा लोहरा के पास पहुंचा तो कृष्णा लोहरा ने एक कागज में हिसाब बनाकर उसे थमा दिया। जिसमें घूस का प्रसेंटेज लिखा गया है की बीडीओ के नाम पर 3000 रुपया मुखिया के नाम पर 5% पंचायत सचिव के नाम पर 5% ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के नाम पर 3000 रुपया कनीय अभियंता के नाम पर 5%और सहायक अभियंता के नाम पर 3%राशि कमीशन लिख कर दिया। तुलसी ने कर्ज होने की बात कही तो उसने कहा कि हम ठेकेदार नहीं है तुम्हारा, पूरा सिस्टम घूंस से चलता है तुम्हारा भी कटेगा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के भेंडरों के काले कारनामे से प्रखंड इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रही है। लेकिन ऐसे भेंडरों पर कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है। भेंडरा इतना पावर फुल है कि वह बीडीओ से लेकर अभियंताओं के नाम पर भी खुलेआम कमीशन वसूल रहा है। जिसका कोई भी कुछ बिगाड़ने की स्थिति में नहीं है।

क्योंकि बहती गंगा में प्रखंड के अधिकारी से लेकर कर्मी तक डूबकी लगाकर अपने को पवित्र घोषित कर दिये हैं और केवल जांच कर कार्रवाई की बात कर एक विश्व रिकार्ड कायम कर रहे हैं। वहीं भेंडर नेताओं का धौंस दिखाकर ठेकेदारों को घूटने टेकने पर मजबूर किये हुए है। घाघरा के फर्जी भेंडर व बिचौलियों के सामने प्रशासन पूरी तरह नत्मस्तक हो चुका है। प्रखंड के फर्जी फेंडर के द्वारा फर्जी बाउचर डालकर योजनाओं का पैसा अपने खाता में मंगाया जाता है और उसी राशि से मैट्रियल का 45% राशि प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया पंचायत, सचिव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता और खुद के नाम पर कमीशन वसूल कर पहुंचाया जाता है। यह आरोप घाघरा प्रखंड के टांगर शिकवार गांव में तालाब के पास स्नान घाट निर्माण में चयनित लाभुक समिति के सचिव अनिल लोहरा ने लगाया है।



वेंडर पर आरोप लगाने वाला लाभुक अनिल लोहरा

अनिल ने बताया कि योजना को स्वीकृति पिछले वित्तीय वर्ष में मिला था। जिसके बाद से लाभुक समिति में तुलसी और अनिल लोहरा को अध्यक्ष व सचिव के पद पर चयन किया गया।

निर्माण कार्य इन दोनों ही लोगों ने अपने खर्चे पर पूर्ण करा दिया। लेकिन पैसा निकालने के लिए वाउचर का जरूरत था तो इन लोगों के द्वारा कृष्णा लोहरा से जीएसटी वाउचर मांगा। वाउचर की राशि173600 रुपया जैसे ही कृष्णा लोहरा की खाता पर गई तो कृष्णा ने 66244 घूस काटकर शेष राशि 98407 लाभुक समिति के अध्यक्ष व सचिव को चेक के माध्यम से भुगतान कर दिया। पूरी राशि नहीं मिलने के कारण अब लाभुक समिति के अध्यक्ष तुलसी और सचिव अनिल काफी कर्जे में फंस चुके हैं।

हर दिन मैट्रियल देने वाले लोग तुलसी और अनिल से पैसे की मांग को लेकर परेशान कर रहे हैं। जिससे वह दोनों काफी मानसिक दबाव में है। इस संबंध में कृष्णा लोहरा से पूछे जाने पर उसने कहा कि मेरा मेट्रियल का जो राशि था वह काट कर हमने दिया है। बाकी राशि मेरे खाता में नहीं आया है और ना ही लाभुक समिति के लोग हमसे पैसा मांगने आ रहे हैं।

**उपायुक्त से विनती है कि पैसा दिला दीजिए :** लाभुक समिति के अध्यक्ष व सचिव ने कहा है कि प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत करके हम लोग थक चुके हैं।

अब उपायुक्त से ही विनती है कि हम दोनों ही काफी कर्ज में डूब चुके हैं। हमें राशि का अविलंब पूर्णरूपेण भुगतान कराया जाए। मटेरियल का पूरा राशि अगर उसे नहीं मिलता है तो वह कर्ज से उबरने के लिए पूरे परिवार के साथ दूसरे प्रदेश इटा भट्ठा में काम करने के लिए पलायन करेंगे।

## मामले की तहकीकात करेंगे : बीडीओ

मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर विषय है। योजनाओं में कमीशन खोरी बिल्कुल ही बरदाश्त योग्य नहीं है। अगर इस तरह से भेंडर कृष्णा लोहरा के द्वारा किया गया है तो निश्चित रूप से उस को नोटिस देकर हम लोग पूछताछ करेंगे। और मामले की जांच करेंगे जांच में सत्य पाया गया तो एफआइआर कराएंगे। लाभुक को पूरा पैसा वापस कराएंगे।

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, चार गंभीर

**लोहरदगा।** जिले के चट्टी कैरो सड़क में बड़ागाई मोड़ के समीप भयंकर सड़क दुर्घटना में दो लोग की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना के दौरान तेजी से आ रहे दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। इस घटना में में दो लोगो की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही चार की हालत बहुत गंभीर है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। वही घायलों को अस्पताल ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। कुछ घायल लोगो को पहचान खरका, नागजुवा निवासी के रूप में की जा रही है।वही एक मृतक की पहचान राजू अंसारी नारकोपी के रूप में की जा रही है। बाकी लोगो के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

### तेली समाज की बैठक संपन्न

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला की बैठक बड़ाईक मुहल्ला स्थित जिला कार्यालय में रविवार को हुई। जिसमें लॉटरी की स्त्रोत से आय व्यय, चिंतन शिविर का आयोजन, सामाजिक समस्या, प्रखंड समिति का विस्तार, गुमला पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र का विस्तार, रायडीह प्रखंड, बिशुनपुर व भरनो प्रखंड का विस्तार, सदस्यता शुल्क एवं 8 जनवरी 2022 को सामाजिक वन भोज का आयोजन नागफेनी कोयल नदी के तट पर करने को लेकर चर्चा की गई। वनभोज में गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खुंटी व रांची से समाज के प्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में समाजसेवी लोग उपस्थित होंगे।

### बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**सिसई।** ललित उरांव स्टेडियम महुआ डीपा सिसई में बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नव जीवन खेलकूद क्लब के द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड के दर्जनों गांव के बालिकाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में बीणा केरकेट्टा इंटरनेशनल खिलाड़ी सह आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षिका एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी सह फुटबॉल प्रशिक्षक रिजवान अंसारी गुमला के द्वारा बेसिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवजीवन खेलकूद क्लब के संरक्षक महावीर राम लोहरा, अध्यक्ष कैप्टन सोहराई उरांव, सचिव दीपक कुमार अधिकारी, उप सचिव रोहित शर्मा की देख रेख में संपन्न कराया हुआ।

### खनन वाले क्षेत्र के लोगों का जीवन फटेहाल : अंजनी

**घाघरा।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन की बैठक आदर पोंड़ी सरना में जिलाध्यक्ष सनिया उरांव की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में यूनियन के केन्द्रीय महासचिव अंजनी कुमार पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए अंजनी कुमार ने कहा कि हमारा संघर्ष देश के बड़े पूंजीपति के साथ है। हमारे इलाके से जिस खनिज संपदा का खनन हो रहा है। उससे हवाई जहाज तक का निर्माण होता है। लेकिन जिनकी जमीन से वह कीमती धातु निकलता है। उस क्षेत्र के लोग आज भी फटेहाली की जिन्दगी बसर करने के लिए विवश हैं। उन्हें न तो न्यूनतम मजदूरी मिलती है और न ही उनके स्थायीकरण के सवाल पर कोई विचार होता है।

### बच्चों ने नवरत्न गढ़ का किया शैक्षणिक भ्रमण

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल के बच्चे रविवार को शैक्षणिक भ्रमण पर नागवंशी राजा दुर्जनशाल के द्वारा 1549 ईसवी में बनवाए गए ऐतिहासिक किले नवरत्न गढ़ का भ्रमण किया। गाइड के रूप में किले के पास के ही गांव के समाजसेवी निरंजन भारती ने बच्चों को पूरे किले का भ्रमण ऐतिहासिक जानकारी देते हुए कराया। सबसे पहले उन्होंने जगरनाथ मंदिर जो की ग्रेनाइट के चट्टानों की नक्काशी से बनाया गया है। उसके बारे में बताया। साथ ही मंदिर के दरवाजे के पत्थर पर कैथी भाषा में लिखे मंदिर के निर्माण और ईसवी की पुष्टि की।

### बच्चियों के बीच सर्वेश्वरी महिला समूह ने बांटे कंबल

**गुमला।** सर्वेश्वरी प्रार्थना समूह महिला समिति के द्वारा रविवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए बालगृह व अनाथ आश्रम के बच्चियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। लगभग 24 बच्चियों को कंबल प्रदान किया गया। इससे पूर्व एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वेश्वरी समूह के उद्देश्य व 19 सूत्री कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नीता हरीतिमा, नम्रता सिन्हा, गायत्री महापात्रा, हेमलता यादव, मांडवी रानी, लक्ष्मी कुमार दास, नीलम केसरी, अनिशा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज गुमला में

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को गुमला दौरे पर होंगे। वे गुमला हवाई हड्डा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा में लोगों को संबोधित करेंगे और सरकार के तीन साल के कार्यकाल का उल्लेख जनता के बीच करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारी पूरी कर ली गई है। हवाई अड्डा में ही हैलीपेड का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा की जिम्मेवारी गुमला पुलिस संभाल रही है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे में जवानों की तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से गुमला पहुंचेंगे। खतियानी जोहार यात्रा के बाद वे गुमला जिला के घाघरा प्रखंड में योजनाओं का निरीक्षण भी करेंगे। इधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यूपीए घटक दल के लोग भी उनके स्वागत में जुट गये हैं।

### मतदाता सूची में संशोधन का निर्देश

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में सुपर चेकिंग के तहत प्रखंड निर्वाचन निबंधन के तत्वधान में नया मतदाता सूची की सत्यता का जाँच बिशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड में गुमला जिला निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सुषमा निलिमा सोरेन,सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी विजय कुमार के द्वारा सेन्हा ग्राम के विभिन्न बूथों का भ्रमण करते हुए मतदाताओ से मुलाकात कर संसोधन फार्म की सत्यता का जाँच किया गया। जिसमें कुछ त्रुटि पाए जाने पर संबंधित क्षेत्र बी एल ओ को संसोधन करने का निर्देश दिया गया।

### फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर ट्रायल शुरू

**लोहरदगा।** ऑल इंडिया नंदलाल साहू गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट के सफल आयोजन हेतु रविवार को लोहरदगा की मेजबान टीम लोहरदगा लायन्स के लिए ट्रायल का आयोजन बलदेव साहू महाविधालय स्थित स्टेडियम में किया। गया। जिसमे 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले इस ट्रायल में लोहरदगा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को इस टूनामेंट में लोहरदगा जिले के प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। ज्ञात हो कि आगामी 5 जनवरी से 8 जनवरी तक नंदलाल साहू गोल्ड कप टूनामेंट में गोवा, मुंबई, नॉर्थ ईस्ट, पंजाब, जमशेदपुर आदि की टीमें भाग लेंगी।

### सप्ताहिक चट्टी बाजार से मालवाहक टेंपो की चोरी

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी सप्ताहिक शनिवार बाजार से दुकानदार सोनू कुमार लहेरी का मालवाहक टेंपो चोरी हो गई। भंडरा निवासी सोनू कुमार लहेरी अपना मालवाहक टेंपो जेएच 01 डीएफ 2766 को चट्टी बाजार में लगाकर अपना दुकान चला रहा था ।शाम में दुकान उठाने पर देखा कि जहां टेंपो लगाया गया था। वहां से टेंपो गायब था। स्थानीय स्तर पर खोजबीन करने के बाद इसकी सूचना भंडरा थाना को दिया है। पुलिस पड़ताल मे जुट गई है।

### सड़क निर्माण जल्द कराने को लेकर डीसी से मिले भाजपाई

**लोहरदगा।** जिला किस्को प्रखंड बगडू पंचायत अंतगर्त दुर्गम क्षेत्र कोरगो से चांपी सड़क निर्माण हेतु स्थानीय लोक सभा सांसद सुदर्शन भगत द्वारा पारित करीब 2 वर्ष पूर्व किया गया था। जिसे सिर्फ कोर्गो तक बना कर अधूरा छोड़ दिया गया। इसकी जांच कराने हेतु बगरू पंचायत के वार्ड नंबर 2 के सदस्य रमेश नगेसिया भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में डीसी से मिलकर से सड़क निर्माण पूर्ण कराने की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा। मौके पर मनीर उरांव ने कहा की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बावजूद कोरगो एक आदिवासी बहुल गांव है।

# सांसद ने किया 16 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



शिलान्यास करते सांसद

**गढ़वा।** पलामू सांसद बीडी राम ने चिनियां प्रखंड के बरवाडीह, तहले एवं बिलैतीखैर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 16 करोड़ चार लाख रूपये की लागत से बनने वाली तीन सड़को का नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार गांव-गांव सड़क निर्माण करने के लिए संकल्पित है। सांसद के अनुशंसा पर सभी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में झामुमो विधायक 2019 में बने हैं, लेकिन गढ़वा जिला में विकास का काम 2014 से ही शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग चुनाव में अपनी लेखा जोखा प्रस्तुत करेंगें अभी जनता का काम करें। उन्होंने कहा कि पहले विकास की बात करें। जनता को भ्रमित नहीं करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो विधायक मिथलेश ठाकुर को मंत्री बनने से पहले ही गढ़वा में काफी विकास का काम हो चुका है। अब जो काम हो रहा है वह पूर्व की भाजपा सरकार की देन है। अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गढ़वा जिला के कोने-कोने में विकास का नया इतिहास रचने का काम किया है। हर गली में सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मीडिया प्रभारी उत्तम पाण्डेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, रंका सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, रामसकल कोरवा, मंडल अध्यक्ष शिव लाल सिंह, श्रवण सिंह, गोपाल यादव, उमेश यादव, मंटु यादव, लक्ष्मी साव, अनेश्वर यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सांसद खेल महोत्सव फुटबॉल मैच का आयोजन

**कोडरमा।** सांसद खेल महोत्सव फुटबॉल कोडरमा लोकसभा स्तरीय ग्रुप बी का तिसरा मैच रविवार को 3 बजे से कोडरमा एवं बरकट्ठा के बीच सीएच प्लस टू उच्च विधालय झुमरीतिलैया में खेला गया। मैच में दोनों टीम 1-1 की बराबरी पर रही। उसके बाद पेनल्टी शूटआउट किया गया, जिसमें कोडरमा की टीम 3-2 से विजई रही। वहीं निर्णायक की भूमिका उमेश यादव, सिकंदर यादव, संजय पासवान ने निभाई। वहीं मैन अफ द मैच का पुरस्कार कोडरमा टीम के पिंटू कुमार को भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह एवं मयंक यादव, सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र मेहता, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, राजकुमार यादव ने संयुक्त रूप से दिया।

### वार्ड पार्षद ने किया कंबल का वितरण

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 में वार्ड पार्षद संजय सिंह ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गरीब, असहायों व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता भी मौजूद रहे। इस दौरान 40 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं नगर नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा कि नगर की ओर से कंबल वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रत्येक वार्डों में कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया जाएगा।

### वेंकटरमणी के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं : नितेश

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणीद्वारा अमर्यादित टिप्पणी करते हुए जाली नोटों की तुलना मगध नरेश सम्राट जरासंध से की गई है, जिसकी घोर निंदा कड़े शब्दों में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा करती है। वहीं नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार के पास नोटबंदी के फैसले को हमारे पूर्वज मगध नरेश चक्रवर्ती सम्राट जरासंध का नाम लेकर उचित जवाब देना कतई बर्दाश्त से बाहर है।

### विक्षिप्त व्यक्ति की ट्रेन के चपेट में आने से मौत

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेंदी निवासी मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की ट्रेन के चपेट में आने से इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बेंदी निवासी 40 वर्षीय राजकुमार सिंह पिता विशुन सिंह करीब 5 वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। रविवार की सुबह करीब 8 बजे वह घर से निकला, इसी दौरान लालबाग एवं गझंडी रेलवे स्टेशन के बीच अज्ञात ट्रेन के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ कोडरमा ने उक्त घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दी गई, तत्पश्चात् कोडरमा पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### दो अलग-अलग कांडों के चार अभियुक्त को भेजा जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 32/18 के प्राथमिकी अभियुक्त 42 वर्षीय कृष्ण कुमार मेहता पिता ईश्वरचन्द मेहता, 35 वर्षीय प्रकाश मेहता पिता छोटन मेहता व 57 वर्षीय बासु मेहता उर्फ बासुदेव मेहता उर्फ लखन लाल मेहता पिता जीवलाल मेहता तीनों नावाडीह डोमचांच निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विदित हो कि 17 अप्रैल 2018 को डोमचांच थाना में उक्त अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज था। वहीं दूसरी ओर डोमचांच थाना कांड सं0 69/22 के प्राथमिकी अभियुक्त जमाल अंसारी पिता मकबुल अंसारी, रघुनियाडीह थाना जयनगर निवासी को डोमचांच पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त पर डोमचांच थाना में 27 जून 2022 को मामला दर्ज था।

## क्षेत्रीय प्रमुख अभियंता ने किया कार्यों का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** क्षेत्रीय प्रमुख अभियंता के द्वारा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखंड मेंजल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावे निरीक्षण क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को सिंगल विलेज स्कीम के तहत आने वाले सभी ग्रामों में सौ प्रतिशत एफएसटीसी करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया एवं मल्टी विलेज स्कीम के तहत आने वाले ग्रामों में काम में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि लक्ष्य को ससमय प्राप्त किया जा सके। इसके अलावा आईएसए के द्वारा किए जा रहे कार्य की समीक्षा की, इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए आईईसी गतिविधि में तेजी लाने हेतु सख्त निर्देश दिये।

## वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय का वर्षगांठ धूम-धाम से मनाया गया, साथ ही विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. (प्रो.) एमके. वाजपेई, कुलसचिव डॉ. ओम प्रकाश मेहता, निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्वागत नृत्य टीया मोदी के द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं अतिथियों का स्वागत प्रो. अजय बर्णवाल ने किया। वहीं विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

वहीं मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने कहा कि उनके अथक प्रयास से कोडरमा में कैपिटल विश्वविद्यालय की नींव रखी गई। कैपिटल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक गुण दिया जाता है। शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यवहारिक दोनों पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को एक अच्छा और सफल इंसान बनाने पर विश्वविद्यालय केंद्रित है। यही वजह है कि शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी अधिक से अधिक हो, इसके लिए प्रेरित किया जाता है।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों का हरफनमौला प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** संकुल केंद्र कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल के सारे विद्यालयों के छात्रों का एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग में एक सौ से ज्यादा भैया और लगभग 16 आचार्य उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन विद्यालय के कोषाध्यक्ष नवल कुमार, प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु व जयनगर के प्राचार्य राजकुमार के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। वहीं मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय आचार्य प्रदीप कुमार के द्वारा कराया गया। सर्वप्रथम कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें अंत तक अजेय रहते हुए कैलाश राय विद्या मंदिर के भैया प्रथम स्थान पर रहे। वहीं भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। पश्चात् गणित दौड़ की प्रतियोगिता दो वर्गों में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम स्थान भैया दुर्गेश वैभव (कैलाश राय), दूसरा स्थान शिवतारा विद्या मंदिर के विकांसु शाह एवं तीसरा स्थान पर सरस्वती शिशु मंदिर जयनगर के भैया मनीष कुमार को मिला। तीसरी प्रतियोगिता प्रश्न मंच की थी, जो बाल वर्ग व किशोर वर्ग के लिए थी। इसमें बाल वर्ग में तीनों स्थान कैलाश राय के भैया क्रमशः अमन राज, रौनक राज व नंदकिशोर प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। किशोर वर्ग में पहला व दूसरा स्थान पर कैलाश राय के विकास व हर्ष को मिला। वहीं तीसरा स्थान भामाशाह बरही के कुंदन केसरी को मिला। गणित दौड़ बाल वर्ग की प्रतियोगिता में पहला स्थान भामाशाह के प्रिंस कुमार को मिला। वहीं दूसरा व तीसरा स्थान कैलाश राय के भैया चिन्मय प्रकाश व रौनक राज को मिला। चौथी प्रतियोगिता मासिक गीत गायन की थी जो सिर्फ शिशु वर्ग के लिए थी। इसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया प्रथम स्थान पर रहे। वहीं शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। समापन सत्र में सभी विजेताओं एवं उप विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर उपस्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष नारायण सिंह ने उपस्थित भैया को आशीर्वचन देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेनी है बड़ी बात होती है।

## हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार, चोरी का मोटरसाइकिल बरामद



गिरफ्तार अपराधी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर गढ़वा पुलिस ने छापामारी कर शहर के मदरसा रोड उंचरी निवासी जसमुद्दीन अंसारी के पुत्र गड्डन अंसारी उर्फ इस्ताक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देशी कट्टा एवं जिंदा गोली बरामद किया गया है। उसके निशानदेही पर चोरी का एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि गढ़वा थाना कांड संख्या 635/22 के अभियुक्त गड्डन अंसारी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन के समीप आम बगान से खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। तलाशी के क्रम में उसके पास से देशी कट्टा एवं गोली बरामद किया गया है। साथ ही उसके निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। पूर्व में भी वह हथियार रखने के आरोप में जेल जा चुका है। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रोशन कुमार, हवलदार दिनेश पासवान, श्रीकांत पासवान, मनोज कुमार प्रधान, राहुल कुमार आदि शामिल थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड जोरी स्थित काली मंदिर परिसर में आरोग्य भारती स्वास्थय जागरूकता अभियान के तहत मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान राँची के सौजन्य से निशुल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर के आयोजन में आरोगय भारती एवं समाज सेवी सह राजद के प्रदेश सचिव चंद्रिका यादव उप प्रमुख राहुल गुप्ता, समाज सेवी समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने महती भूमिका निभाई।मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान रांची के निदेशक डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ,डा विकास कुमार गुप्ता छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ आशुतोष कुमार सिंह डायबिटीज एंड थायरॉयड रोग विशेषज्ञ,मुख्य रूप से शिविर में मौजूद रहे। रांची से आगमन के उपरांत सबसे पहले ज्ञान की देवी सरस्वती मां की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया गया। आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा की स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ राष्ट्र का सपना तभी साकार हो सकता है जब हम अपने दिनचर्या में अपने पुर्वजों के तर्ज पर जीवन शैली में सुधार लाएं। उक्त सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने व्यापक रूपसे चिकित्सीय प्रणाली और स्वास्थ लाभ पर व्यापक प्रकाश डाला। विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा मुफ्त में आंख, हिर्दय, नाक, छाती, मधुमेह, आदि के लगभग सैंकड़ों मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया और मुफ्त में दवाएं भी दी गई। बहुत दुर दराज के ग्रामीण ईलाज के लिए शिविर में देखे गए।कई रोगियों ने मुफ्त प्रमर्श भी लिया।जोरी में पहली बार आयोजित मुफ्त चिकत्सा शिविर पर लोगों ने आयोजक को बधाई दिया।

## भद्रकाली मंदिर कर रहा धार्मिक पर्यटकों व सैलानियों का इंतजार

### पर्यटकों को भांति है यहां की बारह सौ साल पुराने इतिहास के साथ प्राचीन काल की प्रतिमाएं

पंकज सिंह



**चतरा।** नया साल 2022 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि नया साल का पहला दिन किसी जश्न से कम नहीं होता और सोने पर सुहागा वाली बात ये है कि इस बार नया साल वीकेंड पर आ रहा है। ऐसे में आप अगर अपने परिवार के साथ नए साल पर घूमने जा रहे हैं तो चतरा जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर ऐसी जगह है जहां जा कर आपके आंखों के सामने पुरातात्विक महत्व, अध्यात्म तथा प्राकृतिक सौंदर्य की छवि चलचित्र की तरह दौडने लग जायेगी। यहां आने वाला हर शख्स यहां के आकर्षण में बंध जाता है। धार्मिक पर्यटकों व सैलानियों को तो यहां का सौंदर्य खूब भाता है। पूजा-पाठ से लेकर नववर्ष का जश्न मनाने भी दूर-दूर से पर्यटक यहां आते हैं। आने वालें नववर्ष में भी बड़ी तादाद में सैलानियों के यहां पहुंचने की संभावना है। दरअसल प्रकृति के साथ प्राचीनकाल की सभ्यता ने इटखोरी को काफी सलीके से सजाया है। विकास के लिए बनाई गई यहां की संरचनाएं भी अलग तरह का आकर्षण रखती हैं। वैसे तो यहां कई स्थल हैं लेकिन मां भद्रकाली मंदिर परिसर, बक्सा जलाशय तथा हदहदवा लोगों को खूब आकर्षित करता है। मां भद्रकाली मंदिर परिसर के बारह सौ साल पुराने इतिहास के साथ प्राचीन काल की प्रतिमाएं तथा इस पावन धरती का अध्यात्मिक महत्व भक्तों को बरबस खींचकर यहां लाता है। सनातन, जैन एवं बौद्ध धर्म का संगम स्थल रहने के कारण तीनों धर्मों के धर्मावलंबी सालों भर यहां पहुंचते रहते हैं। नववर्ष के प्रथम दिन तो मंदिर परिसर में मेले जैसा नजारा देखने को मिलता है। भक्त अपने आराध्य देवी-देवताओं के मंदिरों में शीश नवाकर नए साल का स्वागत करते हैं।

**बक्सा जलाशय तथा हदहदवा का भी है अलग आकर्षण :** खेतों तक सिचाई का पानी पहुंचाने के लिए इटखोरी प्रखंड मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित बक्सा जलाशय भी यहां का एक आकर्षक पिकनिक स्पाट बन गया है। हालांकि सैलानियों के लिए बहुत ज्यादा सहूलियतें इस जलाशय परिसर में फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी डैम में भरा लबालब पानी तथा जलाशय के चारों ओर फैली हरियाली लोगों को खूब भाती है। पर्यटन विभाग अगर सैलानियों के लिए यहां रेस्टोरेंट व नौका विहार आदि की सहूलियत प्रदान कर दे तो यह जलाशय पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। कुछ इसी तरह यहां के महाने नदी का हदहदवा नामक स्थान भी पिकनिक के लिए काफी मशहूर है। बड़ी-बड़ी चट्टानों से टकराकर हद हद की आवाज में बहता पानी पिकनिक मनाने के लिए आने वाले लोगों को अपनी ओर बरबस खींचता है। लोग जलक्रीड़ा के साथ नववर्ष पर यहां पिकनिक का भी खूब आनंद उठाते हैं।

## एक नजर में

### गरीब-असहाय वृद्धों के बीच कंबल वितरण

**इटखोरी।** मलकपुर पंचायत समिति सदस्य सुप्रिया देवी के प्रतिनिधि टुन्नी सिंह ने रविवार को गरीब-असहाय वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ठंड का मौसम आते ही जिला प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बीडीओ से और कंबल की मांग करेंगे। मिल जाने पर बाकी लोगों को भी कंबल दिया जायेगा।

### ड्राइवरों के बीच हुआ कम्बल का वितरण

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल की आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के आराध्या महिला समिति की अध्यक्षा प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में चलने वाले प्राइवेट गाड़ियों के ड्राइवरों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। बताया गया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए राहत कार्य के लिए ड्राइवरों को कंबल वितरण किया गया है। यह कार्यक्रम रविवार को बचरा स्थित मंगलम में किया गया। जिसमें 50 से अधिक प्राइवेट ड्राइवरों के बीच कंबल का वितरण हुवा।

### इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक का हुआ आयोजन

**चतरा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के तत्वावधान में रविवार को चतरा इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. पी. रॉय ने माँ शारदे पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित हुए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा एक अविरल प्रक्रिया है जो मानव के योग्यता एवं क्षमता को स्वालंबन बनाती है। इसमें इग्नू जैसे अध्ययन शाला की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### पंचायत स्वयं सेवकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**डोमचांच (कोडरमा)।** पंचायत स्वयंसेवकों के तीन सूत्री मांगों को शीतकालीन मानसून सत्र के बैठक में बात रखने के संबंध में स्वयं सेवकों ने कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्वयंसेवकों ने कहा है कि पंचायती राज्य व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेही बनाने के लिए वर्ष 2010 में प्रत्येक पंचायत में चार पंचायत स्वयं सेवक की नियुक्ति झारखंड सरकार के आदेश पर विज्ञापन निकालकर पूरे प्रक्रिया के तहत आरक्षण कोटी को ध्यान में रखते हुए स्थानियता के अनुसार पंचायत स्वयं सेवकों की नियुक्ति छह वर्ष पूर्व में की गई थी। जिसके बाद हम सभी पंचायत स्वयं सेवकों द्वारा ईमानदारीपूर्वक निःस्वार्थ भाव से अपने पंचायत में केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य वर्ष 2016 से निरंतर करते आ रहे हैं।

### दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना पुलिस ने रविवार को दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गये व्यक्तियों में पप्पू कुमार पिता श्याम देव सिंह मरचोई सतगावां एवं राजकुमार यादव पिता मनु महतो पुतोडीह सतगावां निवासी के नाम शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार पप्पू कुमार एवं राजकुमार यादव पुराने वारंटी है। जिन्हें सतगावां थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जेल भेज दिया है।

### चौक-चौराहों पर अलाव की मांग

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में बढ़ते ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए सभी चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने प्रखंड प्रशासन से अलाव व्यवस्था की मांग की है, ताकि ठंड के कारण किसी की जान माल की हानि ना हो और ठंड से राहत मिल सके। अलाव व्यवस्था की मांग करने वालों में शालेंद्र साव, बसन्त साव, हरिहर साव, नितिन चन्द्र गुप्ता, शम्भु सिंह, दीपक पांडे, रविंद्र पांडे, संजय रंजन, यूसुफ मियां, मेराज उददीन, शिशिर साव, विजय साव आदि के नाम शामिल हैं।

### शिक्षक-अभिभावक की बैठक आयोजित

**गढ़वा।** शहर के जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल के सभागार में रविवार को निदेशक मदन प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवंदना से की गई जिसे संस्त शिक्षक विनय दुबे ने प्रस्तुत किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि वर्तमान समय और परिवेश में हो रहे बदलाव को मद्देनजर रखते हुए अभिभावक और शिक्षकों का यह परम् कर्तव्य है कि अपने बच्चों की क्रियाकलापों पर निरन्तर ध्यान दें। यथासम्भव बच्चों को मोबाइल से दूर रखें तथा ट्यूशन के बजाय स्वाध्याय के लिए निरंतर प्रेरित करते रहें।

### दो पक्षो में जमकर मारपीट

**भवनाथपुर।** हाई स्कूल के सामने लग रहे सप्ताहिक सब्जी बाजार में सड़क पर गाड़ी खड़ा करने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट हुई। इस दौरान दो लोग आंशिक चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों के बीच बचाव के बाद किसी तरह मामला को शांत की गई। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर हाई स्कूल के सामने रोड पर सब्जी बजार लगता है जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। सड़क पर मारपीट होने से लगभग आधे घंटे तक सड़क पूरी तरह से जाम हो गया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने कहा कि सीओ से बात कर जल्द ही रोड किनारे से सब्जी दुकान को हटवाया जाएगा।

### प्रतिबंधित पशु के अवशेष फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी के खडार टोला में शनिवार को देर शाम प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने के बाद पुलिस ने मांस को जप्त करते हुए फॉरेंसिक जांच में भेज दिया है। जबकि इस घटना को लेकर अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। जबकि गांव में किसी प्रकार की तनाव की स्थिति से निबटने के लिए पुलिस बल लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। बताते चलें कि अरसली गांव में यह गौकशी की घटना पहली बार घटित हुई है। इस घटना से मुस्लिम व हिन्दू समाज के लोगों में काफी चिंतनीय माहौल बना हुआ है।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी करायेगा 51 असहाय गरीब परिवार के कन्याओं का सामूहिक विवाह

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में 14 दिसंबर बुधवार को पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान परिसर में 51 असहाय गरीब परिवार के कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रखंडों के कन्याएं शामिल होंगी। इसकी जानकारी देते हुए कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने गढ़वा थाना के सामने स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि सोसायटी भारत सरकार के विधाननंतर्गत बिहार सरकार द्वारा निबंधित संस्था है। जिसका कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष है और संस्था का उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना तथा सामूहिक विवाह का प्रोत्साहन करना है।

### सीएम को पत्र लिखकर समस्याओं से कराया अवगत

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रखण्ड के समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निष्पादन की मांग की है। प्रमुख ने कहा है कि अंचल सह प्रखण्ड कर्मियों के द्वारा किसी भी जनप्रतिनिधियों एवं जनता की बात को माना नहीं जाता है। वहीं अंचल एवं प्रखण्ड के तमाम कर्मी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। प्रखण्ड के सभी पंचायतो में भूमि मोटेसन के नाम पर अंचल पदाधिकारी एवं कर्मचारी दोनों मिल कर मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं। जिसके करण भूमि मोटेसन का कार्य अधूरा है। उन्होंने कहा कि जब से अंचलाधिकारी योगदान दिए हैं एक भी भूमि का कार्य निष्पादन नहीं किए है। इसलिए अंचलाधिकारी को तत्काल हटाने का भी मांग किया है।

# तेंदुए के हमले से बच्ची की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, इलाके में दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह । पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन तेंदुए के हमले की यह घटना दिल दहला देने वाली है। तेंदुए का हमला इस बार एक बच्ची की जिंदगी पर भारी पड़ा है। घटना शनिवार की शाम लगभग सात बजे के आसपास की है। इस घटना के बाद जहां परिजनों में कोहराम मच गया हैं, तो वहीं इलाके में दहशत फेल गई हैं।

**पीटीआर के उकामाड़ गांव की घटना**

बता दें कि यह पूरा मामला पीटीआर अंतर्गत उकामाड़ पंचायत क्षेत्र के पुरानीडीह विद्यालय के समीप का है। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची किरण कुमारी गांव की दो अन्य बच्चियों के साथ पास की दुकान से कॉपी लेने जा रही थी। इसी दौरान तेंदुए ने बच्ची पर हमला कर दिया। अन्य बच्चों के द्वारा चीखने चिल्लाने के बाद ग्रामीण इक्कठा हुए। जहां ग्रामीणों ने देखा की तेंदुए ने बच्ची को पकड़ रखा हैं। बाद में गांव वाले ने तेंदुए का घेराव किया तो वह बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर निकल गया।



**फूफा के यहां आई थी बच्ची :** हमले में गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजनों द्वारा आनन-फानन में डालटनगंज सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान बच्ची ने देर रात एक बजे के करीब दम तोड़ दिया। बच्ची लातेहार जिले के ओरेया गांव निवासी विष्णु सिंह की बेटी है, जो उकामाड़ में अपने फूफा दिलीप सिंह के यहां घूमने आई थी। घटना के बाद वन विभाग ने बच्ची के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत तत्काल 26000 रुपए सहायता राशि दी। वहीं सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अन्य सहायता भी उपलब्ध कराने की बात कही।



**रोस्टर बना कर नियमित गश्त ड्यूटी कराए वन विभाग :** उधर मौके पर पहुंचे भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य ने अजय सोनी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि पीटीआर का कई गांव जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। जिस कारण जंगली जानवर गांव में आसानी से पहुंच जाते है। ऐसे में तेंदुआ दोबारा हमला करने के लिए गांव में आ सकता है। वन विभाग वैसे जंगली क्षेत्रों में एहतियाती रोस्टर बनाकर वन कर्मियों को नियमित गश्त ड्यूटी कराए। ताकि इस तरह की घटना दुबारा न घटित हो। वहीं उन्होंने सरकार और वन विभाग से बालिका के परिजनों को अन्य सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीणों ने की पीसीसी पथ व छलटा निर्माण में गुणवत्ता सुधार की मांग



चंदवा। चंदवा प्रखण्ड के बोदा पंचायत अंतर्गत चिरो गांव के समीप लाखो की लागत से बन रहे पीसीसी पथ व छलटा निर्माण में गुणवत्ता सुधार की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने बताया कि चिरो मोड़ से लेकर चिरो गांव होते लगभग 8 किमी तक सड़क कालीकरण का कार्य होना है, इसी कार्य मे चिरो गांव स्थित छलटा के पास पीसीसी व छलटा का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कार्य को प्राकलन अनुरूप नहीं हो रहा है। निर्माण हो रहे छलटा में महज ढाई से तीन इंच ही ढलाई हो रही है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता में सुधार कराने की मांग प्रशासन से की है।

### सामाजिक कार्यकर्ता को मातृ शोक

चंदवा। प्रखंड के रेन्ची ग्राम निवासी उत्क्रमित प्रथिमिक विद्यालय नावाटोली के सहायक अध्यापक सह समाजसेवी नंदलाल प्रसाद ( मंटू ) की माता तारामणि साहू (58) का आकस्मिक निधन रविवार को उनके पैतृक आवास में हो गया। वे पिछले कुछ माह से असाध्य रोग से ग्रसित थी। मुम्बई में इलाज के बाद उन्हें घर लाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। तारामणि साहू के आकस्मिक निधन पर ग्रामीण महेश्वर उरांव, चंद्रदेव उरांव, संतोष भगत, दिलीप उरांव, गीता देवी, सरिता देवी, सीता देवी, वीरेंद्र उरांव, राजकुमार ठाकुर, जगेश्वर उरांव, बाबूलाल उरांव, अस्मिता देवी, तमरानी देवी, सिला देवी, सहायक अध्यापक संघ के बेलाल अहमद, गोविंदा कुमार, गंगेश्वर राम समेत दर्जनों सहायक अध्यापक ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

### महुआडांड में सर्पदंश से युवक की मौत



महुआडांड़। एक सप्ताह पूर्व ग्राम सुन्दरपुर बांसकचा निवासी सुचित प्रभात कुजूर पिता स्वा राजेश कुजूर सांप कटने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व बैल चराने के क्रम जहरीले साप के कटने से वह घायल हो गये। जिसे उसके परिजनों द्वारा इलाज के पहले मिशन अस्पताल महुआडांड़ लाये जहाँ स्तिथि खराब होने के कारण रांची इलाज के लिए भेज दिया गया। ईलाज के क्रम ही युवक की मौत हो गई। रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। असमय युवक की मौत से परिजनों को रो रो कर बूरा हाल है। वही गाँव में मातम पसरा हुआ है।

### मनिका में लगा मोतियाबिंद कैंप



मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित लैंपस के सामने शर्मा ब्लड कलेक्शन सेंटर में,आरोग्य भारती झारखंड के बैनर तले,दिन रविवार को मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों का जांच करने हेतु एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सदर अस्पताल लातेहार के ऑर्थोलॉजी डॉ सुनील कुमार,पैथोलॉजी डॉ अभय कुमार,डॉ सत्येंद्र कुमार,समेत अन्य के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के टोटल 83 मरीजों का बीपी,शुगर,हिमोग्लोबिन और मोतियाबिंद का जांच किए गए। इस शिविर का आयोजन आरोग्य भारती के प्रांतीय सह सचिव राजेश कुमार शर्मा के प्रयास से किया गया था। मौके पर राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज शिविर में टोटल 83 मरीजों का जांच किया गया है टोटल 113 मरीजों का जांच करने का हम लोगों ने लक्ष्य रखा था। उन्होंने कहा कि शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों का जांच कर जरूरत के अनुसार चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन लातेहार आदिम जनजाति हॉस्पिटल में निशुल्क की जाएगी। मौके पर मोतियाबिंद का जांच करवाने हेतु प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी।

### बोलेरो पेड़ से टकराई कोई हताहत नहीं



बारियातू। बारियातू थाना अंतर्गत एनएच 22 बारियातू में तेज रफ्तार से जा रही बोलेरो वाहन जेएच पीबी 09 भी 6244 बेल की पेड़ से टकराई, बाल-बाल बचे चालक नीरज कुमार व दुकानदार। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि पूर्वाह्न दस बजे के आसपास बालूमाथ की ओर तेज गति से जा रही बोलेरो वाहन आगे आगे जा रही हाइवा वाहन को ओवर टेक कर रही थी कि अचानक बोलेरो चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे बोलेरो वाहन बीस फिट उड़ते हुए बेल पेड़ से सीधा जा टकरा गई। हालांकि बोलेरो चला रहे नीरज कुमार बाल बाल बच गया। वही बोलेरो में बैठे अनिल कुमार, बाईक मिस्त्री के स्टाफ मो उमर को हल्की चोटे आई। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाईक रिपेयर दुकान का एक बाइक, साइकल, ड्राम भी क्षतिग्रस्त हो गए। इधर वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना मिलते ही बारियातू थाने के एसआई दीपक कुमार घटना स्थल पर सदलबल पहुंचे। घटना के सम्बंध में पूछताछ कर बोलेरो को जब्त कर थाना ले गए।

# चंदवा में 4 लाख रुपये से अधिक की सरिया की लूट

## तीन पिकअप वैन में भरकर ले गये सरिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** पतरातू से सोननगर तक बन रही महत्वकांक्षी तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी टीटीपीआईएल कम्पनी के चंदवा स्थित डगडगी पूल ब्रिज संख्या 188 साइट से हथियार के बल पर लगभग 4 लाख 40 हजार रुपये के सरिया की लूट किये जाने का मामला सामने आया है।

मामले की सूचना के बाद चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली व अग्रतर कार्रवाई में जुट गए है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि लगभग 4 की संख्या में अपराधी अचानक साइट पर आ धमके व रात्रि प्रहरी को हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया। जिसके बाद 3 पिकअप वाहन लेकर आये अपराधी लगभग 5 टन सरिया को लोड कर चलते बने। पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होगा। बता दें कि बीते 22 नवम्बर की देर शाम उक्त साइट पर ही माओवादियों ने हमला बोलकर लगभग एक दर्जन वाहनों में आग लगा दिया था जिसमें लगभग 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।



## एक नजर में

### खरवार भोक्ता का 24 को रांची में रैली



**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक रविवार को चंदवा के चटुआग गांव के देवीमंडप में प्रखंड अध्यक्ष रामबचन देव गंझू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के विकास एवं उत्त्थान को लेकर कई निर्णय लिये गये साथ हीं उपस्थित लोगों ने सूबे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। मंत्री ने अपने बेटे की शादी दूसरे जाति में करने से भोगता समाज नाराज दिखा। सबों ने एक स्वर में फैसला लेते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों ने कहा कि भोगता समाज की पहचान नीलांबर-पीताम्बर से है ना कि मंत्री सत्यानंद भोगता से है। इसके अलावा आगामी 15 दिसंबर को स्व० रामदेव गंझू के 7वां पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी 24 दिसंबर को आयोजित भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैली रांची में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन सचिव प्रकाश गंझू के द्वारा किया गया। मौके पर सुरेश गंझू,महेश गंझू, रामधन गंझू, सत्यनारायण गंझू,प्रयाग गंझू, पच्चू गंझू, जगेश्वर गंझू, रविंद्र नाथ गंझू, सुखारी भगत, द्वारिका गंझू समेत बड़ी संख्या में गंझू समाज के लोग मौजूद थे।

### सड़क पर लगे स्पीड ब्रेकर : मुखिया



**बालूमाथ।** बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ और रांची-चतरा एनएच 22 पर इन दिनों लगातार हो रही सड़क दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम को आवेदन देकर सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों सड़क दुर्घटना में बेतहाशा वृद्धि हुई है। रांची-चतरा मुख्य मार्ग में टमटमटोला से लेकर ब्लॉक तक और बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर रहमतनगर में ब्रेकर नही होने कारण अब तक कई ग्रामीणों की मौत सड़क दुर्घटना में हो चुकी है। दोनो स्थानों में सड़क में स्पीड ब्रेकर लगाया जाए ताकि हो रही सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। दिए आवेदन में बीरेंद्र गुप्ता, ज्ञानी पांडे, विनोद शाह, अर्जुन शाह, शिवनाथ ठाकुर, उमेश ठाकुर, बाबूलाल राम, दशरथ यादव, मुकेश शाह, सोनू खान सहित कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### प्रखंड कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार



**बरवाडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह संयुक्त निर्देश पर रविवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने बरवाडीह प्रखंड कमेटी का गठन करते हुए संगठन का विस्तार किया। कांग्रेस कार्यालय में आहूत इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार करते हुए बरवाडीह मंडल अध्यक्ष सुरेश कु.मिश्रा और छिपादोहर मंडल अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद को बनाया। इसके अलावा प्रखंड कमेटी में चार उपाध्यक्ष, दस महासचिव, दस सचिव, एक कोषाध्यक्ष के साथ-साथ आठ आमंत्रित सदस्य और बीस विशेष आमंत्रित सदस्य को शामिल किया गया है। जहां उपाध्यक्ष हुलास सिंह, समसुल अंसारी, अरुण कुमार, पंकज गुप्ता और राहुल प्रसाद, महासचिव प्रेम कु.सिंह, सलीम अंसारी, भुनेश्वर सिंह, शुभम दुबे, आलोक सिंह, पंकज पासवान, काजमी अनवर, विष्णु राम, शहाबुद्दीन खान और असलम अंसारी, सचिव राजू परहिया, दुखन सिंह, नंदलाल प्रसाद, हेसामूल अंसारी, अंतू साव, अमन गुप्ता, विशेश्वर राम, अनिल कुमार, संजू श्रीवास्तव और राणा प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अमोद कुमार श्रीवास्तव, इसके अलावा आमंत्रित सदस्य में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, वरिष्ट नेता रविंद्र राम, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, अजय कु.सिंह, मोहम्मद सईद, शिवानंद तिवारी और हदीस अंसारी, विशेष आमंत्रित सदस्य विधायक प्रतिनिधि प्रेम कु.सिंह, नौशाद आलम, अवधेश मेहरा, अजीत कुमार, अरुण सिंह, बिजेंदर पासवान, तेतर यादव, सुरेश यादव, निजाम अंसारी, मुखिया वेरोनिका कुजूर, अनवर अंसारी, प्रेमलता मिंज, मुखिया बलदेव परहिया, बिपिन बिहारी सिंह, पूर्व मुखिया जनेश्वर सिंह, पंचायत समिति सुनीता देवी, आरती देवी, नीलम देवी, वीणा देवी और मंजू देवी शामिल हैं।

# उपायुक्त ने मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने जिला खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ फुटबॉल को किक कर किया। इस मौके पर उपायुक्त लातेहार ने प्रखंड स्तर पर विजयी होकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने आयी सभी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामना दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुये कहा कि पुरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

उन्होंने कहा कि प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजय हासिल करें एवं जिले का नाम रौशन करें। परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने कहा कि लातेहार जिले के युवाओं में काफी प्रतिभा है। लातेहार जिले से फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं अन्य खेलों में कई अच्छे खिलाड़ी निकले हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि इस फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त लातेहार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच बालक वर्ग में मनिका एवं हेरहंज की टीम के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूट आउट में मनिका की टीम ने हेरहंज की टीम को 4-3 से हराया। बताते चलें कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक एवं बालिका वर्ग की विजयी टीम भाग ले रही है। जिला स्तर पर विजयी टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी।



इस मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मेघनाथ उरांव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

### तेतरियाखांड़ कोलियरी का होगा विकास : अनिल सिंह

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तेतरियाखांड कोलियरी के वर्तमान परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार का तबादला उरीमारी कोलियरी हो जाने के बाद और नए परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के पदभार ग्रहण के बाद इस कार्यक्रम का आयोजन तेतरियाखांड ट्रक ऑनर एशोसिएशन और डीओ होल्डर संघ के द्वारा किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित नेता गिरधारी यादव ने निर्वतमान परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार और वर्तमान परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह दोनो को गुलदस्ता देकर माला और शॉल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते विस्थापित नेता गिरधारी यादव ने कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी परियोजना पदाधिकारी के सम्मान में कार्यक्रम रखा गया है। निर्वतमान परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के कार्यकाल में करीब दो अरब का मुनाफा सीसीएल को हुआ। इन्होंने कोलियरी को बहुत ही सुचारू रूप से चलाया। नए परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह का स्वागत करते है। उनसे भी आपेक्षा है जैसे तेतरियाखांड कोलियरी को निवर्तमान परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने चलाया उसी तरह आप भी कार्य करेंगे। बसिया पंचायत का एकमात्र रोजगार का साधन ट्रक है। इसी को देखते हुए उन्होंने नए परियोजना पदाधिकारी से सहयोग की अपील की।

# अवैध खनन को लेकर एसडीओ व डीएमओ ने की छापेमारी

## धोबियाझारण व तुबेद में पोकलेन से भरवाया गड्ढा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अवैध खनन की सूचना मिलने एवं उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर एसडीओ शेखर कुमार एवं डीएमओ आनंद कुमार ने रविवार को सदर प्रखंड के धोबियाझारण एवं तुबेद पहुंच कर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान धोबियाझारण एवं तुबेद में अवैध कोयले खनन के साक्ष्य मिले। जिस कार्रवाई करते हुए अधिकारियों के द्वारा पोकलेन मशीन से कोयला खनन को लेकर किए गए गडे को भरवाया गया एवं डीवीसी कंपनी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी कीमत पर खनन पट्टा क्षेत्र में अवैध कोयले या बालू का खनन, भंडारण या परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें अन्यथा अवैध खनन, परिवहन या भंडारण होने पर इसकी जिम्मेवारी आप सभी पर होगी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि डीवीसी को कोयले खनन के लिए दिए गए पटटा क्षेत्र में अवैध कोयले खनन की सूचना उपायुक्त भोर सिंह यादव को मिल रही थी। जिस पर उपायुक्त ने अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी एवं थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी एवं डीवीसी कंपनी के दीपक कुमार के साथ तुबेद, अंबाझारण एवं धोबियाझारण में छापेमारी की गयी।



जहां तुबेद एवं धोबियाझारण में अवैध कोयले खनन का साक्ष्य मिला। जिसे अविलंब पोकलेन से भरवाया दिया गया एवं डीवीसी कंपनी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि खनन पट्टा क्षेत्र में अवैध खनन नहीं हो अन्यथा की जबावदेही तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**अवैध खनन बर्दाश्त नहीं:** एसडीओ शेखर कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध,खनन,परिवहन या भंडारण करने वालों पर जिला प्रशासन कड़ी नजर बनाए हुए है,ऐसे लोगों को चिहिंत कर कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध खनन करने वाले जेल जाएगें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालो पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

स्पीड न्यूज

## 13 दिसंबर को होगा शौर्य संचलन

**कतरास।** बजरंग दल कतरास प्रखंड के द्वारा गीता जयंती पखवाड़ा (शौर्य दिवस) के अवसर पर शौर्य संचलन पूरे कतरास नगर में करेगी ।शौर्य संचलन के तत्पचात स्टेशन रोड में सभा करेगी। सभा को संबोधित करने के लिए वृंदावन की सुविख्यात हिन्दू शेरनी साध्वी विदुषी लाडली शरण आ रही है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विहिप गौ रक्षा सह संयोजक कमलेश सिंह, पूर्व विभाग संयोजक विकास बजरंगी,जिला सह मंत्री रंजीत रवानी, जिला सह संयोजक तापस दे,मनोज कुमार,बिनोद चौहान,अनूप राय,कृष्णन साहू, जितेंद्र दास,विकेश सिंह,रामचरित रॉय, उत्तम रवानी,राजकुमार बर्मन आदि पूरे सक्रियता से लगे हुए है।

## कल्याणी जयसवाल की पुण्यतिथि पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिन्दरी।** मैत्री ट्रस्ट व ग्लोबल अस्पताल सिन्दरी के संयुक्त प्रयास से शिक्षिका सह समाजसेवी स्व कल्याणी जयसवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर राँगामाटी सिन्दरी में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 120 लोगों ने स्वास्थ्य जाँच का लाभ उठाया। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ज्ञान विज्ञान समिति के विकास ठाकुर, जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिव मिट्ठू दास, संयुक्त सचिव रंजू प्रसाद, जनवादी लेखक संघ के स्वामीनाथ पांडे, एमसीसी के सुरेश प्रसाद, कांग्रेस पार्टी के महेंद्र पांडे, दिलीप मिश्रा, पूर्णेन्दु सिंह, सत्यदेव सिंह, सुबोध पांडे, सुखदेव हाँसदा, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, मधु फिलिप्स, लोजपा नेता शैलेंद्र दिवेदी, सीपीआईएम के सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सुबल चंद्र दास, दीपक बनर्जी, शिबू राय, राम लायक राम, रजनीकांत मिश्रा, ज्ञान विज्ञान समिति के भोला नाथ राम, रवि सिंह, ग्लोबल हॉस्पिटल के डॉक्टर बी बी पाठक, रजत हलदर, नीतीश महतो शामिल थे।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने सेक्टर वन बी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। डीईओ सह डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन से लिया ।उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीनए सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रखरखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह ;बाहरद्ध एवं त्री . मासिक ;अंदरद्ध वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव व तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है ।इसी संबंध में उपायुक्त ने निरीक्षण करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

## फागिंग मशीन नगर परिषद की बढ़ा रही है शोभा, लोग परेशान

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में फागिंग मशीन नही चलाए जाने के कारन क्षेत्र के नागरिक मच्छरों से परेशान हैं। जबकि मछ्छरों से सुरक्षा को लेकर विभाग द्वारा एक माह पूर्व 5 नए फागिंग मशीन मंगवाई गई है लेकिन इसका उपयोग नही किया जा रहा है। मंगवाई गई सभी फागिंग मशीन नगर परिषद की शोभा बढ़ा रही है। जानकारी के अनुसार सभी फागिंग मशीन गाड़ियां पेट्रोल और मशीन डीजल से कार्य करती है। तेल के महंगे होने के कारण इसका उपयोग नही किया जा रहा है। जिससे नगर परिषद के सभी वार्ड में मच्छरों के आतंक से लोग ग्रसित है ।एसे में डेंगु सहित कई प्रकार की बीमारियां दावत दे सकती है।

# गोमियां के प्रवासी मजदूर की मुम्बई में मौत

## परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी क्रम में बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत करी खुर्द के मजदूर की मुम्बई में शनिवार शाम को मुम्बई में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत करी निवासी सोमर महतो के 45 वर्षीय पुत्र जगरनाथ महतो की में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सकते में है तो वहीं गांव वाले भी शोक में हैं। घाटना के कारणों के बारे में अभी तक कोई पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है ।मृतक जगरनाथ महतो मुम्बई में ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यरत था ।मृतक अपने पीछे मुस्कान कुमारी भुनेश्वर कुमार आरती कुमारी व सुमन कुमार को छोड़ गया। इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है ।रोजी.रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत सका सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है ।प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीहए हजारीबाग और बोकारो जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है। अपना घर छोड़कर परदेस गये इन मजदूरों की जिंदगी तो कष्ट में बीतती ही हैए मौत के बाद भी उनकी रूह को चैन नसीब नहीं होता है। किसी की लाश हफ्ते भर बाद आती हैए तो किसी को 3 महीने भी लग जाते हैं ।ऐसे में सरकार को रोजगार के ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

## स्प्रिंग की चोट से सीसीएल कथारा वाशरी का कामगार घायल

सबेरमो/कथारा। सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा वाशरी में रविवार की प्रथम पाली में कार्य के दौरान स्प्रिंग से चोट लगने से वहां कार्यरत मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर कथारा वाशरी कर्मी धनेश्वर महतो बताया जा रहा है। घायल मजदूर का इलाज सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में किया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज करा रहे घायल मजदूर धनेश्वर महतो ने बताया कि वह कथारा वाशरी के एचएमएस सेक्शन में काम कर रहा था कि सुबह लगभग दस बजे अचानक एक स्प्रिंग टूटकर लोहे के सरफेस पर गिरकर पुन: उछलकर उसके सीने में दाईं ओर जा लगा। घायल मजदूर के अनुसार उसे साथ काम कर रहे साथी कामगारों की मदद से अस्पताल लाया गया। उसने बताया कि उसके सीने का एक्सरे कराया गयाए लेकिन रिपोर्ट में कोई हड्डी नहीं टुटा है बाबजूद इसके उसके सीने में असहनीय दर्द हो रहा है। घायल का इलाज कर रहे अस्पताल के चिकित्सक के अनुसार उक्त मजदूर खतरे से बाहर है।

## बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर निकाली पदयात्रा श्रद्धांजलि देकर संविधान की ली गई शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो/कथारा।** रविवार को सीसीएल कथारा आफिसर्स क्लब मे डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 66 वीं महापरिनिरवाण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन समता सैनिक दल झारखंड प्रदेश कमेटी द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में यूपी के पुर्व सांसद बहन सावित्री बाई फुले तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के पुर्व जीएम राजमुनी राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बताता चलू कि इस भव्य समारोह की शुरूआत कथारा चार नंबर अम्बेडकर पार्क से की गई। भारी संख्या में इस पार्क में समता सैनिक दल तथा जय भीम के लोगो के अलावे सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हुए और वहां उपस्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और वहां से फिर पुरी भीड़ पदयात्रा करते हुए कथारा दो नंबर होते हुए सीसीएल कथारा कोलियरी आफिस चौक पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर भी लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद यह पदयात्रा सीसीएल कथारा जीएम आफिस गेट से होता हुआ समारोह स्थल कथारा आफिसर्स क्लब पहुचे ।यहां भी डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जबकि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समता सैनिक दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटन राम तथा संचालन समता सैनिक दल के झारखंड प्रदेश के महासचिव चंदन सिंह गौतम तथा बुद्ध भूषण बौद्ध द्वारा किया गया। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत मे ही आयोजन समिति के लोगो द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## सियारी में भूमिहीनों के लिए बना है 41 मकानों वाला गांधीग्राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** भूमिहीन घुमंतु परिवारों को सामूहिक रूप से एक जगह बसाने के लिए बोकारो जिला प्रशासन के प्रयास से गोमिया प्रखंड के सियारी में प्रधानमंत्री योजना मद से 41 पक्का मकान का निर्माण वर्ष पूर्व कराया गया। लेकिन जंगली हाथियों एवं अन्य वन्य जीवो व बदमाशों से सुरक्षित नहीं होने कारण विस्थापितों ने उन आवासों में रहने से इंकार कर दिया। बोकारो जिला प्रशासन ने चाहरदीवारी को आवश्यक मानते हुए स्वीकृति प्रदान कर दिया। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने पर संवेदक द्वारा युद्ध स्तर पर मजबूत चहारदीवारी निर्माण का कार्य अधिकारियों और अभियंताओं की देखरेख तथा निरीक्षण में किया जा रहा है। अब मजबूत चहारदीवारी का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है। पीसीसी और गेट निर्माण का कार्य जारी है। ज्ञातव्य है कि गोमिया प्रखंड के लिए सियारी एक ऐसा क्षेत्र है। जहां जंगली हाथियों का आना.जाना रहता है। इसलिए चहारदीवारी को काफी मजबूत बनाया गया है जिससे गांधीग्राम में रहने वाले लोग सुरक्षित रह सके। पूर्व से बने मकानों में शौचालय का निर्माण तथा पानी आपूर्ति की व्यवस्था के लिए भी जिला प्रशासन संकल्पित है। सांसद सीपी चौधरी और विधायक लंबोदर महतो सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने चहारदीवारी और पीसीसी पथ निर्माण कार्य की सराहना की है। लेकिन कुछ सुविधा भोगियों को इस कार्य से पेट मरोर रहा है क्योंकि संवेदक सिर्फ गुणवत्ता पूर्ण काम कर रहे हैं। सुविधा भोगियों की क्षुघा शांत करने की ओर कोई ध्यान नहीं

## डीवीसी कॉलोनी में पथ निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो प्रखंड के बैदकारो पूर्वी पंचायत के वार्ड 6 के डीभीसी न्यू कॉलोनी के प्रदीप भगत के दूकान से हिरक रोड तक पीसीसी पथ का बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी पंचायत ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

प्रमुख गिरजा देवी ने ने कहा कि यह सड़क 15 वें वित्त आयोग की राशि से निर्माण की जा रही है। इसकी लागत लगभग दो लाख पचास हजार रुपये होगी। इस दौरान उन्होंने पीसीसी सड़क निर्माण का शिलानयास करते हुए कहा कि सड़क निर्माण से पंचायत का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण के हो जाने से सड़क पर चलने लोगो को सुविधा होगी। लोगो ने सड़क निर्माण कराने को लेकर प्रमुख को धन्यवाद किया। मौके पर मखिया सीमा महतो सहित टीपू महतोए चंद्र महतोएवीरेंद्र महतोए कृष्णा महतोए रघुवीर पांडेयए सुरेश सिंह मौजूद थे।

## सिंदरी: सीटू करेगा हर्ल गेट पर प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिन्दरी ।** हर्ल प्रबंधन के मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में आगामी 18 जनवरी को ठेका मजदूर यूनियन हर्ल गेट पर एक दिवसीय जुलूस धरना प्रदर्शन व आमसभा करेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए रविवार को कल्याण केन्द्र सिन्दरी में सीटू से संबद्ध ठेका मजदूर यूनियन की विस्तारित बैठक गोपाल राय की अध्यक्षता में की गई। वक्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों जुलूस प्रदर्शन के माध्यम से हर्ल प्रबंधन को तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि इसपर कोई कार्रवाई नहीं करने से स्थानीय लोगों में उबाल है। आगामी 18 जनवरी को आयोजित आमसभा में सीपीआईएम के झारखंड राज्य सचिव प्रकाश विप्लव व जेबीसीसीआइ के सदस्य सुजीत भट्टाचार्य शामिल होंगे। बैठक में फैसला लिया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिन्दरी शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को गोलबंद करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सुंदर लाल महतो, ठेका मजदूर यूनियन के नेता काली सेनगुप्ता, अखिल भारतीय किसान सभा के नेता संतोष महतो, सिमरन विद, सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद गुप्ता, सीपीआईएम सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, राम लाल महतो, प्रजा पासवान सहित सैकड़ों ठेका मजदूर उपस्थित थे।

## खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए गोमिया विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के पोंडा स्थित खेल मैदान में सहयोगिनी संस्था के तत्वावधान में आयोजित टूनामेंट का बतौर मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख नियोति देएथाना प्रभारी रामाकांत गुप्ताए स्थानीय मुखिया हारू रजवारए पंसस रवि कुमारए नागेंद्र कुमार नायकए मंजू देवीए संस्था सचिव कल्याणी सागर ने फुटबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन किया। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि अब कबड्डी हो या फुटबॉल ए हर खेल में लड़कियां बाजी मार रही है। प्रमुख नियोति दे व संस्था सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन ही नहींए बल्कि कैरियर के रूप में देखने एवं नजरिया बदलने की जरूरत है ।टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में सोनपुरा ने पोंडा की टीम को 5 गोल से और दूसरे सेमीफाइनल में मंजुरा की टीम ने गर्री की टीम को 3 गोल से पराजित किया ।कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सोनपुरा की टीम ने गर्री की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया ।संस्था ने खिलाड़ियों को शील्डए मेडल व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।

## जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता 17 को

**धनबाद।** जिला जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता 17 दिसंबर को डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में सिर्फ 14 और 16 साल के बालक-बालिका खिलाड़ी ही भाग ले सकते है। 14 वर्ष के बालक-बालिका का जन्म 15.01.2009 से 14.01.2011 के बीच होना चाहिए।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल और मच्छरदानी का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/फुसरो।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा रविवार को अंगवाली मंडल अंतर्गत चलकरी उतरी पंचायत के नायक टोला व गिरि टोला में गरीबए असहाय महिलाए दिव्यांग व जरूरत मन्दो के बीच कम्बल व मच्छर दानी का वितरण किया गयाए प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने चलकरी के उप मुखिया संजय कुमार मंडलए पूर्व मुखिया लट्टू राम केवटए पूर्व सरपंच नागेंद्र मंडलए समाजसेवी अनूप लाल नायक आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कियाए श्री सिंह ने कहा कि बढ़ती ठंड एवं मच्छरो के प्रकोप को देखते हुए पार्टी के निर्देश पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा सेवा समर्पण भाव से अपने निजी मद से जरूरतमन्दो के बीच कम्बल व मच्छरदानी वितरण किया जा रहा हैए इस दौरान लोग कबंल व मच्छर दानी पाकर खुशी जाहिर किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजय दुबे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोहर नायक, उमेश प्रसाद नायक, बालगोविंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप विचार मंच ने समरेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

## श्रद्धांजलि सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच के तत्वावधान में स्थानीय सेक्टर चार स्थित वीर कुअर सिंह स्मारक स्थल में मंच के अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व विद्या सागर सिंह के संचालन में बोकारो के पूर्व विधायक व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री समरेश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह सहित रोहित लाल सिंहए उदय सिंहए रंजेश सिंहएभईया आर एन ओझाएशंकर रजकएकृष्ण कुमार मुन्नाए ए के वर्मा एजय देव राय एमाणिक राय चितरंजन सावएअखिलेश्वर प्रसाद महतो एबिनोद सिन्हाएरविंद्र सिंहएविद्या सागर सिंहएवीर भद्र प्रसाद सिंह विनय आनन्दएसुधा सिंह लीला देवी गौतम सिंह एराजा जनक मुकेश सिंह, नीरज कुमार सिंह द्वारिका नाथ सिंह सुनील सिंह मनोज सिंह एसंत सिंह बिनोद सिंह राजू दुबे, शैलेश सिंह, अतुल सिंह एनागेंद्र सिंह अखिलेश सिंह मनीष सिंहएललन चौधरी योगेंद्र चौधरीए राम सिंहएललन सिंहएमुकेश सिंह राजीव सिंह एशशि सिंहएबिनोद सिंह भीम सिंह आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और दो मिनट का मौन रखा। सांसद ने कहा कि वीर समरेश दादा राजनीति के दादा एवं यथार्थ में वीर थे जिसे उन्होंने अपने कर्मों से चरितार्थ किया ।मंच के अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की दादा जैसा नेता कभी कभी ही पैदा होते हैं एमंच ने अपना अभिभावक खोया हैएजिसकी भरपाई मुश्किल है।

एक नजर में

## लोयाबाद थाना क्षेत्र से डंके की चोट पर हो रही है लोहे की चोरी

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत वासदेवपुर रीजनल स्टोर के समीप बस्ती के पीछे बंद पड़े हवा घर से लोहा तस्करों द्वारा दिन के उजाले में लोहा काटने का सिलसिला जोरों से जारी है। बताया जाता है कि वह बंद पड़े हवा घर में पूर्व में भराई का बीसीसीएल द्वारा किया गया था। जिससे भारी मात्रा में लोहा का एंगल रेल निकाला गया जिसकी कीमत लगभग लाखों में है जिसे शनिवार को संध्या 4:00 से लोहा तस्कर खुलेआम काट रहे थे। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने लोयाबाद थाना प्रभारी को भी दी। लोहा तस्करों का मन इतना बड़ा हुआ है कि उक्त भराई को हटाकर भी लोहे की तस्करी की जा रही है बंद पड़े हवा घर में भारी मात्रा में लोहे की कटाई होने के बारे में बीसीसीएल प्रबंधन अवधेश कुमार से पूछे जाने पर बताया कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है लोहा की कटाई की सूचना मिलने पर मौके पर लोयाबाद थाने के एसआई निरंजन कुमार महतो जाकर दबिश दे रहे हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो बिना सीआईएसएफ की मिलीभगत कितना बड़ा काम हो सकता है।

## जेएमएम अध्यक्ष रतीलाल टूडू का मनाया गया जन्मदिन, लोगों ने दी बधाई



**तेतुलमारी।** बाघमारा निवर्तमान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष रतिलाल टुडू का जन्म दिन पर उनके समर्थकों ने फुलों की गुलदस्ता देकर बधाई व शुभकामनाएं दिया । श्री टुडू के आवास तीलाताड़ में सुबह से पार्टी के अधिकारी और कार्यकताओं ने जन्म दिन की बधाई देने के लिए पहुंच रहे थे। दोपहर बाद जन्म दिन का केक रतिलाल टुडू ने काटा कर खुशी जाहिर करते हुए सभी को शुभकामना दिया । धनबाद हीरक रोड में सिटी हार्ट होटल में अभी समर्थकों के द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर जेएमएम के जिला अध्यक्ष रमेश टुडू, मुखिया अर्जुन भुइयां, धनबाद जिला मीडिया प्रभारी अनुरब सरकार, इम्तियाज,टिंकू अंसारी, रितिक सिंह ,मुकेश गुप्ता ,मन्नू ,जाहिद अंसारी,रोनक सिन्हा, सुरेंद्र चौहान, इफ्तिखार अहमद, जाहिद कुरैशी, मुन्ना सिद्दीकी मौजूद रहे।

## पदाधिकारियों संग डीसी ने कई स्थलों का किया निरीक्षण

**बोकारो।** उपायुक्त व टीम ने सेक्टर छह स्थित बोकारो स्टील कालेज परिसर में बने अनुसूचित जनजाति छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास के सौंदर्यीकरणए मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करनेए रंग द्द रोगन आदि कराने को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी सुदीप एक्का एवं भवन प्रमंडल विभाग के अभियंता को जरूरी निर्देश दिया। उपायुक्त ने सेक्टर वन बी स्थित तिरंगा पार्क समीप पांच एकड़ भूमि का भी जायजा लिया। भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उन्होंने डीडीसीए एसी को जरूरी दिशा.निर्देश दिया ।अग्रसेन भवन समीप विद्यालय के खाली पड़ी भूमि का जायजा लेते हुए विद्यालय परिसर के मुद्दे पर बीएसएल प्रबंधन से पत्राचार करने को कहा ।मौके पर नोडल चिकित्सा पदाधिकारी डाण एन पी सिंहए विशेष पदाधिकारी विवेक सुमनए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारतीए सीएसआर के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमारए सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार उपस्थित थे।

## समाजसेवी कीर्तिवास झा ने शॉकपिट का निर्माण करवाया

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या19 स्थित कापासारा हाडीकुली में नाली की समस्या को देखते हुए नागरिकों की मांग पर समाजसेवी कीर्तिवास झा ने रविवार को शोकपिट का निर्माण करवाया। झा ने बताया कि लोगों के घरों का पानी रास्ता व सड़क पर बहने के कारन लोग परेशान थे इसी को देखते हुए नागरिकों की मांग पर यहां पर शोकपिट का निर्माण करवाया गया। मौके पर राजु बाउरी,विक्की बाउरी,रमेश बाउरी, मनोज बाउरी,रेणु बाउरी, सीता देवी, कमला देवी, दुर्गा देवी, सुरेश अग्रवाल मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### ऐसे प्रदर्शन से...

जहां खेल प्रेमी और आम जनता इसको देख रहे हैं। हॉकी इंडिया की इस पहल से विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के प्रति एक माहौल तैयार होगा।

**तैयारी जोरों पर :** ओड़िशा के राउरकेला और भुवनेश्वर में 13 जनवरी होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की तैयारियां जोरों पर है। इसी कड़ी में वर्ल्ड कप ट्रॉफी का देश के विभिन्न राज्यों के खेल प्रेमियों के अवलोकन के उद्देश्य से हॉकी इंडिया ने वर्ल्ड कप टूर का आयोजन किया है। कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड कप ट्रॉफी मोरहाबादी मैदान और सीएम आवास लाया गया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, हॉकी झारखंड के अध्यक्ष और हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे, पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा मौजूद थे। सांसद संजय सेठ ने कहा हमारे सामने हॉकी वर्ल्ड कप है। 29 जनवरी को हमारी टीम जीतेगी और हमलेग भी उनका उत्साह बढ़ायेंगे।

**तीन अलग-अलग धातु से बनी है ट्रॉफी :** ट्रॉफी का इतिहास काफी पुराना है, हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का इतिहास 51 साल पुराना है। इस ट्रॉफी का निर्माण 27 मार्च, 1971 में पाकिस्तानी आर्मी के बशीर मोजिद ने ट्रॉफी का डिजाइन ब्रुसेल (बेल्जियम) में तैयार किया था। इस ट्रॉफी में तीन अलग-अलग धातु हैं। ऊपर का हिस्सा सोना, बीच का हिस्सा सिल्वर और नीचे का हिस्सा आइवरी से बना है। 1971 में पहली बार हॉकी विश्वकप का आयोजन स्पेन में किया गया था, जिसमें 10 टीमों ने भाग लिया था।

### 15 फरवरी से ...

इसके साथ ही सीबीएसइ ने बोर्ड ने सभी संबंधित स्कूलों को 1 जनवरी से शुरू हो रहे प्रैक्टिकल तय समय सीमा के भीतर पूरा कर लेने के स्पष्ट निर्देश भी जारी किये हैं। सीबीएसइ बोर्ड का कहना है कि 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जल्दी ही जारी की जायेगी। बोर्ड का कहना है कि उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर ही टाइम-टेबल जारी किया जायेगा। छात्रों से कहा है कि उन्हें किसी भी अन्य डेट शीट या सोशल मीडिया पर शेयर की जाने वाली जानकारी से भ्रमित नहीं होना चाहिए, किसी भी जानकारी की पुष्टि बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से की जा सकती है।

### विधानसभा का शीतकालीन ...

इस बीच झारखंड के ताजा सियासी हालात के मद्देनजर हंगामे के भी आसार हैं।

जानकारी के मुताबिक झारखंड में इस समय सियासी हलचल तेज है। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में ईडी की कार्रवाई का सरकार सामना कर रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के संबंध में चुनाव आयोग का मंतव्य भी राजभवन पहुंच गया है। जाहिर है विपक्ष इसे मुद्दा बनायेगा। इन दिनों राज्य बिजली संकट का भी सामना कर रहा है। भाजपा ने बिजली संकट को लेकर राजभवन के सामने धरना प्रदर्शन भी किया है। इसके अलावा भ्रष्टाचार और कानून.व्यवस्था के मुद्दे पर भी विपक्ष राज्य सरकार को घेरने का प्रयास करेगा।

